माघ कृष्ण पक्ष, दशमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कानपुर
सोमवार, 5 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक 165, पृष्ठ --14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार



अयोध्या में राम मंदिर के बाद दहशत में बांग्लादेशी हिंदू 14

पहली बार मुंबई आते ही शाहरुख को पड़ा था थप्पड़ 2




## एक नजर

### ब्रांड इंडेक्स-24 में मुकेश अंबानी दुनिया में नंबर 2



**नई दिल्ली।** ब्रांड संरक्षण सूचकांक 2024 में मुकेश अंबानी शीर्ष भारतीय के रूप में शामिल हुए हैं। जबकि विश्व स्तर पर दूसरा स्थान मिला है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक ने माइक्रोसॉफ्ट के सत्य नडेला और गूगल के सुंदर पिचाई को पीछे छोड़कर वैश्विक स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया। सूचकांक में उनसे आगे सिर्फ टेनसेंट के हुआतेंग मा हैं। प्रशासन ब्रांड फाइनेंस के अनुसार ब्रांड संरक्षक सूचकांक उन सीईओ की पहचान करता है, जो सभी हितधारकों - कर्मचारियों, निवेशकों और व्यापक समाज की जरूरतों को संतुलित करके, स्थायी तरीके से व्यावसायिक मूल्य का निर्माण कर रहे हैं। इस सूचकांक में टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को पांचवां स्थान मिला है।

### पिल्ले को ऊंचाई से फेंका, मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** ग्रेटर नोएडा पुलिस ने एक नाबालिग लड़के द्वारा कथित तौर पर ऊंचाई से एक कुत्ते के बच्चे को जानबूझकर सड़क पर फेंकने की घटना को लेकर की कई शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने रविवार को कहा कि इस घटना में कुत्ते के बच्चे की मौत हो गई ।पीपुल फॉर एनिमल्स के एक स्वयंसेवी द्वारा दर्ज कराई प्राथमिकी के अनुसार, 9-10 साल का लड़का एवेन्यू गौड़ सिटी-2 का निवासी है।

# प्राचीनता और आधुनिकता के साथ उप्र को विकास की रेस कराएगा बजट

## विधानमंडल में आज सुबह 11 बजे वित्त मंत्री सुरेश खन्ना 8वीं बार पेश करेंगे बजट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य विधानमंडल में सोमवार को पेश होने जा रहा वार्षिक बजट 2024-2025 उप्र. में प्रचीनता और आधुनिकता को साथ लेकर विकास की रेस करने वाला होगा। अब तक के सबसे बड़े बजट का आकार करीब 7.70 लाख करोड़ के आसपास संभव है। इसमें प्रयागराज महाकुंभ के साथ अयोध्या, वाराणसी और मथुरा जैसे धार्मिक स्थलों के विकास ही नहीं औद्योगिक गलियारों व मेट्रो, एक्सप्रेस-वे विस्तार के लिए भी बजट दिए जाना है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना 8वीं बार बजट पेश करने वाले हैं जिसमें इस बार आगामी लोकसभा चुनाव की झलक देखने को मिलेगी।

प्रदेश का बजट केंद्र सरकार के अंतरिम बजट का समर्थन करते हुए दिखेगा। उधर, केन्द्र के अंतरिम बजट में भी उप्र. के लिए कई प्राविधान किए गए हैं। वित्तमंत्री ने भी स्पष्ट किया है कि अंतरिम बजट-2024-25 में उप्र को केन्द्रीय करों में राज्यांश के हिस्से के रूप में 2,18,816 करोड़ रुपये मिलने का अनुमान है। उप्र. के बजट में युवा, किसान, महिलाओं के अलावा पर्यटन आदि को लेकर घोषणाएं रहेंगी ।उप्र. के बजट में प्रयागराज में महाकुंभ की तैयारियों के लिए खास व्यवस्था की जा रही है। साथ ही अयोध्या, वाराणसी और मथुरा जैसे धार्मिक स्थलों के विकास पर भी बजट मिलना है। इसके अलावा 3-4 औद्योगिक गलियारों के विकास को धनराशि की स्वीकृति है। लखनऊ मेट्रो विस्तार के साथ ही गोरखपुर, वाराणसी और प्रयागराज मेट्रो के लिए भी बजट मिलना है।

गौरतलब है कि, वित्त वर्ष 2023-24 के लिए उत्तर प्रदेश का 6 लाख 90 हजार करोड़ रुपये बजट था। इसमें किसानों को मुफ्त बिजली देने के लिए 900 करोड़ रुपये, गन्ना भुगतान के लिए 400 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया था।

### मुख्यमंत्री ने बुलाई कैबिनेट



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार की सुबह मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई है। इसमें बजट के मसौदे को मंजूरी दी जाएगी। इसके बाद सुबह 11 बजे बजट विधानसभा में पेश किया जाएगा। चुनावी साल होने के चलते बजट में जनसुविधाओं के उपहार देने की कोशिश रहेगी। बजट के बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू होगा। 6 और 7 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा जारी रहेगी।

- **अब तक का सबसे बड़ा बजट, आकार करीब 7.70 लाख करोड़ रुपये संभव**
- **प्रयागराज महाकुंभ, अयोध्या, वाराणसी और मथुरा जैसे धार्मिक स्थलों को महत्व**
- **औद्योगिक गलियारों के साथ एक्सप्रेस-वे, मेट्रो के विस्तार को भी मिलेगा धन**



अपने कार्यालय में बजट दस्तावेज को अंतिम रूप देते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना।

### 1 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने का आधार

**लखनऊ।** वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बजट पर रविवार को अपने कार्यालय कक्ष में हस्ताक्षर कर अंतिम रूप दिया। उन्होंने बताया कि यह बजट वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प पर आधारित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह बजट राज्य को 1 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने का मजबूत आधार बनेगा। वित्त मंत्री के मुताबिक, यह बजट उप्र. में प्राचीन सांस्कृतिक गौरव की पुनर्स्थापना के साथ ही विकास के सभी आधुनिक मापदंडों पर चलने का एक दस्तावेज है। इस बजट में ऐसी सभी व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे कि सभी नागरिक कंधे से कंधा मिलाकर बिना किसी भेदभाव के भाईचारा के साथ राज्य के विकास में योगदान देंगे।

# 'फर्जी' वेब सिरीज देखकर छाप डाले 4 लाख के नकली नोट

**हैदराबाद।** हैदराबाद में पुलिस ने नकली भारतीय करेंसी छापने और उन्हें चलाने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि दोनों अभियुक्तों के पास से चार लाख रुपये से ज्यादा के नकली नोट बरामद किए गए गए हैं।



- **हैदराबाद पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार**

पुलिस इंस्पेक्टर अंजनेयुलु के मुताबिक मुख्य अभियुक्त वनम लक्ष्मीनारायण ने नकली नोट छापने के लिए एक स्क्रीन प्रिंटर, ग्रीन फॉइल पेपर, जेके एक्सेल बॉन्ड पेपर, कटर और एक लेमिनेशन मशीन का इस्तेमाल किया था। पुलिस का कहना है कि अभियुक्तों ने वेब सिरीज ''फर्जी'' से प्रेरित होकर नकली नोट छापे और उन्हें बाजार में चलाने का काम किया।

मुख्य अभियुक्त के कथित दोस्त एरुकला प्रणय कुमार को फल-सब्जी बाजार में 20 हजार के नकली नोट चलाने की कोशिश करते हुए पकड़ा गया। पुलिस का कहना है कि अभियुक्त के पास से 500 रुपये के 810 नकली नोट जब्त किए गए हैं। इसके अलावा पुलिस ने प्रिंटर, स्कैनर और अन्य चीजें भी जब्त की हैं।

# भारतीय दूतावास के कर्मचारी को एटीएस ने किया गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के लिए करता था जासूसी**
- **मास्को स्थित दूतावास में है सिक्योरिटी असिस्टेंट**

**अमृत विचार :** यूपी एटीएस ने रूस स्थित भारतीय दूतावास में काम करने वाले कर्मचारी को मेरठ से गिरफ्तार किया है। सत्येंद्र सिवाल का नाम का यह कर्मचारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए काम कर रहा था। सत्येंद्र 2021 से मास्को (रूस) स्थित भारतीय दूतावास में इंडिया बेस्ड सिक्योरिटी असिस्टेंट के पद पर कार्यरत है।



एटीएस को लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि आईएसआई के हैंडलरों द्वारा कुछ लोगों से विदेश मंत्रालय के कर्मचारियों को धन का लालच देकर भारतीय सेना से संबंधित देश की सामरिक व रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण, गोपनीय सूचनाएं प्राप्त की जा रही हैं। एटीएस ने तफ्तीश को विस्तार दिया तो हापुड़ जिले के हापुड़ देहात थानान्तर्गत शहमहीउद्दीनपुर निवासी सत्येन्द्र सिवाल की पहचान सामने आई। पता चला कि वह विदेश मंत्रालय में एमटीएस (मल्टी टास्किंग स्टाफ) के पद पर तैनात है। वर्तमान में मॉस्को, रूस स्थित भारतीय दूतावास में कार्यरत है। वह आईएसआई के हैंडलर्स के संजाल में संलिप्त होकर भारत विरोधी कृत्यों में लिप्त है। रुपयों के लालच में भारत के दूतावास, रक्षा मंत्रालय एवं विदेश मंत्रालय तथा भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों की सामरिक गतिविधियों के संबंध में महत्वपूर्ण गोपनीय सूचनाओं को आईएसआई के हैंडलर्स को उपलब्ध करा रहा है। पुख्ता सबूत के बाद सत्येन्द्र सिवाल को एटीएस फील्ड यूनिट मेरठ पर बुलाकर पूछताछ की गई। बाद में सख्ती से पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।

### विदेश मंत्रालय भी जांच में शामिल

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय मॉस्को में पदस्थ भारतीय दूतावास के कर्मचारी को कथित तौर पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में यूपी पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने से संबंधित मामले में जांच अधिकारियों के साथ काम कर रहा है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को कहा कि विदेश मंत्रालय इस मामले में जांच अधिकारियों के साथ काम करना जारी रखेगा।

# ठंडी हवाओं के बीच बारिश ने गिराया पारा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कई दिनों से निकली धूप की जगह रविवार सुबह बादलों ने ले ली। दिन भर रुक-रुककर बारिश हुई। मौसम विभाग ने जारी अलर्ट में आगे भी बारिश होने और ओले गिरने की संभावनाएं जताई हैं।

आंचलिक विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एके सिंह के अनुसार, प्रदेश में कई दिनों से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया था। जिसका असर रविवार को देखने को मिला। सुबह से प्रदेश के कई जनपदों में बारिश हुई। लखनऊ सहित कई इलाकों में तेज और ठंडी हवाएं भी चलीं। मौसम विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, रात और दिन के तापमान में आंशिक परिवर्तन हुआ है। लखनऊ का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री रहा। वहीं अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आसपास के जनपदों के तापमान में भी एक से दो डिग्री का बदलाव देखने को मिला है।



- **कई दिनों से खिली धूप हुई नदारद, आलोवृष्टि की चेतावनी**

### पश्चिमी जिलों में वज्रपात के आसार

प्रदेश के पश्चिमी जिलों में आगे भी बारिश के आसार बने हुए हैं। मौसम विभाग ने संभावना जताई हैं कि बारिश के साथ कहीं-कहीं सतही हवाओं के साथ वज्रपात भी हो सकता है।

### प्रदेश का सबसे ठंडा शहर रहा शाहजहांपुर

गिरते तापमान के बीच प्रदेश का सबसे ठंडा शहर शाहजहांपुर रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 8 डिग्री दर्ज हुआ। जबकि कानपुर ग्रामीण का न्यूनतम श्रेणी में अधिकतम तापमान 14 .9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

**बरेली में छाया रहेगा कोहरा :** मौसम वैज्ञानिक के अनुसार सोमवार को बरेली, पीलीभीत जनपदों में कोहरा छाया रह सकता है। मेरठ, मुरादाबाद, रामपुर जनपदों में भी ऐसी ही स्थिति देखने को मिलेगी।

# समान नागरिक संहिता का मसौदा कैबिनेट से मंजूर

ब्यूरो, देहरादून

- **उत्तराखंड विस के आज से शुरू हो रहे सत्र में रखा जाएगा मसौदा**

**अमृत विचार :** प्रदेश कैबिनेट की बैठक में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को मंजूरी दे दी गई है। अब 5 से 8 फरवरी तक होने वाले विधानसभा सत्र में सदन के पटल पर मसौदे को रखा जाएगा।

उत्तराखंड में धामी कैबिनेट की 24 घंटे के भीतर दूसरी बैठक रविवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आवास पर संपन्न हुई। इस बैठक में यूनिफॉर्म सिविल कोड के मसौदे का प्रस्तुतिकरण व अवलोकन किया गया। मंत्रिमंडल के सदस्यों ने ड्राफ्ट पर चर्चा कर मंजूरी दे दी, साथ ही विधानसभा सत्र में सदन के पटल पर रखने का अनुमोदन कर दिया। सदन में पारित होते ही उत्तराखंड देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने वाला पहला राज्य बन जाएगा।

यूनिफॉर्म सिविल कोड या समान नागरिक संहिता में देश में सभी धर्मों, समुदायों के लिए एक समान, एक बराबर कानून बनाने की वकालत करता है। आसान भाषा में कहा जाए तो इस कानून का मतलब है कि देश में सभी धर्मों, समुदायों के लिए कानून एक समान होगा। यह संहिता संविधान के अनुच्छेद 44 के तहत आती है।

# वे चाहते हैं हम भाजपा से जुड़ें : केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) चाहती है कि हम उनकी पार्टी से जुड़ें, लेकिन हम झुकेंगे नहीं। केजरीवाल की टिप्पणी ऐसे समय आई है जब दिल्ली पुलिस भाजपा द्वारा आप विधायकों की कथित खरीद फरोख्त करने संबंधी आरोप की जांच से मुख्यमंत्री को जुड़ने को कह रही है। वह आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के मामले में भी ईडी के समन का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार की ओर से किए जा रहे विकास कार्य नहीं रुकेंगे, भले ही उन्हें जेल भेज दिया जाए। मुख्यमंत्री उत्तर पश्चिमी दिल्ली के किराड़ी गांव में दो सरकारी स्कूलों के शिलान्यास समारोह में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर रहे थे।



- **हम झुकेंगे नहीं, भले ही मुझे जेल भेज दिया जाए**

केजरीवाल ने आरोप लगाया कि मनीष सिसोदिया को जेल में डाल दिया गया, क्योंकि उन्होंने स्कूल बनाए। सत्येन्द्र जैन को जेल भेजा गया क्योंकि उन्होंने मोहल्ला क्लीनिक बनाए। ईडी और सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों को आप नेताओं के पीछे लगा दिया गया है। उन्होंने दावा किया कि भले ही आप केजरीवाल को जेल में डाल दें, लेकिन स्कूल और मोहल्ला क्लीनिक बनाने और दिल्ली के लोगों को मुफ्त इलाज प्रदान करने के काम नहीं रुकेंगे। केंद्रीय बजट पर कहा कि इसमें स्कूलों और अस्पतालों के लिए कुल बजट का केवल चार प्रतिशत आवंटित किया गया है।

### आतिशी को दिया नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा का एक दल रविवार को वित्त मंत्री आतिशी के आवास पर पहुंचा और भाजपा द्वारा आम आदमी पार्टी के विधायकों की खरीद-फरोख्त की कोशिशों के आरोपों के संबंध में उन्हें एक नोटिस दिया। अपराध शाखा का दल रविवार अपराह्न 12 :55 बजे दूसरी बार आप नेता के आवास पर पहुंचा और उनके कर्मचारी को नोटिस सौंपा। उन्हें नोटिस पर पांच फरवरी तक जवाब देने को कहा गया है।

# सरकारी गोशाला में ठंड से 12 गोवंशों की मौत

संवाददाता, गंजडुंडवारा (कासगंज)

- **गोवंशों को सर्दी से बचाव न ही चिकित्सीय सेवा के इंतजाम**

**अमृत विचार :** कासगंज जिले के गंजडुंडवारा क्षेत्र के गांव रायो में कई करोड़ की लागत से करीब दो माह पहले खोले गए वृहद गोसंरक्षण केंद्र अव्यवस्था की भेंट चढ़ गया। जिम्मेदारों की अनदेखी और लापरवाही के चलते अलग-अलग शेड में बंधे गोवंशों को ठंड से बचाने का कोई इंतजाम नहीं किया गया जिसके चलते शनिवार रात में एक साथ 12 गोवंशों की मौत हो गई।

लापरवाही का आलम यह है कि भीषण सर्दी में शेडों के ऊपर तिरपाल तक नहीं ढका गया है। गोशाला में हर तरफ कीचड़ है। गोवंश खुले शेड में बांधे गए हैं। गोवंशों की मौत होने के बाद अब जिम्मेदार एक दूसरे की कमियां बताते हुए जांच कराकर दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई की बात कह रहे हैं। वहीं रायो के ग्राम प्रधान राधाकृष्ण का कहना है कि बैंक में खाता न खुलने की वजह से प्रशासन की ओर से गोशाला के लिए कोई अनुदान नहीं दिया गया है। अभी ठेकेदार और पंचायत स्तर से रखरखाव के इंतजाम कराए जा रहे हैं। जिला प्रशासन की अनदेखी की वजह से हालात बिगड़े हैं।

> खंड विकास अधिकारी एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को गोशाला भेजा गया है। सभी गायों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। जांच करा दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। - **सचिन यादव**, मुख्य विकास अधिकारी।

# गोवंश की खुराक का नहीं दिया हिसाब, रुका बजट

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** पिछले वर्ष सितंबर में निराश्रित गो वंश के भरण-पोषण में खर्च हुई धनराशि का 10 जिले पशु पालन विभाग को हिसाब नहीं दे पाए हैं।

इस कारण बलरामपुर, श्रावस्ती, सीतापुर, शाहजहांपुर, कानपुर नगर, हमीरपुर, झांसी, हरदोई, अलीगढ़ व बदायूं को आगे का बजट नहीं मिला है। इस लापरवाही से गो शालाओं में संरक्षित गो वंश का भरण-पोषण करना मुश्किल हो रहा है। फिर भी जिम्मेदार विभाग खर्च धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र नहीं उपलब्ध करा रहे हैं। कहीं निजी तो कहीं उधार भूसा, चारा व दाना खरीदा जा रहा है। इस अव्यवस्था से पशुपालक परेशान हैं।



- **10 जिलों ने अक्टूबर से नहीं मांगा पशुपालन विभाग से भरण-पोषण का बजट**
- **कहीं उधार लेकर तो कहीं निजी संसाधनों से भर रहे गोवंश का पेट**

> सितंबर का उपभोग प्रमाण पत्र नहीं मिला है। इससे आगे का बजट रुका है। संबंधित जिलाधिकारी से पत्राचार किया है। शासन ने भी इस संबंध में निर्देश दिए हैं। जल्द समाधान हो जाएगा।
> - **आरएन सिंह**, निदेशक, पशुपालन विभाग

### कई जिलों ने वृहद गो संरक्षण केंद्रों के निर्माण का प्रस्ताव भी नहीं भेजा

आजमगढ़, झांसी, मऊ, कानपुर नगर, कानपुर देहात, सीतापुर व वाराणसी में वृहद गो सरंक्षण केंद्रों का निर्माण होना है। यह भी शासन की प्राथमिकता में है। इसके बाद भी शासन को संबंधित जिलों से निर्माण का प्रस्ताव नहीं भेजा गया है। इसके अलावा जिन नवीन अस्थायी गो आश्रय स्थलों का निर्माण व विस्तारीकरण किया जा रहा, जो लक्ष्य से कम है।

### शासन गंभीर, लेकिन विभाग नहीं

10 जिलों से उपभोग प्रमाण पत्र न मिलने की वजह से बजट की मांग अक्टूबर से नहीं की गई है। यह योजना मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में हैं। इसके बाद भी यह बड़ी लापरवाही है। इसके लिए शासन लगातार पत्राचार भी कर रहा है। हाल में मुख्य सचिव ने समीक्षा कर संबंधित जिलाधिकारी को डीबीडी फंड के लिए रिक्वेस्ट भेजने के निर्देश दिए थे। पशु पालन विभाग भी बराबर शासन का हवाला देकर उपभोग प्रमाण पत्र मांग रहा है ताकि आगे का बजट भुगतान कर सके।

# संवेदनशील परीक्षा केंद्रों की निगरानी करेगा एलआईयू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **उत्तर पुस्तिकाओं के कलेक्शन सेंटर की सुरक्षा के व्यापक इंतजाम**
- **22 फरवरी से 9 मार्च तक होंगी यूपी बोर्ड की परीक्षाएं**

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को नकलविहीन संपन्न कराने की व्यापक तैयारी की है। पूरा फोकस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर है। इसके लिए स्ट्रांग रूम से लेकर उत्तर पुस्तिकाओं के कलेक्शन सेंटर की सुरक्षा की फूलप्रूफ योजना है। साथ ही संवेदनशील और अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्रों की निगरानी के लिए एलआईयू की मदद ली जाएगी। परिवहन, ऊर्जा, स्वास्थ्य, नगर निगम से भी समन्वय स्थापित किया गया है।

यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 22 फरवरी से 9 मार्च तक चलेंगी। इस बार हाईस्कूल (29,47,325) और इंटरमीडिए (25,77,965) में कुल 55,25,290 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। प्रदेश भर में कुल 8265 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें राजकीय केंद्रों की संख्या 566 है, सवित्त परीक्षा केंद्र 3479 और वित्तविहीन 4220 परीक्षा केंद्र हैं। उप्र. माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए अनिवार्य रूप से सशस्त्र बल की व्यवस्था की जा रही है, ताकि पेपर लीक या कोई अन्य सिक्योरिटी ब्रीच न हो सके। उत्तर पुस्तिका के कलेक्शन सेंटर पर भी सुरक्षा की व्यवस्था की जा रही है।

# डेविस कप में भारत की पाकिस्तान पर ऐतिहासिक जीत

## 60 साल बाद दौरे पर पहुंची भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 4-0 से हराया, विश्व ग्रुप एक में बनाई जगह

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

60 साल बाद डेविस कप खेलने के लिए पहुंची भारतीय टेनिस टीम ने पाकिस्तान को 4-0 से हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। भारत के युकी भांबरी और साकेत माइनेनी की आसान जीत और निकी पूनाचा के विजयी पदार्पण से चिर प्रतिद्वंद्वी देश का दौरा पूरा करते हुए विश्व ग्रुप एक में जगह सुनिश्चित की। युकी और साकेत ने युगल मुकाबले में जीत के साथ भारत को प्ले ऑफ में 3-0 की विजयी बढ़त दिलाई।

शनिवार को 2-0 की बढ़त हासिल करने के बाद रविवार को युकी और साकेत ने मुजम्मिल मुर्तजा और अकील खान की मेजबान जोड़ी को 6-2, 7-6(5) से हराकर मुकाबले में पाकिस्तान पर भारत के दबदबे को बरकरार रखा।

पाकिस्तान ने युगल मुकाबले के लिए अकील को बरकत उल्लाह की जगह उतारा क्योंकि वह करो या मरो के इस मैच में अनुभवी खिलाड़ी चाहते थे। इस मुकाबले में हार भारत की जीत तय करती। युकी और साकेत ने मेजबान जोड़ी को कोई मौका नहीं दिया और इस मुकाबले में दोनों टीम के बीच का अंतर साफ दिखा।

पाकिस्तान की जोड़ी को साकेत की सर्विस का सामना करने में काफी परेशानी हुई। उन्होंने अपनी सर्विस पर बेहद कम अंक गंवाए और नेट पर भी शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय खिलाड़ियों के रिटर्न भी लाजवाब रहे और युकी ने कई बार पाकिस्तान के दोनों खिलाड़ियों के बीच से विनर लगाए। फिर 28 वर्षीय पूनाचा को मोहम्मद शोएब के खिलाफ बेमानी चौथा मैच खेलने के लिए उतारा गया, जिन्होंने इसमें 6-3, 6-4 से जीत हासिल की। इसके बाद पांचवां मैच नहीं खेला गया।



### अब तक सभी मैच जीता है भारत

टेनिस के विश्व कप के रूप में पहचानी जाने वाली इस प्रतियोगिता में भारत की आठ मुकाबलों में पाकिस्तान के खिलाफ यह आठवीं जीत है। भारतीय टीम अब सितंबर में विश्व ग्रुप एक में हिस्सा लेगी जबकि पाकिस्तान ग्रुप दो में रहेगा। भारतीय टीम ने कड़ी परिस्थितियों और अपने आसपास भारी सुरक्षा से अच्छी तरह सामंजस्य बैठाया और माहौल का अपने प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ने दिया।

## स्वीडन को हराकर ब्राजील ने पहली बार फाइनल के ग्रुप चरण में बनाई जगह

**हेल्सिंगबर्ग (स्वीडन), एजेंसी।** थियागो मोंटेइरो की अगुवाई में ब्राजील ने स्वीडन को शनिवार को 3-1 से हराकर पहली बार डेविस कप टेनिस फाइनल के ग्रुप चरण में जगह बनाई।

मोंटेइरो ने स्वीडन के इलियास यमेर को 4-6, 6-4, 6-2 से हराकर ब्राजील की जीत सुनिश्चित की। पुरुष युगल में ब्राजील के फेलिप मेलिगेनी और राफेल मातोस ने फिलिप बेरगेवी और आंद्रे गोरानसन की स्वीडन की जोड़ी को 6-2, 7-5 से शिकस्त दी। शनिवार को समाप्त हुए अन्य मुकाबलों में नीदरलैंड ने स्विट्जरलैंड को 3-2, जर्मनी ने हंगरी को 3-2, स्लोवाकिया ने सर्बिया को 3-0, कनाडा ने दक्षिण कोरिया को 3-1 और फिनलैंड ने पुर्तगाल को 3-0 से हराया।

## सीईओ नियुक्ति पर नहीं हटेंगे पीछे : पीटी उषा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारतीय ओलंपिक संघ की प्रमुख पीटी उषा ने रविवार को कहा कि उन्हें नवनियुक्त सीईओ पर पूरा भरोसा है और वह उनकी नियुक्त के फैसले से पीछे नहीं हटेंगी। बताते हैं कि ओलंपिक संघ कार्यकारी परिषद के अधिकांश सदस्य एक निलंबन आदेश पर हस्ताक्षर करेंगे, जिसमें सीईओ के रूप में रघुराम अय्यर की नियुक्ति को अमान्य घोषित किया जाएगा।

ओलंपिक संघ ने 6 जनवरी को आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स के पूर्व अधिकारी अय्यर को सीईओ नियुक्त किया था। उनकी नियुक्ति के कुछ हफ्तों में ही कार्यकारी परिषद के कई सदस्यों ने आरोप लगाया कि पीटी उषा ने उन पर दबाव बनाकर अय्यर की नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त किया। परिषद के 15 में से करीब 12 सदस्यों ने कहा था कि उनकी नियुक्ति को शीर्ष संस्था ने मंजूरी नहीं दी थी।

दिल्ली खेल पत्रकार संघ और भारतीय खेल पत्रकार महासंघ के समारोह में उषा से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि सीईओ काम कर रहे हैं और वह शत प्रतिशत पद पर बने रहेंगे।

समारोह में जाने माने पिस्टल निशानेबाज जसपाल राणा और बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने पीटी उषा को लाइफटाइम अचीवमेंट के लिए पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

# फॉर्म में लौटे गिल ने जड़ा शतक, इंग्लैंड को 399 रन का लक्ष्य

## इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 1 विकेट खोकर बनाए 67 रन, अभी जीत के लिए 332 रन की जरूरत

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**



पहली पारी में 396 रन बनाने वाली भारतीय टीम दूसरी पारी में 255 रन पर सिमट गई। हालांकि शुभमन गिल ने फॉर्म में वापसी करते हुए अपने कॅरिअर का तीसरा अर्धशतक जड़ा और इंग्लैंड को 399 रन का लक्ष्य देने में अहम भूमिका निभाई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट खोकर 67 रन बना लिए हैं। जैक क्राउली 29 और रेहान अहमद 9 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। इंग्लैंड को एकमात्र झटका 28 रन बनाकर खेल रहे बेन डकेट के रूप में रविचंद्रन अश्विन ने दिया। इंग्लैंड को जीत के लिए 332 रन की जरूरत है।

सुबह के सत्र में जेम्स एंडरसन ने दो विकेट चटकाकर इंग्लैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई। भारत ने दिन की शुरुआत बिना विकेट खोए 28 रन से की। टीम ने सुबह के सत्र में 102 रन जोड़े लेकिन कप्तान रोहित शर्मा (12), यशस्वी जायसवाल (17), श्रेयस अय्यर (29) और रजत पाटीदार (09) के विकेट गंवाए। सुबह के सत्र में शुरुआती 30 मिनट एंडरसन के नाम रहे। उन्होंने दिन के अपने पहले ओवर में हल्की सी बाहर की ओर जाती गेंद पर रोहित का ऑफ स्टंप उखाड़ा। उन्होंने अगले ओवर में पहली पारी में दोहरा शतक जड़ने वाले जायसवाल को पहली स्लिप में जो रूट को कैच कराया। खराब फॉर्म से जूझ रहे गिल और अय्यर ने 81 रन जोड़कर पारी को संभाला। गिल को एंडरसन ने काफी परेशान किया। बाद में गिल लय में आ गए और लेग स्पिनर रेहान अहमद के ओवर में लगातार दो चौकों के साथ अर्धशतक पूरा किया। अय्यर ने भी दूसरे छोर पर कुछ अच्छे शॉट खेले लेकिन हार्टले की गेंद पर बेन स्टोक्स ने मिड ऑफ से पीछे की ओर भागते हुए उनका शानदार कैच लपककर उनकी पारी का अंत किया। पदार्पण कर रहे पाटीदार ने रेहान की गेंद पर विकेटकीपर बेन फोक्स को कैच थमाया।



बेन डकेट का विकेट लेने के बाद खुशी जाहिर करते भारतीय टीम के खिलाड़ी। • एजेंसी

### शुभमन गिल ने जड़ा कॅरिअर का तीसरा टेस्ट शतक

तीसरे दिन शुरुआत में जूझने के बाद गिल ने अपना तीसरा टेस्ट शतक पूरा किया। गिल ने स्पिनरों के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाया। स्पिनर रेहान के ओवर में गिल ने छक्का जड़ा और फिर इसी ओवर में लगातार दो चौके मारे। गिल ने शोएब बशीर के पारी के 52वें ओवर में शतक पूरा किया। वह पिछली 13 पारियों में पहली बार 50 रन के आंकड़े को पार करने में सफल रहे। गिल हालांकि शतक पूरा करने के बाद बशीर की गेंद पर रिवर्स स्वीप खेलने की कोशिश में पवेलियन लौटे। गिल ने अपनी पारी में 11 चौके और दो छक्के मारे।

### स्कोर बोर्ड

**इंग्लैंड (पहली पारी-253) दूसरी पारी 67/1 (14 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जैक क्राउली नाबाद | 29 | 50 | 3/1 |
| बेन डकेट का भरत बो अश्विन | 28 | 27 | 6/0 |
| रेहान अहमद नाबाद | 9 | 8 | 2/0 |

**अतिरिक्त:** 1, कुल: 14 ओवर में एक विकेट: 67 रन, **विकेट पतन:** 1-50, **गेंदबाजी:** बुमराह 5-1-9-0, मुकेश 2-0-19-0, कुलदीप 4-0-21-0, अश्विन 2-0-8-1, अक्षर 1-0-10-0

**भारत (पहली पारी-396) दूसरी पारी 255/10 (78.3 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी का रूट बो एंडरसन | 17 | 27 | 3/0 |
| रोहित शर्मा बो एंडरसन | 13 | 21 | 3/0 |
| शुभमन गिल का फोक्स बो बशीर | 104 | 147 | 11/2 |
| श्रेयस अय्यर का स्टोक्स बो हार्टले | 29 | 52 | 2/0 |
| रजत पाटीदार का फोक्स बो रेहान | 9 | 19 | 1/0 |
| अक्षर पटेल पगबाधा बो हार्टले | 45 | 84 | 6/0 |
| कोना भरत का स्टोक्स बो रेहान | 6 | 28 | 1/0 |
| रविचंद्रन अश्विन का फोक्स बो रेहान | 29 | 61 | 2/1 |
| कुलदीप यादव का डकेट बो हार्टले | 0 | 5 | 0/0 |
| जसप्रीत बुमराह का बेयरस्टो बो हार्टले | 0 | 26 | 0/0 |
| मुकेश कुमार नाबाद | 0 | 2 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 03, कुल: 78.3 ओवर में ऑल आउट: 255 रन, **विकेट पतन:** 1-29, 2-30, 3-111, 4-122, 5-211, 6-220, 7-228, 8-229, 9-255, **गेंदबाजी:** एंडरसन 10-1-29-2, बशीर 15-0-58-1, रेहान 24.3-5-88-3, रूट 2-1-1-0, हार्टले 27-3-77-4

# पैरा निशानेबाजी विश्व कप का आयोजन खतरे में

**खेल मंत्रालय ने पैरालंपिक समिति को कर दिया है निलंबित, कर्णी रेंज में 6 से 15 मार्च तक होना है आयोजन**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय पैरालंपिक समिति को समय पर चुनाव नहीं कराने के कारण निलंबित करने के खेल मंत्रालय के फैसले के बाद अगले महीने भारत में पैरा निशानेबाजी विश्व कप की मेजबानी खतरे में पड़ गई है। कर्णी सिंह रेंज में 6 से 15 मार्च तक होने वाला यह विश्व कप भारत को आवंटित पहली बड़ी प्रतियोगिता है और इसमें पेरिस पैरालंपिक के 24 कोटा स्थान दांव पर लगे हैं। इसमें 52 देशों के 500 से अधिक निशानेबाजों के भाग लेने की उम्मीद है। यह फैसला ऐसे वक्त पर आया जब समिति आयोजन के अंतिम चरण में है।

### मंत्रालय का आरोप, संस्था ने जानबूझकर की चुनाव कराने में देरी

मंत्रालय का कहना है कि समिति के चुनाव में संस्था ने जानबूझकर देरी की। समिति का चार साल का कार्यकाल 31 जनवरी को समाप्त हो गया था। कार्यकाल समाप्त होने से पहले चुनाव होने थे। पीसीआई महासचिव गुरशरण सिंह ने रविवार को बताया कि मंत्रालय को सूचित किया गया है कि पैरा विश्व कप के कारण ही चुनावों में देरी हो रही है। चुनाव इस साल 27 जनवरी को होना था लेकिन पहली बार भारत को आवंटित पैरा विश्व कप के कारण चुनाव स्थगित करने पड़े। पैरा विश्व कप के बाद 28 मार्च में चुनाव की तारीखों की घोषणा की है। निर्वाचन अधिकारी भी नियुक्त कर दिया गया है। एक सप्ताह पहले मंत्रालय के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय पैरालंपिक समिति (आईपीसी) को चुनाव की तारीखों के बारे में सूचित किया है। उन्होंने कहा कि इस घटनाक्रम से देश की प्रतिष्ठा खराब होगी। टूर्नामेंट का आयोजन न होने पर आईपीसी समस्याएं पैदा कर देगा। कहा कि हम सरकार से कोई पैसा नहीं लेते हैं लेकिन सबसे बड़ी बाधा प्रायोजक हैं, उनमें से कई सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम हैं, जो अब शायद भुगतान जारी न करें।

### मंत्रालय ने साई को दिया तदर्थ समिति बनाने का निर्देश

मंत्रालय ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) को आईपीसी के साथ समन्वय करके एक तदर्थ समिति बनाने का निर्देश दिया है जिसमें प्रतिष्ठित प्रशासक और खिलाड़ी शामिल होंगे जो पीसीआई के कार्यों का निर्वहन करेंगे और स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराएंगे। वहीं गुरशरण का कहना है कि मान्यता निलंबित करने से पहले कम से कम एक नोटिस तो दिया जाना चाहिए था। यह पूछे जाने पर कि क्या पैरा विश्व कप को भारत से छीनकर किसी अन्य देश को दिए जाने की संभावना है तो गुरशरण ने इससे इनकार किया। हालांकि एक सूत्र ने बताया कि दक्षिण कोरिया इस टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए काफी उत्सुक है।

# भारत ए ने 2-0 से जीती टेस्ट श्रृंखला

**403 के मुश्किल लक्ष्य का पीछे करने उतरी इंग्लैंड लायंस 268 रन पर हुई ढेर, मुलानी ने झटके 5 विकेट**

**अहमदाबाद, एजेंसी**

भारत ए ने अपने स्पिनरों के दमदार प्रदर्शन से रविवार को तीसरे और अंतिम अनौपचारिक टेस्ट के चौथे दिन इंग्लैंड लायंस पर 134 रन की शानदार जीत दर्ज की। इंग्लैंड लायंस की टीम 403 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरी पारी में 268 रन पर सिमट गई, जिससे भारत ए ने 3 मैच की श्रृंखला 2-0 से अपने नाम कर ली। मुंबई के बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी ने 60 रन देकर 5 विकेट और मध्य प्रदेश के ऑफ स्पिनर सारांश जैन ने 50 रन देकर 3 विकेट चटकाए, जिससे सुबह दो विकेट पर 83 रन से खेल शुरू करने वाली इंग्लैंड की दूसरी पारी सिमट गई। इंग्लैंड लायंस के सलामी बल्लेबाज एलेक्स लीस ने 41 रन से शुरूआत करते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया और वह अच्छी लय में दिख रहे थे। लेकिन मुलानी की गेंद पर पगबाधा आउट हो गए और उनकी 55 रन की पारी समाप्त हुई। तब इंग्लैंड का स्कोर चार विकेट पर 120 रन था लेकिन टीम ने 20 रन के अंदर 3 और विकेट गंवा दिए, जिससे उसका स्कोर 7 विकेट पर 140 रन हो गया।

मुलानी ने इंग्लैंड लायंस के कप्तान जोश बोहानन (18) और डैन मूस्ले (05) का विकेट हासिल किया। इंग्लैंड लायंस की टीम चुनौती दिए बिना आउट होने वाली नहीं थी। विकेटकीपर बल्लेबाज ओली रॉबिन्सन (80) और जेम्स कोल्स (31) ने आठवें विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी निभाकर टीम को 200 रन के पार कराया। मुलानी ने कोल्स आउट कर इस भागीदारी का अंत किया।

## खेल डायरी

### पार्थ भुत ने झटके 7 विकेट, सौराष्ट्र ने महाराष्ट्र को हराया

**सोलापुर (महाराष्ट्र)।** बाएं हाथ के स्पिनर पार्थ भुत के 7 विकेट से सौराष्ट्र ने एलीट रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच में रविवार को महाराष्ट्र पर 48 रन की जीत दर्ज की। पार्थ ने 44 रन देकर 7 विकेट चटकाए, जिससे सौराष्ट्र ने 213 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहे महाराष्ट्र को तीसरे दिन दूसरी पारी में 164 रन पर ढेर कर दिया। ऑफ स्पिनर युवराज सिंह डोडिया ने दो, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर धर्मेंद्र सिंह जडेजा ने एक विकेट चटकाकर पार्थ का अच्छा साथ निभाया। पहली पारी में जडेजा के 72 रन और प्रेरक मांकड़ (52) के साथ छठे विकेट की उनकी 118 रन की साझेदारी की भी सौराष्ट्र की जीत में अहम भूमिका रही। जडेजा ने पहली पारी में भी 4 विकेट चटकाए थे और पार्थ व डोडिया के साथ मिलकर महाराष्ट्र को पहली पारी में 159 रन पर समेटकर टीम को 43 रन की बढ़त दिलाई थी। सौराष्ट्र ने दूसरी पारी में 164 रन बनाकर महाराष्ट्र को 213 रन का लक्ष्य दिया। महाराष्ट्र ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 104 रन से की जिसके बाद सौराष्ट्र ने जीत की औपचारिकता पूरी की।

### शेरोन ने 10 किमी ओपन वाटर तैराकी स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक

**दोहा।** शेरोन वैन रूवेंडाल ने विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 किमी ओपन वाटर तैराकी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। शनिवार को कतर के दोहा में रियो 2016 में ओलंपिक स्वर्ण और टोक्यो 2020 में रजत जीतने वाली डच महिला ने स्पेन की मारिया डी वाल्डेस को पछाड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। वाल्डेस को रजत, पुर्तगाल की एंजेलिका आंद्रे को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। दो साल पहले बुडापेस्ट में स्वर्ण पदक जीतने के बाद 30 वर्षीय वैन रूवेंडाल का यह दूसरा विश्व खिताब है। महिलाओं की पांच किमी ओपन तैराकी स्पर्धा बुधवार को होगी।



### माली को 2-1 से हराकर आइवरी कोस्ट अफ्रीका कप के सेमीफाइनल में

**बोआके (आइवरी कोस्ट)।** ओमार डियाकिट के अतिरिक्त समय के इंजरी टाइम में दागे गए गोल की बदौलत 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे आइवरी कोस्ट ने शनिवार को क्वार्टर फाइनल में माली को 2-1 से हराकर अफ्रीका कप ऑफ नेशन्स फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। माली को 71वें मिनट में नेने डोरगेलेस ने बढ़त दिलाई। साइमन एडिनगरा ने 90वें मिनट में गोल दागकर आइवरी कोस्ट को बराबरी दिलाई और क्वार्टर फाइनल को अतिरिक्त समय में खींचा। डियाकिट ने इसके बाद मैच के 122वें मिनट में गोल करके मेजबान टीम की जीत सुनिश्चित की। मैच के अंत में डियाकिट और माली के हमारी तराओरे को लाल कार्ड दिखाकर मुकाबले से बाहर किया गया।

### ईरान एशियाई कप के सेमीफाइनल में पहुंचा

**अल रेयान (कतर)।** अलीरेजा जहानबख्श के अंतिम मिनट में पेनल्टी पर दागे गोल की बदौलत ईरान ने शनिवार को जापान को 2-1 से हराकर एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। ईरान ने 2004 के बाद से सिर्फ दूसरी बार टूर्नामेंट के अंतिम चार में प्रवेश किया है। ईरान सेमीफाइनल में टूर्नामेंट के मेजबान कतर से भिड़ेगा, जिसने उज्बेकिस्तान के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहने के बाद पेनल्टी शूट आउट में 3-2 से जीत दर्ज की। जहानबख्श ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के छठे मिनट में पेनल्टी पर गोल दागकर ईरान की जीत सुनिश्चित की। ईरान की नजरें 1976 के बाद अपना पहला और कुल चौथा एशियाई कप खिताब जीतने पर टिकी हैं। जापान को पहले हाफ में हिदेमासा मोरिता ने बढ़त दिलाई थी लेकिन मोहम्मद मोहेबी ने 55वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। दूसरी तरफ कतर और उज्बेकिस्तान के खिलाफ मुकाबला काफी करीबी रही। गत चैंपियन कतर को 27वें मिनट में हसन अल हेदोस ने बढ़त दिलाई। ओदिलजोल हामरोबेकोव ने 59वें मिनट में उज्बेकिस्तान को बराबरी दिला दी। पेनल्टी शूट आउट में दोनों गोलकीपर ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन पेड्रो मिगुएल ने निर्णायक पेनल्टी को गोल में बदलकर कतर की जीत सुनिश्चित की।

# बॉलीवुड हलचल

## लंदन और मुंबई में होगी रामायण की शूटिंग

डायरेक्टर नितेश तिवारी की फिल्म रामायण लगातार चर्चा बनी हुई है। रणबीर कपूर, साईं पल्लवी और यश की इस मेगा बजट मूवी पर हर किसी की निगाहें हैं और नितेश तिवारी अपनी इस फिल्म को लेकर कोई कसर नहीं छोड़ना चाह रहे हैं। फिल्म रामायण की कास्ट को लेकर आए दिन कुछ ना कुछ अपडेट आता रहता है। अब इस फिल्म की शूटिंग को लेकर खबर आई है। मेकर्स फिल्म रामायण की शूटिंग लंदन और मुंबई जैसे शहरों में करेंगे। इस फिल्म के इस अपडेट आने के बाद फैंस काफी खुश हैं और वह फिल्म के सिनेमाघरों में रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं




### फिल्म के लिए रणबीर कपूर ने छोड़ा शराब और मांसाहार का सेवन

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म रामायण के लिए रणबीर कपूर जल्द ही काम शुरू करेंगे। पहला शेड्यूल मुंबई में होगा। रणबीर कपूर 60 दिनों तक मुंबई में शूटिंग करेंगे। इसके बाद टीम लंदन के लिए रवाना होगी। लंदन में फिल्म का फिर से 60 दिन का शेड्यूल होगा और यहां पर लंका से जुड़ा हुआ भाग शूट किया जाएगा। फिल्म के उस हिस्से में यश के लंदन में उनके साथ जुड़ने की संभावना है। ऐसा लग रहा है कि लड़ाई-झगड़े का कुछ हिस्सा लंदन के एक स्टूडियो में फिल्माया जाएगा। रणबीर कपूर ने फिल्म में राम के रोल का सम्मान करते हुए शराब, मांसाहार के साथ पार्टी करना भी छोड़ दिया था। फिल्म में रणबीर कपूर राम, साईं पल्लवी सीता और यश का रावण का रोल करने वाले हैं।

## पहली बार मुंबई आते ही शाहरुख खान को पड़ा था थप्पड़



बॉलीवुड में किंग खान के नाम से मशहूर शाहरुख खान अपने संघर्ष के दिनों के किस्से अक्सर मंच पर साझा करते रहते हैं। अब शाहरुख खान ने एक इंटरव्यू के दौरान अपना एक दिलचस्प किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि जब वह मुंबई आए थे तो एक महिला ने यहां आते ही उन्हें थप्पड़ जड़ दिया था। दरअसल दिल्ली के रहने वाले शाहरुख खान को एक्टर बनने की चाहत मुंबई खींच लाई थी। शाहरुख खान ने अपने मुंबई आने के दौरान का एक किस्सा एक इंटरव्यू में बताया था। शाहरुख खान ने बताया था कि वह जब पहली बार मुंबई आए थे तो ट्रेन से आए थे और उन्होंने इसके लिए सीट बुक करवाई थी। शाहरुख खान ने बताया कि उनकी ट्रेन मुंबई के आसपास के इलाके में पहुंची तो स्थानीय लोग ट्रेन पर चढ़ने लगे और उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी। शाहरुख खान ने बताया कि जब उनकी सीट पर एक महिला और उसका परिवार बैठने लगा तो उन्होंने उनसे कहा कि यह उनकी सीट है और इसके लिए उन्होंने पैसे दिए हैं। उन्होंने महिला से कहा कि अगर वह चाहें तो बैठ सकती है लेकिन उसके साथ वाले लोग उनकी सीट पर नहीं बैठेंगे। उन्होंने बताया कि उनकी यह बात सुनकर महिला नाराज हो गई और उन्हें थप्पड़ जड़ दिया। बता दें कि साल 2023 शाहरुख खान के लिए धमाकेदार रहा था। वहीं इस समय शाहरुख खान के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्होंने साल 2023 में तीन फिल्मों पठान, जवान और डंकी में काम किया था। शाहरुख खान की ये तीनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थीं। शाहरुख खान आने वाले समय में कई प्रोजेक्ट में नजर आएंगे। हालांकि शाहरुख खान की तरफ से अभी इस बारे में कोई अधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

## अगले साल संक्रांति पर आमने-सामने होंगे प्रभास और चिरंजीवी



सुपरस्टार प्रभास और मेगा स्टार चिरंजीवी तेलुगु सिनेमा के दो सबसे बड़े सितारे हैं। प्रभास इन दिनों अपनी अपकमिंग मूवी राजा साब को लेकर चर्चा में हैं। ये एक हॉरर-कॉमेडी मूवी बताई जा रही है। जिसे निर्देशक मारुति डायरेक्ट करेंगे। इसका कुछ वक्त पहले ही पहला पोस्टर सामने आया था। इस पोस्टर में प्रभास लुंगी पहने दिखे। अब खबर है कि प्रभास अपनी इस फिल्म के साथ चिरंजीवी को टक्कर देने वाले हैं। दरअसल प्रभास की फिल्म राजा साब अगले साल संक्रांति पर सिनेमाघर पहुंचने वाली हैं। निर्माता विश्व प्रसाद ने इसकी पुष्टि की है। हालांकि अभी आधिकारिक तौर पर फिल्म की रिलीज डेट का एलान नहीं किया है मगर निर्माता इसे अगले साल संक्रांति पर रिलीज करने की कोशिश में हैं। अगले साल ही संक्रांति पर चिरंजीवी की भी अगली फिल्म विश्वंभरा रिलीज होने वाली है। इसके लिए 10 जनवरी 2025 की रिलीज डेट बुक भी कर दी गई है। अब अगर इस खास मौके पर प्रभास की फिल्म सिनेमाघर में पहुंचती है तो चिरंजीवी के लिए किसी परेशानी से कम नहीं होगी। क्योंकि तेलुगु राज्यों में इन दोनों ही स्टार्स का काफी क्रेज है। हालांकि प्रभास का क्रेज सबसे ज्यादा है।

### अगस्त में शुरू हो सकती है डॉन 3 की शूटिंग



बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह की आने वाली फिल्म डॉन 3 की शूटिंग अगस्त में शुरू हो सकती है। फिल्मकार फरहान अख्तर ने वर्ष 2023 में डॉन की तीसरी किस्त का एलान किया था। साथ ही साथ फरहान अख्तर ने नए डॉन के चेहरे की झलक भी दिखाई थी। फिल्म डॉन 3 में रणवीर सिंह लीड रोल में नजर आएंगे। फिल्म डॉन 3 को लेकर एक नया अपडेट सामने आ रहा है। कहा जा रहा है कि फिल्म डॉन 3 का प्री-प्रोडक्शन अगले महीने मार्च से शुरू होने वाला है। डॉन 3 फिलहाल कास्टिंग स्टेज पर है। वहीं शूटिंग शेड्यूल इस साल अगस्त महीने से शुरू होगा। इससे पूर्व डॉन फ्रेंचाइजी की दोनों फिल्मों में शाहरुख खान ने मुख्य भूमिका निभाई थी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### जंगल में मिले गोवंशों के अवशेष, दी गई तहरीर

चित्रकूट। बरगढ़ थानांतर्गत एक जंगल में गोवंश के अवशेष मिले हैं। मवेशी मालिक ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। बरगढ़ एसओ राकेश मौर्या ने बताया कि बरगढ़ थानांतर्गत ग्लास फैक्ट्री के पीछे महाराजा जंगल में रविवार को दो गोवंशों के अवशेष मिले। मामला गोकशी का लग रहा है। बताया कि इस संबंध में ग्रामीण ने अपने गोवंश की पहचान भी कर ली है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली जाएगी और इसके बाद ही जांच-पड़ताल की जाएगी।

### कानपुर द्वारा आयोजित स्वावलंबन वर्ग में लिया भाग

चित्रकूट। सेवा भारती के जिला महामंत्री राजकिशोर शिवहरे ने बताया कि कानपुर प्रांत द्वारा आयोजित स्वावलंबन वर्ग में चित्रकूट से गुरु प्रकाश शुक्ला, शिवकुमार, डॉ. सचिन उपाध्याय एवं मनीष कुमार ने प्रतिभाग किया। बैठक में शोषित, वंचित, पिछड़ों के स्वावलंबन पर चर्चा हुई।

### चोरी गई पानी की मोटर के साथ आरोपी गिरफ्तार

कटरा बाजार, गोंडा : पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के द्वारा अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान चोरी व नकबजनी की घटनाओं में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के क्रम में रविवार को एक चोरी का पानी मोटर के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि थाना क्षेत्र के गंडाही गांव के मजरे गड़रियन पुरवा निवासी निवासी विश्वनाथ पाल ने शनिवार को पानी मोटर चोरी का केस दर्ज कराया था। उसी क्रम में उपनिरीक्षक अरविंद कुमार सिंह व कांस्टेबल पंकज सिंह ने रविवार को अफरोज उर्फ ननके निवासी रंकी पुरवा गंडाही को चोरी की पानी मोटर के साथ गिरफ्तार कर कर लिया। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है।

# ई-रिक्शा को बचाने में बाइक भिड़ी, युवक की गई जान

## मारकुंडी तिराहे पर हुआ हादसा, बाइक सवार दो अन्य घायल

संवाददाता, मानिकपुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** ई-रिक्शा को बचाने के चक्कर में बाइकचालक नियंत्रण खो बैठा और बाइक इससे जा भिड़ी। युवक की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी घायल हो गए। इनमें से एक को प्रयागराज रिफर किया गया है।

घटना शनिवार रात की है। जानकारी के मुताबिक, सुभाषनगर इलाके का निवासी अमन रायकवार (22) पुत्र कैलाश चंद्र कस्बे में एक लाज में दोस्त की शादी समारोह में गया था। रात में लौटते समय उसको उसी के मोहल्ले के युवक रवि साहू और शैलेंद्र साहू भी मिल गए। आसपास कोई वाहन न मिलने की बात कहकर दोनों ने उसे भी बैठा लेने को कहा। इस पर तीनों बाइक



अमन रायकवार। (फाइल फोटो)

से घर जा रहे थे। रात लगभग साढ़े नौ बजे मारकुंडी तिराहे पर एक ई-रिक्शे को बचाने के चक्कर में अमन बाइक से नियंत्रण खो बैठा और बाइक ई-रिक्शे पर जा भिड़ी। इससे तीनों लोग गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया, जहां कुछ देर चले इलाज के बाद रवि को प्रयागराज रिफर कर दिया गया। अमन को जिला अस्पताल भेजा गया। रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि अमन के सिर और कमर में ज्यादा चोट आई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रवि को प्रयागराज रिफर कर दिया गया।

### बढ़ते ई-रिक्शा बन रहे हादसों का कारण

पूरे जिले में ई-रिक्शा की बढ़ती संख्या हादसों की वजह बनती जा रही है। पिछले एक साल में कई ऐसी छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हैं, जिनमें ई-रिक्शा दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं या फिर दुर्घटनाओं की वजह बने हैं। कम लागत में इन्हें खरीदकर बेरोजगार रोजीरोटी तो कमाने लगता है पर अब इन वाहनों की बढ़ती संख्या और इनसे हो रहे हादसे चिंता का विषय भी हैं।

### प्रोफेसर की कृत्रिम बुद्धि पर मॉडल का पेटेंट

सीतापुर (चित्रकूट)। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के प्रोफेसर नंदलाल मिश्र को महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। कार्यालयीन वातावरण में उभरते हुए तनाव को पहचानने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग की भूमिका पर उनके नए मॉडल को मान्यता मिली है। इसमें अन्य वैज्ञानिकों का भी योगदान है। प्रो. मिश्रा के इस कार्य को मान्यता प्रदान करते हुए पेटेंट कार्यालय के शासकीय जर्नल के 22 दिसंबर के अंक में प्रकाशित किया गया है। इस उपलब्धि पर ग्रामोदय विवि में खुशी का माहौल है। प्रो. मिश्रा ने बताया कि कई अन्य माडल पेटेंट के लिए भेजे जा चुके हैं।

# शिक्षकों के उत्पीड़न के एक नहीं सैकड़ों मामले: अखिलेश

**चित्रकूट कार्यालय:** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पांडेय ने बेसिक शिक्षा कार्यालय में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि उच्च प्राथमिक विद्यालय भरतकूप क्षेत्र के प्रधानाध्यापक गया प्रसाद बौद्ध का मामला इकलौता नहीं है। ऐसे उनके पास सैकड़ों उदाहरण हैं, जिनसे साबित होता है कि जो 'सिस्टम' में नहीं आया, उस पर कार्रवाई कर दी गई।

प्रधानाध्यापक गया प्रसाद का आरोप है कि वह डीएम के आदेशानुसार कोटे में खाद्यान्न वितरण कराने गए थे और बीईओ ने उनको गैरहाजिर मानते हुए रिपोर्ट दे



दी। इस पर बीएसए ने उनका वेतन काट दिया। जबकि बीईओ अतुल दत्त तिवारी का कहना था खाद्यान्न वितरण कराने का कोई आदेश ही नहीं है। शिक्षक गैरहाजिर थे, स्कूल में नहीं थे इसलिए वेतन काट दिया गया। इस मामले को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ने सख्त नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि शिक्षकों के उत्पीड़न के एक नहीं ऐसे प्रमाण सहित सैकड़ों मामले हैं। इनमें आनलाइन अवकाश स्वीकृत हैं पर इसके बाद भी वेतन कटा है। बताया कि बीईओ के माध्यम से कई शिक्षकों ने प्रत्यावेदन स्पष्टीकरण दिया पर कार्रवाई अभी भी लंबित है। बताया कि कई ऐसे मामले हैं, जिनमें बिना खंड शिक्षाधिकारी की आख्या के उसी दिन बीएसए आफिस जाकर शिक्षकों ने प्रत्यावेदन दिया और उसी दिन उसकी बहाली कर दी गई। उन्होंने कहा कि आदेश का डिस्पैच भी उसी दिन कर दिया गया। बताया कि खुद उनके मामले में डायरेक्टर के आदेश में स्पष्ट है कि पदोन्नति के लिए बीएसए दोषी है।

# गैर इरादतन हत्या में तीन गिरफ्तार

संवादादाता, मऊ (चित्रकूट)

**शिकंजा**

● खेत में बिछाए गए हाईटेंशन तार की चपेट में आई थी महिला

**अमृत विचार।** खेत में बिछाए हाईटेंशन तार की चपेट में आने से ग्रामीण महिला की मौत मामले में पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनसे दो बंडल लोहे का तार व लकड़ी भी बरामद की गई है।

25 जनवरी को फूलचंद्र पुत्र मोहन कोल निवासी सोसाइटी कोलान मजरा अमचुरनेरुआ ने मारकुंडी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि प्रधान उर्फ रामनरेश कोल पुत्र कैरा कोल, राजकुमार पुत्र चुक्की निवासीगण छेरिया बुजुर्ग व लवलेश कोल पुत्र दादूभाई निवासी कल्याणपुर ने छेरिया बुजुर्ग अंतर्गत कैरा के खेतों में जंगली जानवरों का शिकार करने के लिए करंट के तार बिछाए थे, जिनमें फंस कर उसकी भाभी शांति पत्नी रामकुशल कोल की मृत्यु हो गई।

थानाध्यक्ष मनीष कुमार की अगुवाई में पुलिसकर्मियों ने रविवार को प्रधान, राजकुमार और लवलेश को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में आरक्षी सतीश कुमार और प्रद्युम्न दुबे शामिल रहे।

# साईपुर गांव में तीन बच्चों की मां ने जहर खाकर दी जान

## पिता शिवबोधन बोले- सुखमय था बिटिया का दांपत्य जीवन

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता ने जहर खाकर जान दे दी। वह अपने पीछे तीन बच्चों को छोड़ गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मामला थानांतर्गत ग्राम साईपुर का है। मृतका के पिता शिवबोधन यादव निवासी लक्ष्मण पुरवा मजरा भदावल थाना बदौसा (बांदा) ने बताया कि उसने अपनी पुत्री मनीषा यादव की शादी



सन् 2013 में साईपुर निवासी अवधनारायण यादव से की थी। दोनों पूना (महाराष्ट्र) में रहकर सुखमय जीवन जी रहे थे। बताया कि रविवार सुबह ही पुत्री पूना से ससुराल साईपुर पहुंची थी। बताया कि सुबह परिजन खेतों की ओर चले गए तो उसने अपराह्न करीब ढाई बजे जहरीला पदार्थ खा लिया। अस्पताल ले जाते समय मनीषा की मौत हो गई।

घटना की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक श्याम प्रताप सिंह पटेल पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका के दो पुत्रियां तथा एक पुत्र है। पिता ने बताया कि उसका दांपत्य जीवन सुखमय था फिर पता नहीं ऐसा कदम क्यों उठाया। परिजनों व बच्चों का रो रो कर बुरा हाल हो गया।

### क्षेत्र का विकास ही पहली प्राथमिकता

**धानेपुर, गोंडा:** मेहनौन विधायक विनय द्विवेदी ने रविवार को विधानसभा क्षेत्र में दो सड़कों का शिलान्यास किया। इन दोनों सड़कों को निर्माण पर 1.20 करोड़ रुपये खर्च किए जायेंगे। सड़क या शिलान्यास करते हुए विधायक ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है।

मेहनौन विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत पृथ्वीपालगंज ग्रन्ट के मजरे सालिकरामडीह तक जाने के लिए पक्की सड़क नहीं थी। इसी तरह सोमरही गांव के मजरे तिवारीपुरवा में भी पक्की सड़क का अभाव था। स्थानीय लोगों की मांग पर विधायक ने इन सड़कों को निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार किया था।

## राजापुर में कार्यालय का उद्घाटन



कार्यालय का उद्घाटन करते सत्यप्रकाश द्विवेदी। अमृत विचार

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** राजापुर में रविवार को पत्रकार समाज कल्याण समिति के कार्यालय का शुभारंभ किया गया। चित्रकूट प्रेस क्लब के अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी और समिति के जिलाध्यक्ष रामचंद्र तिवारी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर इसका उद्घाटन किया। सत्यप्रकाश ने पत्रकारिता की चुनौतियों पर चर्चा की और युवा पत्रकारों को गरीबों की आवाज बुलंद करने की प्रेरणा दी। जिला संरक्षक डॉ. प्रभाकर सिंह, ओमप्रकाश पटेल आदि मौजूद रहे।

## बालिका वर्ग कबड्डी टीम का चयन ट्रायल आज

**गोंडा कार्यालय :** 47वीं जूनियर बालिका वर्ग कबड्डी टीम का चयन ट्रायल सोमवार को 10 बजे से राजा देवी बक्श सिंह अवध राज सिंह महाविद्यालय डुमरियाडीह के प्रांगण में आयोजित किया गया है। इच्छुक खिलाड़ी अपना आधार कार्ड लेकर ट्रायल में शामिल हो सकते हैं। जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव ने बताया कि 9 से 11 फरवरी तक गाजीपुर में 47वीं जूनियर बालिका वर्ग कबड्डी की प्रदेशीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए सोमवार को खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा।

# महीनों बीते, नहीं दर्ज हुई छेड़छाड़ की रिपोर्ट

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** अनुसूचित जाति का एक ग्रामीण अपनी बेटी से छेड़छाड़ के आरोपी की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए परेशान है। महीनों बीतने के बाद भी अभीतक उसको मायूसी ही हाथ लगी है। उसने पुलिस अधीक्षक को भी इस संबंध में पत्र भेजकर गुहार लगाई है।

ग्रामीण ने बताया कि पिछले साल आठ अगस्त को उसके घर घुसकर आरोपी युवक ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ की। इस संबंध में उसने मऊ थाने में दूसरे दिन ही प्रार्थनापत्र दिया था पर कोई सुनवाई नहीं हुई। सिर्फ आश्वासन ही मिला।

आरोपी दबंग है और उससे उसके परिवार को खतरा है। उसने पुलिस अधीक्षक से आरोपी पर कार्रवाई की गुहार की है। उधर, इस संबंध में एसओ मऊ राजेश कुमार द्विवेदी ने पहले ग्रामीण ने खंडेहा चौकी में शिकायत की थी। तब जांच ठीक से नहीं हो पाई थी। अब ट्वीट होने के बाद उनको मामले की जानकारी हुई है। जांच की जा रही है और जल्द ही रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। इसमें रुपये के भी लेनदेन का मामला सामने आ रहा है।

## नकदी समेत लाखों के मोबाइल पार

**धानेपुर, गोंडा:** धानेपुर थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। वह लगातार घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं और पुलिस इन चोरों के आगे पस्त नजर आ रही है। धानेपुर कस्बे के इंदिरा नगर तिराहे पर सराफा और मोबाइल शॉप में हुई चोरी के तीन बाद शनिवार की रात चोरों ने बाबागंज कस्बे में धावा बोला। चोर एक मोबाइल शॉप की दीवार में सेंध लगाकर दुकान के भीतर घुस गए और दुकान में रखी पांच हजार रुपये की नकदी समेत लाखों रुपये के मोबाइल सेट उठा ले गए। जाते जाते चोर सीसीटीवी कैमरे की हार्ड डिस्क भी लेते गए। पीड़ित दुकानदार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

## स्वच्छता अभियान से किया जागरूक



सफाई कराते पालिका सभासद शंकर प्रसाद यादव। अमृत विचार

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** नगर पालिका कर्मचारियों ने रविवार को शास्त्रीनगर में विशेष सफाई अभियान चलाया। इसकी अगुवाई सफाई नायक महफूज ने की।

सभासद शंकर यादव ने बताया कि मोहल्ले में खाली प्लाटों में लोग कूड़ा डालते हैं, जिससे मोहल्ले में गंदगी फैलती है और संक्रामक बीमारियों का खतरा बना रहता है। ऐसे में लोग पालिका की कूड़ा गाड़ी में गंदगी डालें। कहा गया कि साफ-सफाई से न सिर्फ वातावरण स्वच्छ होता है बल्कि इससे बीमारियां भी काफी हद तक दूर की जा सकती है। सभी से सफाई की अपील की गई।

# दो-दो साथियों को खोने के बाद पुलिसकर्मियों में शोक

● एक की कैंसर और दूसरे की हृदयाघात ने ली जान

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** दो दिन के अंतराल में जिले के पुलिसकर्मियों ने अपने दो सहयोगियों को खो दिया। इससे विभाग में मातम पसर गया।

मिर्जापुर निवासी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह वर्तमान में क्राइम ब्राच में तैनात थे। विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, वह कैंसर से पीड़ित थे और उनका इलाज मदनमोहन मालवीय कैंसर सेंटर वाराणसी में हो रहा था। दो



अशोक कुमार। (फाइल फोटो)



बृजेश विक्रम। (फाइल फोटो)

फरवरी को वहीं उन्होंने अंतिम सांस ली।

उधर, अभिसूचना इकाई में स्टेनो बृजेश विक्रम सिंह भी नहीं रहे। विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, एएसआई (एम) बृजेश विक्रम की एक फरवरी को अवकाश के दौरान हृदयगति रुक गई, जिससे उनका निधन हो गया। वह मूल रूप से रायबरेली के निवासी थे। दो-दो निरीक्षकों के निधन से पुलिस विभाग में शोक का माहौल हो गया।

# युवाओं ने चलाया नियमित सफाई अभियान

**चित्रकूट कार्यालय।** नियमित अभियान के तहत कामदगिरि स्वच्छता समिति ने परिक्रमा पथ की रविवार को सफाई की। समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

राकेश ने बताया कि इस बार यह अभियान बिरजा कुंड के आसपास चलाया गया। स्वच्छ तीर्थ अभियान धार्मिक स्थलों की सफाई के लिए चलाया गया है। इसके माध्यम से कामतानाथ परिक्रमा पथ को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास है। बताया कि दुकानदारों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित किया जाता है। स्वच्छ भारत मिशन के जिला प्रबंधक शिवा कुमार ने कहा कि सफाई के लिए स्वच्छता को लेकर



परिक्रमा पथ पर सफाई करते युवा। अमृत विचार

हमें स्वयं जिम्मेदार होना चाहिए। चित्रकूट जैसी पौराणिक जगह पर परिक्रमा करते वक्त स्वच्छता का विशेष ध्यान देना चाहिए। प्लास्टिक पन्नी का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने बताया कि हमें अपने आप पर विचार करने की जरूरत है कि हम पौराणिक स्थलों पर जाएं तो वहां स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें।

रविवार के इस अभियान में राजेंद्र त्रिपाठी, सभासद शुभम केशरवानी, मनोज कुशवाहा, हनुमान दास, अंकुर केशरवानी, जानकी कुशवाहा, विनोद कुमार आदि ने साथ दिया।

### पांच बीघा खेत न मिलने पर महिला को मारा-पीटा

**खरगूपुर, गोंडा :** दहेज मे पांच बीघा खेत की मांग न पूरी होने पर विवाहिता को कमरे में बंद कर बुरी तरह से पिटाई की गई। पुलिस ने पति सहित चार लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मामला थाना क्षेत्र के ग्राम सिसई माफी मंगल नगर का है। थाना क्षेत्र के ही परसा फरेंदा शुक्ल निवासी रमेश कुमार ने अपनी बेटी रिंका देवी की शादी सिसई माफी मंगल नगर निवासी रक्षा राम के बेटे मनोज कुमार के साथ करीब ढाई साल पहले की थी। आरोप है कि शादी के बाद दहेज के रूप में ससुराल पक्ष द्वारा पांच बीघा खेत की मांग की जाने लगी। उक्त मांग की पूर्ति न होने पर विवाहि ता का उत्पीड़न किया जाने लगा तथा शुक्रवार को ससुराल में उसे कमरे में बंद कर लाठी डंडे से पिटाई कर घायल कर दिया गया। पीड़िता के पिता का आरोप है कि उनकी लड़की को ससुराल में नशीला टैबलेट खिलाकर सुला दिया जाता था।

**कार्यालय कलेक्टर / लाइसेंस प्राधिकारी, चित्रकूट**

विज्ञप्ति सं0 : 2486/जि0आ0अ0 /चित्रकूट / व्यवस्थापन 2024–25 / दिनांक : 03/02/2024

विज्ञप्ति

वित्तीय वर्ष 2024–25 की आबकारी नीति विषयक शासनादेश संख्या – 51 / 2023/1688ई–2 / तेरह –2023–01/2020–1769561 / दिनांक – 21.12.2023 एवं आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश प्रयागराज के अर्द्धशासकीय पत्र संख्या – 11154/दस–लाइसेंस – 367/सुझाव आबकारी नीति/2024–25, प्रयागराज, दिनांक : 21.12.2023 द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि जनपद चित्रकूट में वर्ष 2024–25 हेतु नवीनीकरण व ई–लॉटरी के प्रथम चरण के पश्चात् अवशेष अव्यवस्थित देशी मदिरा दुकान–भरतकूप, विदेशी मदिरा दुकान–कसहाई, सरैया एवं भांग दुकान—बरगढ़—क, बरगढ़–ख की फुटकर दुकानों के व्यवस्थापन हेतु आनलाइन आवेदन ई–लाटरी पोर्टल www-upexciseelottery.upsdc.gov.in के माध्यम से निम्न समय सारणी के अनुसार किया जाना है–

| क्र0सं0 | द्वितीय चरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | द्वितीय चरण की ई–लाटरी हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ करने की तिथि व समय | 06.02.2024 को मध्यान्ह 12:00 बजे से |
| 2 | द्वितीय चरण की ई–लाटरी हेतु आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि व समय | 09.02.2024 को सायं 05:00 बजे तक |
| 3 | ई–लाटरी हेतु आवेदन–पत्रों का परीक्षण | 11.02.2024 को सायं 5:00 बजे तक |
| 4 | द्वितीय चरण की ई–लाटरी की तिथि / समय एवं स्थल | 13.02.2024 को मध्यान्ह 12:00 बजे से समाप्ति तक कलेक्ट्रेट, चित्रकूट |
| 5 | द्वितीय चरण के आबंटियों द्वारा देयताओं को जमा करने की अन्तिम तिथि व समय | 16.02.2024 को सायं 05:00 बजे तक |

द्वितीय चरण की ई–लाटरी के माध्यम से व्यवस्थित की जाने वाली आबकारी दुकानों का विवरण, आवेदन पत्र के साथ अपलोड किये जाने वाले शपथ पत्र का प्रारूप व दुकानों से सम्बन्धित समस्त अर्हताओं का विवरण आदि कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, चित्रकूट के सूचना पट्ट अथवा जनपद की वेबसाइट www.chitrakoot.nic.in तथा क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षकों से प्राप्त किया जा सकता है।

जिला आबकारी अधिकारी
चित्रकूट

(अभिषेक आनन्द)
कलेक्टर/लाइसेंस प्राधिकारी, चित्रकूट

# पक्की नहर बनाने में अनियमितता, अफसरों को चिंता नहीं

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** नहर निर्माण में खानापूरी और अनियमितता के आरोप लग रहे हैं। लोगों का कहना है कि इस काम में सिर्फ सरकारी धन का बंदरबांट कराने के अलावा कुछ नहीं हो रहा।

गौरतलब है कि 1970-17 में 18 किमी लंबी चिल्लीमल पंप कैनाल का भदेहदू टेल तक निर्माण कराया गया था। 2018 में पंप कैनाल की क्षमता को बढ़ाने के लिए 120 क्यूसेक क्षमता को कोठियों में चार पंप चलाने की क्षमता विकसित की गई थी। नहर अधिक जर्जर हो जाने पर अब सिंचाई विभाग ने इसका जीर्णाद्धार कराने और पक्का बनाने के लिए ठेकेदारों को



इस काम को लेकर है लोगों में आपत्ति। अमृत विचार



इस पर भी लोगों को है परेशानी।



ऐसे काम को लेकर है लोगों को परेशानी। अमृत विचार

जिम्मेदारी दी है। सुरवल के पास से लेकर भदेहदू ग्राम पंचायत तक पक्का कार्य प्रगति पर है। अब इस निर्माण पर सवालिया निशान लगने लगे हैं। लोगों का कहना है कि इसमें सामग्री गुणवत्ताविहीन उपयोग की जा रही है। इस संबंध में कई बार अधिकारियों को फोन से शिकायत भी की गई पर उन्होंने ध्यान नहीं दिया। उधर, भारतीय जनता पार्टी के एनजीओ प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक देव त्रिपाठी ने कहा कि सरकार विकास के लिए धन देती है और ठेकेदारी प्रथा होने के कारण गुणवत्ताविहीन कार्य किया जाता है। चिल्लीमल पंप कैनाल से भदेहदू टेल तक की जाने वाली पक्की नहर में सुरवल ग्राम पंचायत के पास मिट्टीयुक्त बालू का प्रयोग किया जा रहा है। बताया कि मानकविहीन कार्य की सूचना सिंचाई विभाग के कई अधिकारियों को फोन व लिखित देने के बाद भी किसी ने मौका मुआयना नहीं किया। भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## एक नजर

### बीमारी से बुजुर्ग की मौत

**बांदा :** बिसंडा थाना क्षेत्र के भुरानेपुरवा निवासी लक्ष्मी प्रसाद (70) पुत्र शिवनंदन की शनिवार की रात अचानक हालत बिगड़ गई। घरवालो ने उसे सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के पौत्र बृजेश ने बताया कि वह भूमिहीन था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### अज्ञात वृद्ध की मौत

**बांदा :** शहर के रोडवेज बस स्टैड के पास अज्ञात 55 वर्षीय अधेड़ बीमारी की हालत में पड़ा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों ने शव को मर्चरी हाउस में रखवा दिया।

### दो लोगों ने जहर खाया

**बांदा :** शहर कोतवाली क्षेत्र के कनवारा गांव निवासी हीरामणी (20) पत्नी भूरा ने रविवार की दोपहर घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घर वालों को जानकारी हुई। गिरवां थाना क्षेत्र के खुरहंड गांव निवासी संतोष (60) पुत्र रामपाल ने शनिवार की रात घरेलू कलह से तंग आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### जंगली सांड़ को पकड़वाकर गौशाला में बंद किया

**बांदा :** तहसील पैलानी के ग्राम पिपरहरी में एक जंगली सांड ने ग्राम पिपरहरी निवासी जयप्रकाश पुत्र सियाराम को सींग मारकर चोटिल किए जाने तथा एक अन्य व्यक्ति रामबदन पुत्र सियाराम के पालतू पशु पर हमला किए जाने से पालतू पशु की मृत्यु हो जाने की सूचना प्राप्त होने पर जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने अपर जिलाधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी और मुख्य पशु चिकात्सिाधिकारी की एक संयुक्त टीम का गठन कर जंगली सांड को पकड़वाकर गौशाला में बंद कराये जाने के निर्देश दिये हैं। इसी क्रम में प्रभागीय वनाधिकारी ने जंगली सांड़ को 24 घंटे के अंदर ही पकड़कर ग्राम खप्टिहाकलां तहसील पैलानी स्थित गौशाला में बंद करवा दिया।

# पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम ने फिर पलटी मारी

## 10 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चल रही सर्द हवाओं ने बढ़ाई ठंड, कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचारः** पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम ने बुंदेलखंड में एक बार फिर पलटी मार दी। जनपद में कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी भी हुई। 10 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चल रही सर्द हवाओं ने मौसम में ठंडक बढ़ा दी। लगातार धूप निकलने के कारण एक सप्ताह पहले सर्दी घटने पर जिन लोगों ने अपने गरम कपड़ों को धुलने के बाद तहाकर रखने की तैयारी कर ली थी, उन्हें दोबारा से गरम कपड़े निकालने पड़े।

बीते कई साल बाद इस बार दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह से लेकर जनवरी माह के अंतिम सप्ताह तक कड़ाके की ठंड पड़ी। इस दौरान तकरीबन एक पखवारे तक न्यूनतम तापमान चार से पांच डिग्री और अधिकतम तापमान 16 से 18 डिग्री रहा। लेकिन इसके बाद लगातार धूप निकलने से न्यूनतम तापमान में लगभग हर दिन एक डिग्री की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। तेज धूप निकलने के कारण मौसम खुश होने पर लोगों ने सोच लिया था कि सर्दी का मौसम अलविदा हो गया, लेकिन पश्चिमी विक्षोभ के चलते एक बार फिर सर्दी के मौसम ने बुंदेलखंड में पलटी मार दी। शनिवार शाम से आसमान में बादल छाने लगे और कहीं-कहीं बूंदाबांदी भी हुई। इस दौरान 10 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलने वाले हवाओं ने एकाएक मौसम में दोबारा से सर्दी बढ़ा दी। जिसकी वजह से लोगों को दोबारा से गरम कपड़े निकालने पड़े। मौसम विभाग के अनुसार कुछ इसी तरह का मौसम अगले चार दिनों तक रहने वाला है। डॉक्टरों ने सलाह दी है कि लापरवाही न बिल्कुल भी न करें। बच्चों और बुजुर्गों का इस मौसम में विशेष खयाल रखें। हार्ट के मरीजों को भी इस मौसम में खतरा हो सकता है, इसलिए गरम कपड़े जरूर पहनें और गरम पेय पदार्थों का सेवन करते रहें।



सड़क किनारे अलाव तापते लोग। अमृत विचार

### निजी संसाधनों से अलाव तापते नजर आए लोग

सर्दी के मौसम में नगर पालिका परिषद और तहसील प्रशासन की ओर से इस वर्ष लगातार एक माह तक शहर के प्रमुख चौराहों और तिराहों पर अलाव जलवाए गए, ताकि राहगीरों को सर्दी से निजात मिल सके। इधर तकरीबन एक सप्ताह से लगातार धूप निकलने के कारण यह अलाव जलवाए जाना बंद कर दिया गया। पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम ने जिस तरह से पलटी मारी है, उससे शहर में एक बार फिर से अलाव की जरूरत महसूस हो रही है। लोग रविवार को अपने संसाधनों से जगह-जगह अलाव जलाकर तापते नजर आए।

# जमीन के विवाद में खूनी संघर्ष, आठ लोग घायल

- पैलानी थाना क्षेत्र के अलोना गांव का मामला, पानी भरने के विवाद में युवती को पीटा

संवाददाता, पैलानी (बांदा)

**अमृत विचारः** जमीन में कब्जा करने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। इसमें आठ लोग घायल हो गए। सभी घायलो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। एक अन्य घटना में हैडपंप में पानी भरने के विवाद में युवती को पीट कर घायल कर दिया।

पैलानी थाना क्षेत्र के अलोना गांव निवासी काशीराम पाल की साढे चार बिस्वा जमीन पर पड़ोसी मलखान कब्जा किए हुए है। कोर्ट में केस भी चल रहा है। शनिवार की शाम मलखान जमीन पर मकान बनवा रहा था। तभी काशीराम ने इसका विरोध किया। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। दोनों पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया, जिसमें एक पक्ष के वीरू (26) पुत्र काशीराम पाल उसकी मां अनुसुइया (60), मनोज (32) पुत्र भगौतीपाल, उसका भाई सुनील (27) मां बिजमा (55) पत्नी भगौतीपाल और दूसरे पक्ष के रविकरन (40) पुत्र मलखान, रमचंद्र (63) पुत्र जगदेव, जगनायक (60) पुत्र बिहारी, एक अन्य घटना में तिंदवारी थाना क्षेत्र के महुई गांव निवासी गुड़िया (24) पुत्री रामखेलावन रविवार की दोपहर हैडपंप पानी तभी पड़ोसी से उसका विवाद हो गया।

# दहेज प्रताड़ना केस में नामजद बुजुर्ग ने कुएं में कूदकर जान दी

## बिसंडा थाना क्षेत्र के जरोहरा गांव का मामला, केस के बाद परेशान था बुजुर्ग

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचारः** दहेज प्रताड़ना के केस में नामजद किसान ने खेत में बने कुए में छलांग लगाकर खुदकुशी कर लिया। घर वालों ने कांटा डालकर शव को बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बिसंडा थाना क्षेत्र के जरोहरा गांव निवासी रामबिहारी (55) पुत्र सिद्दगोपाल शुक्रवार की दोपहर घर से अपने बड़े पुत्र योगेद्र के घर जाने की बात कर चला गया। लेकिन वह उसके घर नहीं पहुंचा। घर न पहुंचने पर घर वालों ने उसकी खोजबीन किया, लेकिन कुछ पता नही चला। शनिवार की शाम छोटा पुत्र विष्णू खेत पहुंचा देखा तो उसके जूते और लाठी कुंए की जगत में रखी हुई थी। कुएं में काटा डालकर उसका शव बाहर निकाला गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव देखते ही घर वालों में कोहराम मच गया। मृतक के बड़े पुत्र योगेद्र ने बताया कि उसकी शादी 2019 में रमियापुर निवासी रतना देवी के साथ हुई थी। 2021 में रतना देवी ने डिलेवरी के दौरान कानपुर में पुत्र को जन्म दिया था। जिसकी मौत हो गई थी। परिवारिक कलह के चलते रतनादेवी ने 1 फरवरी 2023 को पति योगेद्र, ससुर रामबिहारी, सास, देवर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुदकमा दर्ज कराया था। तभी से वह परेशान था इसी के चलते रामबिहारी ने कुएं में छलांग लगा कुदकुशी कर लिया। मृतक 18 बीघा का कास्तकार था।

### बेटे की शादी से पहले उठी पिता की अर्थी

पुत्र की शादी से पहले पिता की अर्थी उठ गई। बताया जाता है कि मृतक के छोटे पुत्र विष्णू की 13 फरवरी को शादी होनी थी। तैयारियां चल रही थी। पांच फरवारी को तिलक होना था। शादी के पहले ही पिता की मौत हो गई। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में मातम छा गया।

### माध्यमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष बने बालाराम व वकार जिला मंत्री

**कार्यालय संवाददाता, बांदा :** खानकाह इंटर कालेज में निर्वाचन अधिकारी माध्यमिक शिक्षक संघ प्रदेश मंत्री केदार वर्मा की देखरेख में रविवार को नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से बालाराम अध्यक्ष, मोहम्मद बाकर जिला मंत्री, मनोज कुशवाहा कोषाध्यक्ष चुने गए। साथ ही पुष्पेंद्र त्रिपाठी को संगठन मंत्री व राजेश सिंह को आय-व्यय निरीक्षक का दायित्व सौंपा गया। संघ पदाधिकारियों व अन्य शिक्षकों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री लालमणि शुक्ल समेत पूर्व प्रधानाचार्य आनंद किशोर लाल, पूर्व अध्यक्ष जानकी शरण शुक्ला, दादूराम वर्मा, विजय कुमार, महेंद्र कुमार, सुनीत मलिक, अजय गुप्ता, कमलाकांत, प्रणय अग्रहरि, शिवसेवक पटेल, अरुणेश श्रीवास्तव, संतोष कुमारी, सर्वेश कुमार, सुरजन सिंह कुशवाहा, अखिलेश शुक्ला, रोहित नंदन, राजेंद्र सिंह निरंजन, तारिक मंसूर खान आदि उपस्थित रहे। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि शीघ्र ही एनपीएस व अन्य समस्याओं लेकर प्रतिनिधि मंडल जिला विद्यालय निरीक्षक व लेखा अधिकारी से मिलकर समस्याओं के निराकरण की मांग करेगा।

# चेकिंग अभियान में 125 वाहनों का चालान

- दोपहिया व चार पहिया वाहन चालकों को हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने की दी हिदायत

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचारः** शहर के प्रमुख चौराहों पर यातायात निरीक्षक के नेतृत्व में ट्रैफिक आरक्षियों के सहयोग से रविवार को चेकिंग अभियान चलाकर 125 वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट व चार पहिया वाहन चालकों सीट बेल्ट लगाने की हिदायत दी गई, ताकि यात्रा के दौरान उन्हें किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

पुलिस अधीक्षक जनपद अंकुर अग्रवाल के निर्देशन व प्रभारी क्षेत्राधिकारी यातायात मो.जियाउद्दीन अहमद के पर्यवेक्षण में यातायात निरीक्षक राजेश कुमार वर्मा ने ट्रैफिक आरक्षियों के सहयोग से शहर के प्रमुख चौराहों महाराणा प्रताप चौराहा व बाबूलाल चौराहा में यातायात पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाकर 125 वाहनों का चालान किया। साथ ही आम जनमानस को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया। जो चालक बिना हेलमेट लगाकर वाहन चलाते पाये गये, उनके चालान किये गये।

यातायात पुलिस ने चार पहिया वाहनों को भी चेक किया। सीट बेल्ट के साथ-साथ वाहनों पर चढ़ी हुई काली फिल्मों को तत्काल प्रभाव से निकलवाया और हिदायत के साथ चालानी कार्रवाई की। यातायात प्रभारी राजेश कुमार वर्मा ने यातायात मार्ग का इस्तेमाल करने वालों को जागरूक किया। हमेशा यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित यात्रा करने का सबक सिखाया। बताया कि चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेगा। लोग यातायात नियमों का पालन करना सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें और रोड पर चलने वालों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।



दोपहिया वाहन को चेक करती यातायात पुलिस। अमृत विचार

# कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न मिलने पर जताया पीएम मोदी का आभार



धन्यवाद कार्यक्रम में मंच पर जुटे भाजपाई। अमृत विचार

संवाददाता, अतर्रा (बांदा)

- कहा- गरीबों और वंचितों के लिए किया संघर्ष, वे इस सम्मान के पात्र थे

**अमृत विचारः** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को केंद्र सरकार द्वारा मरणोपरांत भारत रत्न दिए जाने पर सविता-सेन समाज ने धन्यवाद कार्यक्रम आयोजित कर आभार प्रकट किया। कहा कि वास्तव में कर्पूरी ठाकुर इस सम्मान के पात्र थे। उन्होंने अपने कार्यकाल में पिछड़ों, दलितों, वंचितों व गरीबों की भलाई के लिए आजीवन संघर्ष किया।

कस्बे में आयोजित धन्यवाद कार्यक्रम की शुरूआत सांसद आरके पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष भाजपा संजय सिंह ने संयुक्त रूप से भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया। सांसद ने कहा कि भारत रत्न स्व.कर्पूरी ठाकुर ईमानदारी की मिसाल रहे है। बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहने के बावजूद भी वह पक्का मकान नहीं बनवा सके। इतना ही नही दो बार मुख्यमंत्री, एक बार उपमुख्यमंत्री चुने जाने के बावजूद वह सदैव रिक्शा से ही चलते रहे हैं। आज के दौर में उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ-सबका विकास की राह पर चलते हैं। वह सभी वर्गों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते हैं। उन्होंने जननायक कपूरी ठाकुर के जीवन पर प्रकाश डालते हुये कहा कि दो बार मुख्यमंत्री होने के बावजूद वह सरल जीवन जीते रहे। मुख्यमंत्री बनने के बाद भी उनके पास चार पहिया वाहन नही रहा। भाजपा जिलाध्यक्ष ने भी बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुये कहा कि उन्होंने सदैव समाज मे पीछे चल रहे लोगों को आगे लाने का कार्य किया है। इसके अलावा पूर्व विधायक नरैनी राजकरण कबीर, चेयरमैन संगीता निराला ने संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत मे चेयरमैन ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन संगीता निराला ने की। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष वेद निराला, सभासद संतोष सविता, नीरज गुप्ता के अलावा शिवगोपाल गुप्ता, सोनू गुप्ता, पुष्पेंद्र,उमेश सविता आदि लोग मौजूद रहे।

# जरूरत का सामान पाकर चेहरे खिले

- रोटी बैंक संस्था ने माधोपुर में बांटे गरम कपड़े व जूते-चप्पल

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** बांदा रोटी बैंक सोसाइटी ने रविवार को माधोपुर गांव में स्टॉल लगाकर जरूरतमंदों को उनकी जरूरत का सामान गरम कपड़े, स्वेटर, जैकेट, किताबें और जूते-चप्पल का वितरण किया। अपनी आवश्यकता का सामान पाकर गरीब तबके के लोगों में ऐसी चमक दिखी, जैसे उनके नाम किसी ने अपनी सारी जागीर लिख दी हो।

कभी भूखे लोगों को पेट भरने को रोटी बांटने से शुरू हुई रोटी बैंक सोसाइटी आज जरूरतमंदों को बुनियादी जरूरतों का सामान वह भी मुफ्त में मुहैया करवा रही है। रोटी बैंक की विशेषता यह है कि उनके पदाधिकारी और सदस्य किसी एक गांव को चुनते हैं और मौके पर जाकर गरीबों और जरूरतमंदों को उनके हाथों में यह सामान उपलब्ध कराते हैं, ताकि जरूरत का सामान उनके पास पहुंच सके। रविवार को संस्था के संरक्षक शेख़ सादी ज़मा के संरक्षण और अध्यक्ष रिज़वान अली की अध्यक्षता में मोहम्मद नफ़ीस के नेतृत्व में संस्था ने माधोपुर गांव में ग्राम प्रधान मधुरिया पति जगदीश पाल के सहयोग से गांव में स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को गरम कपड़े, स्वेटर, जैकेट, किताबें व जूते-चप्पल का वितरण किया। ग्रामीणों ने रोटी बैंक सोसाइटी के इस नेक कार्य को तहेदिल से सराहा। इस मौके पर प्रबंधक सोच संस्था दिल्ली नसीर अहमद सिद्दीकी ने ग्रामीणों को यातायात और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। जरूरतमंदों के इस वितरण कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों और सदस्यों समेत गांव के ज़िम्मेदार व जागरूक नागरिकों ने भरपूर सहयोग किया। इस अवसर पर मोहम्मद शमीम, अख़्तर किरमानी, तबस्सुम फ़ात्मा, इरफ़ान खान, मोहम्मद सलीम, अलीम अहमद खान, राहुल अवस्थी, शाहान अली, अलीमुददीन, रिचा रैकवार आदि भी मौजूद रहे।




माधोपुर गांव में जरूरतमंदों को मुफ्त सामान बांटते सदस्य।

# स्मार्ट फोन पाकर खुशी से चहक उठे छात्र-छात्राएं

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- संत कृपाल सिंह विधि महाविद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचारः** संत कृपाल सिंह इंस्टीट्यूट आफ ला (लामा) में प्रदेश सरकार द्वारा तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे स्मार्ट फोन वितरण योजना के अंतर्गत कॉलेज के एलएलबी द्वितीय व तृतीय वर्ष के सभी छात्र-छात्राओं को निःशुल्क स्मार्ट फोन व कवर वितरित किए गए।

ग्राम लामा स्थित संत कृपाल सिंह इंस्टीट्यूट आफ लॉ में मुख्य अतिथि एवं जिला संघ चालक सुरेंद्र पाठक ने कॉलेज के एलएलबी द्वितीय व तृतीय वर्ष के सभी छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन का वितरण करते हुए कहा कि राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए उन्हें आगे आना चाहिए। उन्होंने छात्र-छात्राएं को नसीहत दी कि मोबाइल फोन के दुरुपयोग से वह बचे और आशा जताई कि विधि के छात्र जन कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहेंगे और राष्ट्र के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इस बीच स्मार्ट फोन प्राप्त होने पर छात्र-छात्राओं के चेहरों पर जहां खुशी की झलक देखी गई। कार्यक्रम में विधि महाविद्यालय के सचिव यश शिवहरे, प्राचार्य डा.सर्वेश अग्निहोत्री, प्राध्यापक प्रदीप कुमार, मुदित शर्मा एवं सोमेश सिंह आदि शामिल रहे।



छात्रा को स्मार्ट फोन प्रदान करते जिला संघ चालक।

# व्यापारियों के हित में खुदरा व्यापार मंत्रालय बनाए सरकार

- बबेरू में राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन की बैठक

**संवाददाता, बबेरू (बांदा), अमृत विचार :** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन की नगर व तहसील इकाई की बैठक में 18 फरवरी को लखनऊ में प्रस्तावित विशाल व्यापारी रैली को पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने व्यापारियों के साथ मंथन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने व्यापारियों से रैली में बढ़-चढ़कर भागीदारी का आह्वान किया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता ने आह्वान किया कि जिस तरह से देश में बड़े-बड़े उद्योगों के लिए उद्योग मंत्रालय बना है, कृषि में काम करने के लिए कृषि मंत्रालय बना है उसी तरह देश में 11 करोड़ खुदरा व्यापारी हैं। उनके व्यापार को सुरक्षित व संरक्षित रखने के लिए भारत सरकार व प्रदेश सरकार प्रदेश में खुदरा व्यापार मंत्रालय का गठन करें। व्यापारी अपनी 26 सूत्रीय मांग पत्र को लेकर 18 फरवरी को लखनऊ में विशाल रैली का आयोजन करने जा रहे हैं। कस्बे से पांच सैकड़ा से ज्यादा व्यापारी लखनऊ के लिए कूच करेंगे और अपनी पूरी शक्ति के साथ शंखनाद करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा अरुणेश गुप्ता को प्रदेश युवा संगठन मंत्री एवं मुकेश गुप्ता को तहसील मंत्री मनोनीत किया गया है। इस मौके पर प्रदेश कोषाध्यक्ष सौरभ शिवहरे, मंडल संगठन मंत्री संजीव सिंह, प्रभारी श्रीराम गुप्ता, तहसील अध्यक्ष राजेश साहू, नगर अध्यक्ष सुधीर अग्रहरि, जिला उपाध्यक्ष अरविंद कसौधन, जिला मंत्री भालेंद्र अग्रहरि, महामंत्री श्यामाचरण अग्रहरि, उपाध्यक्ष कामता प्रसाद सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवप्रकाश पटेल, मुन्नीलाल गुप्ता, उपाध्यक्ष संजय साहू, कोषाध्यक्ष सुमित गुप्ता, उपाध्यक्ष अखिलेश पाल, नरेंद्र गुप्ता, विपुल गुप्ता, रमाशंकर शिवहरे, पंकज गुप्ता, लक्ष्मीनारायण, संतोष गुप्ता आदि मौजूद रहे।



व्यापारियों को संबोधित करते अमित गुप्ता।

**प्रतियोगिता** फर्राटा दौड़ में अभिषेक, मनोरमा व अनीसा रहीं अव्वल, जिला स्तरीय खेलकूद में ग्रामीण खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

# वालीबॉल और कबड्डी में बड़ोखर टीम ने मारी बाजी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचारः** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वाधान में आयोजित जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में ग्रामीण खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता तीन वर्गों सब जूनियर, जूनियर व सीनियर वर्ग में आयोजित हुई। वालीबॉल और कबड्डी प्रतियोगिता में बड़ोखर टीम ने बाजी मारी।

सरदार वल्लभ भाई पटेल स्पोर्ट्स स्टेडियम में रविवार को युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के तत्वाधान में आयोजित प्रतियोगिता में ग्रामीण खिलाड़ियों ने बढ़चढ़कर भागीदारी करते हुए दमखम दिखाया। सब जूनियर वर्ग की 100 मीटर दौड़ में बालकों में अभिषेक गुप्ता व बालिकाओं में मनोरमा, गोला फेंक में बिट्टो, लंबी कूद में मंजू ने प्रथम स्थान अर्जित किया। इसी प्रकार जूनियर वर्ग में बालिकाओं की 100 मीटर दौड़ में अनीसा, गोला फेंक में मनीषा ने बाजी मारी तो कबड्डी में बड़ोखर खुर्द की टीम ने प्रथम स्थान अर्जित किया। इसी प्रकार सीनियर वर्ग में बालीवाल एवं कबड्डी में बड़ोखर की टीम विजयी रहीं।

प्रतियोगिताओं का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य द्वारा किया गया। इस दौरान जिला विकास अधिकारी एवं क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, आदित्य एवं अर्चना मौजूद रहे। खेल में निर्णायक की भूमिका प्रशिक्षक कृष्ण देव भारतीय, अमिता कुशवाहा व दिलीप त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम के अंत में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जिला युवा कल्याण अधिकारी राहुल सिद्धार्थ द्वारा बताया गया कि जोन स्तरीय खेल प्रतियोगिता पांच एवं 6 फरवरी को केपी इंटर कॉलेज प्रयागराज में होना है। पांच फरवरी को सब जूनियर एवं सीनियर तथा 6 फरवरी को जूनियर वर्ग की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा, जिसमें जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी बालक, बालिकाएं प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। जिला युवा कल्याण अधिकारी राहुल सिद्धार्थ ने सभी का आभार व्यक्त किया है।



खिलाड़ी को प्रमाण पत्र प्रदान करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

# समाज का मान बढ़ाने वाले 'शिवम' को सम्मान

**मणिकुंडल जयंती**

- अयोध्यावासी वैश्य समाज की ओर से एक होटल में किया गया आयोजन

**कार्यालय संवाददाता, बांदा :** अयोध्यावासी वैश्य समाज के तत्वावधान में शहर के एक होटल में महाराजा मणिकुंडल की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में हॉल ही में पीसीएस परीक्षा में 10वीं रैंक लाकर समाज का गौरव बढ़ाने वाले शिवम गुप्ता समेत समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। समाज के लोगों ने मणिकुंडल महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। शहर के कान्हा कुंज मैरिज लॉन में आयोजित मणिकुंडल महाराज जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर नगर पालिका चेयरमैन मालती गुप्ता बासू और विशिष्ट अतिथि राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रभा गुप्ता, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता आदि मौजूद रहे। अतिथियों ने महाराजा मणिकुंडल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और महाराज मणिकुंडल के आदर्शों पर चलने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के दौरान हाल ही यूपीपीसीएस में चयन और 10वीं रैंक लाकर समाज का मान बढ़ाने वाले शिवम गुप्ता पुत्र रामदेव गुप्ता को उसके अभिभावकों के साथ सम्मानित किया गया। वहीं समाज की ओर से मातृशक्ति समेत समाज के लिए विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन राजकुमार राज, भाजपा के वरिष्ठ नेता संतोष गुप्ता, रामचंद्र चन्दी, सुरेश गुप्ता कान्हा, मुकेश गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता, राजकुमार राजू, पुरुषोत्तम गुप्ता, सुनीता गुप्ता, वृंदावन वैश्य समेत समाज के लोगों ने शिरकत की।



शिवम को सम्मानित करते वैश्य समाज के अगुवा। अमृत विचार

## एक नजर

### महिला को तंग करने वाले युवक को भेजा जेल

**सुमेरपुर।** शोहदे की हरकतों से तंग आकर यमुना नदी में छलांग लगाने वाली महिला की तहरीर पर दर्ज हुए मुकदमे के आरोपी को जेल भेज दिया गया है। कस्बे में सब्जी मंडी के समीप रहने वाली एक महिला शोहदे की हरकतों से तंग आकर गत बुधवार को मुख्यालय की यमुना ब्रिज से यमुना नदी में कूद गई थी। जिसको मछुआरों ने बचाया था। महिला ने थाना पुलिस पर शोहदे के खिलाफ कार्रवाई न करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने महिला की तहरीर पर पड़ोसी मोनू उर्फ मुकेश कुमार वर्मा के खिलाफ छेड़खानी का मुकदमा कायम करके हिरासत में लिया था। पूछताछ के बाद रविवार को आरोपी को पुलिस ने अदालत भेजा। जहां से उसको जेल भेजा गया है।

### दो माह बाद दुष्कर्म का आरोपी घर से गिरफ्तार

**सुमेरपुर।** दुष्कर्म को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने दो माह बाद घर से दबोच कर न्यायालय भेजा है। जहां से उसको जेल भेजा गया है। पारा रैपुरा निवासी राजू प्रजापति ने गांव में ही एक घर में घुसकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था और पीड़िता को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पीड़िता का बयान दर्ज कराया था। तब से आरोपी गांव से फरार चल रहा था। रविवार को मुखबिर की सूचना पर क्राइम इंस्पेक्टर आरके यादव ने आरोपी को घर से दबोच कर न्यायालय भेजा। जहां से उसको पुलिस अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

### विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं में 3 ने परीक्षा छोड़ी

**हमीरपुर।** ऊँ हरिहर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रही बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के दौरान तीन छात्र/छात्राओं ने परीक्षा छोड़ी। ज्ञात है कि बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं ऊँ हरिहर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संचालित हो रही है। रविवार को संपन्न हुई परीक्षाओं के दौरान प्रातः कालीन सत्र में परास्नातक एवं स्नातक स्तर के गृह विज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवं गणित के कुल 73 छात्र/छात्राऐं पजीकृत थे। जिसमें 02 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। इसी प्रकार सायंकलीन सत्र में स्नातक एवं परास्नातक स्तर के कुल 61 छात्र/छात्राऐं पजीकृत थे। जिसमें एक परीक्षार्थी ने परीक्षा छोड़ दी। केन्द्राध्यक्ष डॉ.स्वामी प्रसाद ने बताया कि केंद्र में शासन एवं विश्वविद्यालय की मंशानुरूप परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं नकल विहीन संचालित हो रही है।

### स्वास्थ्य मेले में 78 मरीजों का किया गया उपचार

**मौदहा।** विकासखंड क्षेत्र के पांच सरकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित किए गए स्वास्थ्य मेलों में 78 मरीज के जांच पड़ताल कर दवाएं दी गई। अधिकांश रोगी खांसी, जुकाम व सांस रोग के मरीज थे। अस्पताल के अधीक्षक डॉ.रजत रंजन तिवारी ने बताया कि सभी पांचों ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कराहिया, सिसोलर व इचौली, भमई तथा अरतरा में मरीज देखे गए।

### श्री विष्णु महायज्ञ में रामलीला का मंचन

**कुरारा।** बिलौटा व मंगलपुर गांव के बीच में पिपरहा देव बाबा स्थान चल रही श्री विष्णु महायज्ञ में राम कथा व रास लीला मंडल का मंचन किया गया। मथुरा वृंदावन से आए रासलीला मंडल द्वारा नंद उत्सव की लीला का मंचन किया गया। रासलीला मंडल के व्यास उमेश चंद्र ने भक्तों को लीला का मनोरम दृश्य प्रस्तुत किए। इस अवसर पर स्वामी अमरचंद आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम को संपन्न कराने में ग्राम प्रधान मंगलपुर अरविंद निषाद, सुनील निषाद, रोहित निषाद आदि का सहयोग रहा।

# रविवार को रिमझिम बारिश ने फिर बढ़ा दी किसानों की चिंता

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** इस बार अच्छी सर्दी पड़ने और लगातार बादलों के छाए रहने से दलहन की फसलें पनप नहीं पा रही हैं। इसी के चलते दालों का कटोरा कहे जाने वाले बुंदेलखंड के किसान मायूस हैं। हालांकि गेहूं की फसल करने वालों में पैदावार अच्छी होने से खुश हैं। रविवार को रिमझिम बारिश होने से एक बार फिर किसानों में चिंता की लकीरें उभर आईं।

मौसम की बेरुखी से दलहन में मसूर, मटर, चना व अरहर जैसी तैयार खड़ी फसलों के बर्बाद होने की पूरी संभावना है। रविवार को उमड़ घुमड़ कर आए बादलों ने रिमझिम बारिश शुरू है। वहीं करीब पांच दिन निकली तेज धूप को लेकर किसान दलहन की फसलों में फूल के साथ फलियां लगने की आस लगाए थे, लेकिन इस बारिश से भले ही गेहूं की फसल को लाभ मिले। लेकिन दलहन के साथ सरसों की फसल को नुकसान होगा। किसानों का कहना है कि बारिश गेहूं की फसल के लिए मुफीद साबित होगी। जिन क्षेत्रों में सिंचाई के साधन नहीं है। वहां बारिश से चेहरे खिल गए हैं। हालांकि जिन किसानों ने धान के बाद बोए गई चना फसल को जरूर फायदा मिलेगा।

मौसम विशेषज्ञ की मानें तो चार व पांच फरवरी को एक बार फिर बादलों के छाए रहने की संभावना है। इसके अलावा बारिश भी हो सकती है। रविवार को अधिकतम तापमान 23.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 12.0 डिग्री सेल्सियस रहा। बताया जा रहा है कि बारिश के साथ कहीं-कहीं ओले भी गिर सकते हैं। ऐसे में फसलों को भारी नुकसान होने की संभावना है।

**सर्दी पड़ने व लगातार बादलों के छाए रहने से दलहन की फसलों पर पड़ा विपरीत असर**

### बिगड़े मौसम से किसानों के चेहरों की हवाइयां उड़ने लगी

**कुरारा।** विकासखंड क्षेत्र में बदलते मौसम से हल्की बारिश होने पर किसानों के चेहरों में हवाइयां उड़ने लगी है। खेतों में दलहन व तिलहन की फसलों में फूल आ गए हैं, बारिश होने पर फूल झड़ने को लेकर किसान चिंतित नजर आ रहे हैं।

रविवार को बदलते मौसम के मिजाज से किसानों की धड़कनें तेज हो गई हैं। रिठारी गांव के किसान राजू सिंह ने बताया कि बदलते मौसम के चलते दलहन और तिलहन की फसल बारिश होने से इन फसलों को नुकसान हो सकता है। हल्की बारिश होने पर किसानों के माथे में चिंता की लकीरें नजर आ रही है। जल्ला गांव के किसान स्वयंवर ने बताया कि बिगड़े मौसम के चलते अगर बारिश होती है तो मटर, मसूर, चना, लाही, सरसों आदि की फसलों के फूल झड़ने से उपज कम होगी। वही सब्जी वाला मटर खेतों में कटा पड़ा है। बारिश होने पर सड़ने की सम्भावना है। स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक डॉ.प्रशांत कुमार ने बताया कि गेहूं को छोड़कर दलहन तिलहन सब्जी की फसलों को बारिश से नुकसान है। अभी मौसम दो दिन तक हल्की बूंदाबांदी की संभावना है।



खेतों में खड़ी मटर की फसल। अमृत विचार

### ग्राम प्रधान पर आवास के नाम पर ठगी का आरोप

**कुरारा।** ग्राम पंचायत शंकरपुर के मजरा परसी का डेरा गांव निवासी धीरेंद्र कुमार पुत्र बाबू ने संपूर्ण समाधान दिवस में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि ग्राम पंचायत शंकरपुर में चिल्ला तालाब में अमृत सरोवर तालाब बनाया गया था। जिसमें ट्रैक्टर से जुताई कराकर नरेगा के तहत पैसा का गलत प्रयोग कर ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव और रोजगार सेवक ने मिलजुल कर फर्जी जॉब कार्ड भरकर पैसा निकाल लिया है। जिससे मजदूरों को काम नहीं मिल पाता है। आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान द्वारा आवास के नाम पर अपात्रों को आवास देकर ठगी कर रहे है। पीड़ित ने शिकायती पत्र देकर जांच कराए जाने की मांग की है।

# बेसिक स्कूलों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने की तैयारी

## बच्चों को डेटा साइंस व कम्प्यूटेशनल थिंकिंग, पढ़ाने को शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** प्रदेश के बेसिक स्कूलों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने की तैयारी में सरकार गंभीर है और इसके लिए बच्चों को उच्च प्राथमिक स्तर से ही डिजिटल साक्षरता, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कोडिंग व डेटा साइंस की पढ़ाई को उनके विज्ञान विषय में शामिल किया गया है।

'प्रदेश सरकार के द्वारा परिषदीय विद्यालयों के भौतिक कायाकल्प के साथ ही सरकारी स्कूलों में बच्चों को आधुनिक डिजिटल शिक्षा दिलाने के प्रयास है जारी हैं। विभाग की भी मंशा है कि आठवीं पास कर बच्चा जब दसवीं और इंटर की शिक्षा ग्रहण करें तो तकनीकी शिक्षा में खुद को पिछड़ा न महसूस करें। ऐसे में विभाग ने परिषदीय विद्यालयों और केजीबीवी की छात्राओं को कोडिंग सिखाने की योजना बनाई गई। सरकार की मंशा के अनुरूप एचसीएल फाउंडेशन व राज्य शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद द्वारा विकसित पायलट प्रोजेक्ट की गत वर्ष सफलता के पश्चात अब नए सत्र से इसे पूरे प्रदेश के स्कूलों में लागू किया जाएगा।

**सरकारी स्कूलों के बच्चे भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कोडिंग तकनीक में होंगे दक्ष**

इसके लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश और एचसीएल फाउंडेशन ने मिलकर उच्च प्राथमिक स्तर की कक्षा 6, 7 व 8 के लिए पाठ्यक्रम का निर्माण करके विषयवस्तु को अगले शैक्षिक सत्र 2024-25 से विज्ञान विषय की पाठ्यपुस्तक में दितीय खंड के रूप में दी जाएगी। एससीईआरटी एवं एचसीएल फाउंडेशन ने मिलकर प्रदेश के सभी 75 जिलों में 300 मास्टर ट्रेनर्स बनाने के लिए 26 दिसंबर 2023 से प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जो चार फेरों में दो फरवरी 2024 को पूर्ण हुआ। इसके लिए प्रत्येक जनपद से एक डायट प्रवक्ता, दो एआरपी व एक विज्ञान शिक्षक का चयन का चयन किया गया। प्रदेश के सभी 75 जिलों में चार-चार मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए हैं। अब ये सभी प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर अपने-अपने जनपदों में शिक्षकों को प्रशिक्षित कर उन्हें कोडिंग व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के शिक्षक के लिए तैयार करेंगे। ताकि आगामी सत्र में प्रदेश के सरकारी स्कूल में पढ़ रहे छात्र-छात्राएं भविष्य के लिए तैयार हो सकें।



शिक्षक अरुण सिंह भदौरिया को किया गया सम्मानित। अमृत विचार

जनपद से शिक्षक अरुण भदौरिया इस पाठ्यक्रम के निर्माण से लेकर मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण देने तक लगातार इस कार्यक्रम में राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् उत्तर प्रदेश और एचसीएल फाउंडेशन की कोर टीम में सदस्य के रूप में जुड़े हुए हैं। मास्टर ट्रेनर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफलता पूर्वक समापन पर महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक आईएएस कंचन वर्मा, एससीईआरटी निदेशक, डॉ.सरिता तिवारी, एससीईआरटी संयुक्त निदेशक, डॉ.पवन सचान एवं एचसीएल फाउंडेशन से योगेश व कीर्ति ने शिक्षक अरुण भदौरिया को उनके सराहनीय योगदान के लिए प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो भेंट किया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह ने बताया कि यह हमारे जनपद ले लिए गौरव की बात है कि शिक्षक अरुण भदौरिया जो सुमेरपुर ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय टिकरौली में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं उन्होंने प्रदेश स्तर पर इस पाठ्यक्रम के निर्माण एवं मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण देकर जनपद का नाम बढ़ाया है। इसके लिए वह उन्हें बधाई देते हैं और आशा करते हैं कि वह आगे भी इसी प्रकार कार्य करते रहे।

# पिछड़ों, दलितों व अल्पसंख्यकों की घोर विरोधी है भाजपा : सुरेंद्र सिंह

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी द्वारा चलाए जा रहे पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक (पीडीपी) पखवाड़े के तहत रविवार को सरसेढ़ा, बहगांव व सेक्टर धनौरी में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव सुरेंद्र सिंह लोधी ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। सुरेंद्र सिंह ने ग्रामीणों से कहा भाजपा पिछड़ों, दलितों व अल्पसंख्यकों की घोर विरोधी है। हमें सर्तक रहने की आवश्यकता है। कहा कि भाजपा सरकार लोकतंत्र को खत्म करके राजतंत्र को लाना चाहती है। आने वाली लोक सभा चुनाव में भाजपा को हराने के साथ लोकतंत्र बचाने का काम करना है। कहा कि आज कि लोकतंत्र में जब देखो नेताओं की मन की बात होती है। हमने यह कभी नहीं सुना कि जनता की मन की बात होती हो। कहा कि लोकतंत्र देश के लोगों से बना है। तो लोगों के मन की बात होनी चाहिए।

चौपाल के दौरान अनेक लोगों ने भी संबोधित किया। इस मौके पर इंद्रपाल लोधी, अमर सिंह लोधी, हीरा रैकवार, जयराम पासवान, छोटे खान, घनश्याम नामदेव, प्रेम बाबूजी समेत दर्जनों की तादाद में ग्रामीण मौजूद रहे।



पहरा गांव में चौपाल को संबोधित करते सुरेंद्र सिंह लोधी। अमृत विचार

### सपा पीडीए पंचायत का किया गया आयोजन

**कुरारा (हमीरपुर)।** कस्बे के वार्ड नं पांच में बूथ संख्या 45 में समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व चेयरमैन माया बाल्मीकि मौजूद रही।

पीडीए पंचायत में मौजूद लोगों को माया बाल्मीकि ने बताया कि पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक की सरकार बनाने की बात कही। इस समाज के लोगों समाज में सम्मान व राजनीति में भागीदारी देने के लिए सपा संकल्पित है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर व डॉ.राम मनोहर लोहिया के सिद्धांतों व मुलायम सिंह यादव के संघर्ष के रास्ते पर चलते हुए पार्टी समाजवाद, लोकतंत्र की ओर पथ निरपेक्षता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता रखती है। इस अवसर पर जिला सचिव सपा रहीस अहमद, वर्षा नामदेव नगर अध्यक्ष महिला सभा, गोमती श्रीवास, संदीप यादव, रघुनाथ, हबीब खान, गोविंद वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

# धरती पर अनेक वीरांगनाओं ने अधर्मियों को धूल चटाई



पातालेश्वर मंदिर में आयोजित महाआरती में मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

**हमीरपुर, अमृत विचार।** भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंचज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम धाम के संयुक्त तत्वावधान में हर माह की भांति इस माह भी पातालेश्वर महादेव मंदिर में जिला स्तरीय जनजागरण मासिक महाआरती संपन्न हुईं। महाआरती के प्रारंभ में मां गुरुवर के जयकारे ओम शर्मा व आयुषी पाठक ने लगवाए। इसके पश्चात माता भगवती आदिशक्ति जगत जननी जगदम्बा व योगीराज श्री शक्तिपुत्र महाराज की पावन आरती क्रम संपन्न हुई।

महाआरती में उपस्थित जनसमुदाय को भारतीय शक्ति चेतना पार्टी युवा मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष प्रीति कुशवाहा ने बताया कि आप लोग अपनी शक्ति को पहचाने। आप लोगों ने उस धरती पर जन्म लिया है। जिस धरती पर अनेक वीरांगनाओं ने जन्म लेकर अन्यायी- अधर्मियों को धूल चटाई है। वह शक्ति- सामर्थ्य आपके अंदर भी है। यदि आप लोग चाह ले, तो युग बदलते देर नहीं लगेगी। केवल स्वयं के अंदर निहित शक्ति को पहचानने और उपयोग करने की जरूरत है। टीम प्रमुख लक्ष्मी कुशवाहा ने बताया कि जीवन में सेवाभाव का बड़ा महत्व है। हमें रुपया-पैसा, मान- सम्मान या अन्य चीजें कोई भी दे सकता है। परंतु हमारी आत्मा से एकाकार हमें स्वयं सदगुरु ही करा सकते हैं।

## सार-संक्षेप

### श्रीराम कथा की हर्षोल्लास के साथ निकली कलश शोभायात्रा



मौदहा कस्बे में निकली कलश यात्रा में शामिल झांकी। अमृत विचार

**मौदहा।** कस्बे के गुड़ाई बाजार स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर से रविवार को श्री राम कथा की भव्य कलश यात्रा बड़े हर्षोल्लास से निकाली गई है। यह कलश यात्रा गुड़ाही बाजार कार्यक्रम स्थल से आरंभ होकर नगर भ्रमण के पश्चात पुनः यहीं पर सम्पन्न हुई है। 8नगर में निकाली गई कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं सुंदर कलश सिर पर रखकर गाजे-बाजे के साथ चल रही थीं। विभिन्न देवी देवताओं की सुंदर झांकियां आकर्षण का केंद्र रहा। गुड़ाही बाजार कार्यक्रम स्थल से आरंभ होकर नेशनल चौराहा, थाना चौराहा, मराठीपुरा, बड़ी देवी मंदिर, फतेपुर से तहसील मार्ग, मलीकुआ चौराहा, जीजीआईसी चौराहा से होते हुए पुनः गुड़ाही बाजार में जाकर सम्पन्न हुई है। यात्रा का राम भक्तों द्वारा जगह जगह स्वागत किया गया है। बताते चलें कि मौदहा कस्बा स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के वार्षिक उत्सव पर बजरंगबली सुंदरकांड समिति एवं हजारों रामभक्तों के द्वारा प्रतिवर्ष श्री राम कथा और विशाल भंडारा का आयोजन कराया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष भी भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कथा वाचक देवी गौरांगी देवी द्वारा श्री राम कथा का श्रवण पान रविवार से 12 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर एक बजे से शाम पांच बजे तक कराया जाएगा। 13 तारीख को विशाल भंडारा होगा।

### बिना प्रेम के अधूरा होता है ज्ञान : दुर्गा प्रसाद द्विवेदी



चंद्रपुरवा बुजुर्ग में कथा सुनते श्रद्धालु। अमृत विचार

**सुमेरपुर।** क्षेत्र के चंद्रपुरवा बुजुर्ग गांव के बनका बाबा में चल रहे श्री विष्णु महायज्ञ के छठवें दिन कथा पंडाल में कथा व्यास ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के साथ रुक्मणी विवाह की रोचक कथा सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन कथा व्यास आचार्य दुर्गा प्रसाद द्विवेदी ने रुक्मिणी विवाह और उद्धव गोपी संवाद सुनाते हुए कहा कि प्रेम के बिना ज्ञान अधूरा होता है। वृंदावन धाम की कथा अद्वितीय है। भगवान श्रीकृष्ण को वृंदावन से बेहद लगाव था। उन्होंने बताया कि उद्धव कई महीनों तक ब्रज में रहे तथा जाते-जाते उन्होंने श्रीकृष्ण से यही वरदान मांगा कि यदि पुनः मुझ पर कृपा हो और मैं जन्म प्राप्त करूं तो ब्रज की लता, पता अथवा औषधि बन जाऊँ, या बंदर भिखारी कुछ भी बन जाऊं। जिससे वहां की गोपाङ्गनाओं के चरणों की धूलि उनके मस्तक पर पड़ सके। इन्हीं दिव्य भावों को लिए हुए उद्धव उन गोपिकाओं का स्मरण करते हुए भगवान कृष्ण के पास जाते हैं। उन्होने बताया कि गोपी-उद्धव संवाद की सबसे बड़ी शिक्षा यही है कि अभिमान रहित ज्ञान जो भक्ति से ओतप्रोत हो। उसे प्राप्त करने वाले को भगवान को सहज में ही बहुत प्रिय हो जाते है। इस मौके पर पवन पाल, नरेंद्र पाल, राजू सिंह, राजकरन कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे।

### तीन घरों में घुसकर बीस बकरियां उठा ले गए चोर

**राठ।** मझगवां थाने के कुल्हैंड़ा गांव निवासी जगन्नाथ पुत्र पुन्ना ने बताया कि वह बकरियां पाल कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। बताया कि शुक्रवार की रात उसकी बकरियां घर के अंदर बंधी हुई थीं। चोरों ने दरवाजे से सटे जंगला की सरिया टेढ़ी कर अंदर से हाथ डाल दरवाजे का बेलन खोल दरवाजा खोल लिया। चोर घर के अंदर घुसकर 14 बकरियां चोरी कर ले गए। इसी तरह से चोरों ने धीरेंद्र लोधी के पशु बाड़े में घुसकर 4 बकरियां चोरी कर ले गए। धीरेंद्र ने बताया कि बाड़े में उसके चाचा सो रहे थे। जिन्हें जानकारी तक नहीं हो सकी। चोरों ने गांव के खेम कुशवाहा के घर में घुसकर 2 बकरियां चोरी कर ले गए। चोरों ने गांव के दयाराम अनुरागी के घर में घुसकर चोरी का असफल प्रयास किया। चोरी के दौरान चोरों ने कमरे में रखा सामान फैला कर किसी की आहट मिलने पर भाग खड़े हुए। सुबह ग्रामीणों ने जब घरों से बकरियां गायब देखी तो हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की छानबीन शुरू कर दी है।

### मेंहदी में रीमा और रंगोली में काजल ने पाया प्रथम स्थान



प्रतियोगिता के दौरान रंगोली बनाती छात्राएं। अमृत विचार

**राठ।** कस्बे के बीएनवी इंटर कॉलेज में बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के तहत रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में स्कूल के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने एक से बढ़कर सुंदर रंगोली बनाकर वाहवाही लूटी। मेहंदी प्रतियोगिता में रीमा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आकांक्षा दूसरे और सोनम ने तीसरा स्थान पाया। रंगोली प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने सुंदर सुंदर कलाकृति कालेज के मैदान पर बनाई। काजल, सोनम, डाली, प्रीति एवं हेमा ने रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अभिलाषा, गीतांजली, काजल, राखी व सपना ने दूसरा और साक्षी, चांदनी, ज्योति व वंदना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता छात्राओं को नगर पालिका परिषद के एसआई सोमदत्त चौरसिया ने पुरस्कृत किया। प्रधानाचार्य नरेश चन्द्र आर्य ने सभी प्रतिभागी छात्राओं को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्द्धन किया।

## खेलकूद

**चौधरी पहलवान सिंह इंटर कॉलेज में आयोजित की जा रही रणजीत सिंह मेमोरियल वॉलीबॉल प्रतियोगिता**

# वॉलीबॉल प्रतियोगिता में सजेती को हरा इचौली फाइनल में



इचौली में वॉलीबॉल मैच खेलते खिलाड़ी। अमृत विचार

**मौदहा, अमृत विचार।** क्षेत्र के चौधरी पहलवान सिंह इंटर कॉलेज में चल रहे इचौली महोत्सव में आयोजित चौधरी रणजीत सिंह मेमोरियल वॉलीबॉल प्रतियोगिता में दूसरे दिन रविवार को पहले सेट में लीग मैचों में छह मैच खेले गए। वहीं इचौली ने सजेती को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

रविवार को प्रतियोगिता का पहला मैच पड़वार व बजरंग क्लब इचौली के बीच खेला गया। जिसमें बजरंग क्लब इचौली ने पड़वार को 2-0 से हराया। दूसरा मैच में फतेहपुर डिपो ने पटेल क्लब बरौर को 2-1 से पराजित किया। तीसरे मैच में सजेती ने गोयरा बी को 2-0 से हराया।

चौथे मैच में गोयरा ए ने आदर्श क्लब बांदा को 2-1 से हराया। लीग मैच के बाद पहला सेमीफाइनल सजेती कानपुर व बजरंग क्लब इचौली के बीच खेला गया। जिसमें बजरंग क्लब इचौली ने सजेती कानपुर को 3-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। मैचों में रेफरी बब्बन व शैलेन्द्र सिंह तथा कमेंटेटर ब्रजेश कुमार, शिवकुमार, गणेश प्रसाद ने निभाई। इस मौके पर पूर्व एमएलसी जयवंत सिंह, पूर्व विधायक युवराज सिंह, सहकारी समिति इचौली के अध्यक्ष रणवीर सिंह, प्रधानाचार्य अरुण कुमार यादव, इंद्रजीत सिंह नन्ना, ऋषि राज सिंह, रविकरण सिंह, शिवकुमार गुप्ता, गंगादीन वर्मा प्रधान इचौली, पूर्व प्रधान रामपाल साहू आदि मौजूद रहे।

### दलित युवक पर प्राणघातक हमला

**सुमेरपुर।** चंद्रपुरवा बुजुर्ग निवासी सुमित पुत्र गोरेलाल रविवार को सुबह गांव निवासी खलबल साहू के दरवाजे से गुजर रहा था। यह खलबल को नागवार लगा और उसने गाली देना शुरू कर दिया। सुमित ने गाली देने से मना किया इससे खफा होकर खलबल ने अपने भाई रामसनेही साहू एवं पुत्र पंकज साहू के साथ मिलकर सुमित के ऊपर प्राणघातक हमला बोल दिया और फरसे से प्रहार करके लहूलुहान कर डाला। शोर शराबा सुनकर बचाने दौड़े भाई अमन एवं बहन प्रीति को भी लाठियों से पीट दिया। थानाध्यक्ष राम आसरे सरोज ने बताया कि सुमित की तहरीर पर तीनों खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। सभी हमलावर मुकदमा दर्ज होते ही भूमिगत हो गए हैं।

## एक नजर

### छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**महोबा।** थानाध्यक्ष चरखारी गणेश कुमार द्वारा उपनिरीक्षक राजकुमार यादव के नेतृत्व में गठित की गई पुलिस टीम ने नाबलिग के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में वांछित अभियुक्त अंकित यादव (20) पुत्र छत्रपाल सिंह निवासी ग्राम बगरौन चरखारी को ग्राम करहराकला क्षेत्र चरखारी से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है। अभियुक्त को थाना लाकर उसके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेशी के लिए पुलिस हिरासत में भेजा गया है।

### शराब सहित एक अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे

**महोबा।** जिले में मादक पदार्थ और अवैध शराब के कारोबारियों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस अधीक्षक अर्पणा गुप्ता द्वारा जिले में पुलिस टीमों का गठन कर अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत महोबाकंठ थाना प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम वर्मा द्वारा उपनिरीक्षक विवेक कुमार के नेतृत्व में गठित की गई पुलिस टीम ने 21 क्वाटर अवैध देशी शराब के साथ अभियुक्त जमुनाप्रसाद पाल (35) निवासी ग्राम घुटई महोबकंठ को ग्राम इमलिया तिराहे के समीप से पकड़ा है। अभियुक्त के खिलाफ 60 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकत किया गया है।

### दौरा पड़ने से युवक की मौत

**कुलपहाड़ महोबा।** नगर के हटवारा मोहल्ला निवासी गल्ला व्यापारी चंद्रशेखर उर्फ चंदू अनुरागी 33 के अचानक सीने में दर्द होने पर परिजन अस्पताल ले गए, जहां पर गंभीर हालत होने पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।युवक की मौत से घर मे कोहराम मचा है।

### दबंगों ने किया किसान की भूमि पर कब्जा

**महोबा।** कस्बा कबरई के राजेंद्र नगर निवासी रमजान पुत्र सुबराती ने उपजिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि 1988 में ग्राम मौजा गौहारी कबरई में उसे 1.30 हेक्टेयर भूमि का पट्टा दिया गया था, जिस पर कुछ दबंगों द्वारा जबरन कब्जा कर लिया गया है। बताया कि जब इसका विरोध किया तो उक्त दबंगों ने गाली गलौज कर धमकी दी जा रही है। पीड़ित ने भूमि को दबंगों के कब्जे से मुक्त कराकर दिलाए जाने की अधिकारी से गुहार लगाई है साथ ही जांच कर दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की गई।

# मौसम ने फिर मारी पल्टी, दिन भर रुक रुककर होती रही बूंदाबांदी

**सर्दी का कहर**

**▶▶ ठंड बढ़ने के साथ शाम होते ही फिर से जलने लगे अलाव**

कार्यालय संवाददाता महोबा



ठंड से बचाव के लिए अलाव के पास खड़े लोग व गाय। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दस दिन से निकल रही तेज धूप के बाद रविवार को अचानक मौसम बदल जाने से सर्दी ने एक बार फिर पल्टी मारी, जिससे सर्दी ने जोर पकड़ लिया है, वहीं सारा दिन रुक रुककर होती रही बूंदाबांदी और हल्की बारिश के चलते ठंड बढ़ गई है।

शाम होते ही मौसम ने बढ़ती ठंडक को देखते हुए लोग जल्दी दुकानें बंद कर घरों की तरफ निकल गए, जिससे शाम से ही सड़कों पर सन्नाटा छा गया। दस दिन से बंद चल रहे अलाव सर्दी बढ़ने के साथ ही फिर से जलने लगे।

गौरतलब है कि जहां प्रतिदिन सुबह से तेज धूप निकलती थी, वहीं रविवार को सारा दिन सूर्य देवता के दर्शन नहीं हुए, जबकि बूंदाबांदी और हल्की बारिश रुक रुककर होती रही। आसमान में सारा दिन बादल छाए रहने और तेज हवाओं के चलने से फूल झड़ने के डर से किसान फसल को लेकर खासा चिंतित दिखाई दिया। मटर चने के फूल पाले के चलते खराब हो जाने से रवि फसल की उत्पादन क्षमता घट जाने की संभावना बढ़ गई है। हालांकि किसान बारिश होने की उम्मीद लगाए था, जिससे फसल में पानी की सिंचाई हो सके, लेकिन हल्की फुल्की बूंदाबांदी से फसल को कोई फायदा नहीं दिखाई दे रहा है।

मौसम के एक बार फिर पल्टी मारने से ठंडक ने जोरदार तरीके से दस्तक दे दी है। टीशर्ट और शर्ट पहनकर निकल रहे लोगों को एक बार फिर स्वेटर, कोट पहनने के लिए मजबूर होना पड़ा। बसों में सफर करने वाले लोग भी स्वेटर और कैप पहने नजर आए। वहीं दो पहिया वाहन चालक भी सिर पर टोपा और स्वेटर, जैकेट पहने दिखाई दिए। सर्दी बढ़ने के साथ अलाव के आसपास पुरुषों के अलावा पशु भी अवाल का सहारा लेते दिखाई दिए। सुबह से शाम तक मौसम ठंडा बना रहा।

## पाले के बाद तेज धूप निकलने से 70 फीसदी पान फसल स्वाहा



पाले के चलते जमीन पर टूना पड़ा पान। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, महोबा।** लगातार एक माह तक पाला पड़ने के बाद दस दिन तक निकली तेज धूप के बाद देशावरी पान की फसल बर्बाद हो गई। पहले पान फसल को पाले ने मारा, इसके बाद तेज धूप निकलने पर पान की फसल मुर्झाने के साथ खराब हो गई है। सत्तर फीसदी पान की फसल बर्बाद हो जाने से पान किसानों को 80 लाख रुपये से ज्यादा का नुकसान हुआ है, जिससे पान किसानों के सामने आर्थिक संकट पैदा हो गया है। पान फसल बर्बाद हो जाने से इस साल लोग देशावरी पान का मजा नहीं ले सकेंगे। देश विदेश में मशहूर महोबा का पान लवो की शान पर पाले का ग्रहण लग गया है। पाले के बाद धूप निकलने से लगभग 70 फीसदी पान की फसल बर्बाद हो चुकी है, जिससे पान किसानों के सामने अब रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया है। पान किसानों ने पाला पड़ने पर पान फसल को बचाने के लिए हल्की सिंचाई की, प्रतिदिन धुआं किया, सारे जतन करने के बाद भी किसान पान की फसल को नहीं बचा सके। प्रकृति की मार के चलते पान की पैदावार तेजी से घटती जा रही है, यही कारण है कि महोबा में पान की अधिक खपत होने के बाद भी यहां पर पान की पैदावार कम होने से महोबा में बाहर का पान मंगाकर बेचा जा रहा है। जबकि पहले पान महोबा से सहारनपुर, दिल्ली, मुरादाबाद, कानपुर, लखनऊ सहित तमाम महानगरों में भेजा जाता था। ओलावृष्टि, अतिवृष्टि, आंधी तूफान तो कभी पाले की मार से पान कृषक को तेड दिया है। यही कारण है कि अब पान किसान पान की खेती से ऊब चुका है। इस साल पाले की मार से लगभग 80 लाख रुपये से अधिक की पान फसल बर्बाद हो गई हैं। ठंड से पान बरेजो में लगे पान के पत्ते गल गए और कुछ मुरझा गए, जिससे पान किसान का परिवार के सामने दो जून की रोटी के लाले पड़ गए हैं। हर साल दैवीय आपदा के चलते पान फसल पर संकट छा जाता है, जिसके चलते पान किसान धीरे धीरे वर्षों पुराने पान कारोबार से किनारा करता जा रहा है।

**नुकसान**

**▶▶ 80 लाख रुपये से ज्यादा की बर्बाद हो गई पान की फसल**

### दैवीय आपदा के चलते हर साल बर्बाद होती पान फसल

दैवीय आपदा के चलते हर साल पान की फसल को नुकसान होता है, कभी कम तो कभी ज्यादा नुकसान होता है, लेकिन पान किसान का बीमा न किए जाने पान किसानों को फसल का कोई लाभ नहीं मिल पाता है। इस साल करीब 18 एकड़ में लगाई भी पान की फसल पाले की भेंट चढ़ गई है। पान बरेजा तैयार करने में अधिक लागत आती है, इससे एक बार पान का बरेजा खत्म होने पर पान किसान दोबारा पान बरेजा तैयार नहीं कर पाता है, यही वजह है कि साल दर साल पान की पैदावार कम होती जा रही है, यदि यही हाल रहा तो पान खेती का महोबा जिले से नामोनिशान खत्म हो जाएगा।

–डा0 रामसेवक चैरसिया, पूर्व वैज्ञानिक पान अनुसंधान केंद्र महोबा

# मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 166 मरीजों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

## अजनर, खमा, आकौना पीएचसी में आयोजित स्वास्थ्य मेले में जुटी मरीजों की भारी-भीड़

कार्यालय संवाददाता महोबा



स्वास्थ्य मेले मरीजों का परीक्षण करते डॉक्टर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अजनर, ग्राम खमा और ग्राम अकौना पीएचसी में किया गया, जहां पर 166 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर सभी को मुफ्त दवाएं वितरित की गई। पीएचसी स्तर पर लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में आए डाक्टरों ने ग्रामीणों को गांव स्तर पर पहुंचकर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिया, जिससे ग्रामीण भी खासा खुश नजर आए।

गांव गांव में आयोजित किए गए मुख्यमंत्री आयोग्य मेला की जानकारी मिलते ही ग्रामीण अंचलों के मरीज स्वास्थ्य मेले में सुबह से ही पहुंच गए, जहां पर ग्रामीणों ने अपना पंजीयन कराया, इसके बाद नम्बर आने पर डाक्टरों ने उनका चेकअप किया। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद मरीजों को निशुल्क दवाएं वितरित की गई और जरुरतमंदों को इंजेक्शन भी लगाए गए। सारा दिन स्वास्थ्य मेले में आसपास के ग्रामीण अंचलों से आने जाने वाले मरीजों की भीड़ जुटी रही। डाक्टरों ने एक एक मरीज का ठीक तरह से परीक्षण कर दवा दी गई।

मौसम के बदलते मिजाज से सर्दी जुकाम बुखार उल्टी दस्त के मरीजो की संख्या में इजाफा हो रहा है, जिसके चलते स्वास्थ्य मेले में उपचार कराने के लिए मरीजों की अच्छी खासी भीड़ जुटी। आयुष्मान आरोग्य मंदिर खमा मे डाा0 हिमाँशी सिह,डाँ पी एन शर्मा, शैलेन्द सिह, जेपी पस्तोर, प्रेमनारायन सैनी की देखरेख मे 51 मरीजो का इलाज कर स्वास्थ के बावत सलाह दी गई। अजनर मे 52 मरीज का परीक्षण सुरेन्द्र कुमार, शैलेन्द्र कुमार, भगवती, नीतू, अरूण व अन्य डाक्टरों द्वारा किया गया, वहीं अकौना में आयोजित मेले में डा0 आशुतोष सोनी, अविनाश कुमार, सोमवती द्वारा 63 मरीजो का इलाज कर निशुल्क दवा वितरित की गई।

# कैंसर जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं ने लोगों को किया जागरूक

**▶▶ विश्व कैंसर दिवस पर अग्रवाल समाज महिला उत्साद समिति ने चलाया अभियान**

कार्यालय संवाददाता महोबा




विश्व कैंसर दिवस पर जागरुक करती महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विश्व कैंसर दिवस पर अग्रवाल समाज महिला उत्सान समिति महोबा के तत्वावधान में शहर के ऊदल चैक में कैंसर जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। अभियान के तहत जनमानस को कैंसर से बचाव के प्रति जागरूक किया गया साथ ही तंबाकू, सिगरेट, गुटखा, बीड़ी, पान मसाला के सेवन से बचने के लिए और जीवन शैली में बदलाव के प्रति सचेत किया गया।

इस मौके पर माया अग्रवाल ने कहा कि तंबाकू, सुपारी, पान मसाला एवं गुटकों के सेवन से मुंह, जीभ, खाने की नली, पेट, गले, गुर्दे और अग्नाशय (पेनक्रियाज) का कैंसर होता है। जबकि महिलाओं में कैंसर अधिक गर्भपात होने अथवा कराने से ज्यादा बच्चे होने और कम या अधिक आयु में मां बनने से भी हो सकता है। स्तन का कैंसर स्तनपान न कराने अधिक आयु में मां बनने एवं चोट लगने जैसे कारण भी हो सकते है, इसलिए इससे बचाव करने की आवश्यकता है।

रश्मि अग्रवाल ने कहा कि कैंसर के 40 से 50 फीसदी मामलों को जीवनशैली में बदलाव कर इसके प्रभाव को रोका जा सकता है। 10 से 20 प्रतिशत कैंसर की रोकथाम स्वयं का निरीक्षण या अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देकर किया जा सकता है। अगर कैंसर का पता शुरुआती दौर में लग जाए तो इससे मुक्ति पाना संभव है। कहा कि कैंसर को लोगों ने अपने जीवन में कैंसर को खतरनाक बीमारी बना लिया है, जबकि सच तो यह है कि इससे अब डरने की ज्यादा जरूरत नहीं है। केवल सही जानकारी के साथ जागरूक रहते हुए इस बीमारी के कारणों से बचाव कर इसे रोका जा सकता है। जागरुकता अभियान के मौके पर पूनम अग्रवाल, उमादेवी, विभावरी गुप्ता, भारती सुल्लेरे सहित तमाम महिलाएं मौजूद रहीं।



मैच खेलते खिलाड़ी। अमृत विचार

## टीचर्स इलेवन ने अधिवक्ता इलेवन को 76 रन से हराया

**▶▶ अधिवक्ताओं की टीम 12 ओवर में ही ऑल आउट हो गई**

**कुलपहाड़ महोबा।** अधिवक्ता इलेवन एवं टीचर्स इलेवन के बीच रविवार को एस के महाविद्यालय क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मैच में टीचर्स इलेवन ने अधिवक्ता इलेवन को 75 रनों से हरा दिया। क्रिकेट मैच का उद्घाटन उपजिलाधिकारी अनुराग प्रसाद ने किया। टीचर्स टीम ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवरों में तीन विकेट होकर 150 रन का स्कोर खड़ा किया, जिसमें अमित द्विवेदी ने 43 रन, देवकरण राजपूत ने 28 और विशाल भारती मिश्रा ने 12 रन बनाकर आउट हो गए। जवाब में उतरी अधिवक्ताओं की टीम 12 ओवरों में मात्र 75 रन ही बनाकर ऑल आउट हो गई। टीचर्स इलेवन के गेंदबाजों के सामने अधिवक्ताओं के खिलाड़ी टिक नहीं सके। तू चल मैं आता हूं की तर्ज पर एक के बाद एक खिलाड़ी आउट होते चले गए। इसमें छत्रपाल यादव व देवकरण राजपूत ने तीन तीन विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया। 76 रन से अधिवक्ताओं की टीम को हार का सामना करना पड़ा। मैच में रमेश यादव एवं नरेश रिछारिया ने अम्पायरिंग की। बाद में टीचर्स और डॉक्टर की संयुक्त टीम के साथ अधिवक्ताओं का दूसरा मैच खेला गया, जिसमें अधिवक्ताओं ने संयुक्त क्रिकेट टीम को पांच विकेट से हरा दिया।

## खंडहर में तब्दील हो गया जायस में बना आबकारी भवन

लक्ष्मण प्रसाद वर्मा

**अमेठी।** करोड़ों की लागत से बना आबकारी प्रशिक्षण केंद्र का भवन देखरेख के अभाव में अब जर्जर अवस्था में पहुंच गया है। जिसकी देखरेख न तो जिला प्रशासन ही कर रहा है और न ही सरकार। जिसके चलते 25 वर्ष पूर्व बनाए गए आबकारी प्रशिक्षण केंद्र अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। 80 के दशक में बने आबकारी भवन में पहले गैस प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया जाता था। जायस के जगदीशपुर रोड़ पर कस्बे से महज दो किलोमीटर दूर मोल्वी खुर्द चौराहे पर 80 के दशक में बने भवन को 16 सितंबर, 1991 को उत्तर प्रदेश के आबकारी तथा परिवहन मंत्री रहे सत्य प्रकाश विकल ने लगभग सात बीघा क्षेत्रफल में फैले आबकारी विभाग के प्रशिक्षण संस्थान का उद्घघाटन किया था। स्थानीय लोगों ने इलाके की तेजी से तरक्की की कल्पना करते हुए अनेक सपने बुन डाले थे। वहीं बने उक्त भवन को बड़ी संख्या में लोग प्रतिदिन देखने भी आने लगे थे, लेकिन शायद यही खूबसूरती उसकी राह में ऐसी बाधा बन गई कि देश व प्रदेश की तमाम राजनीतिक उलझनों के चलते विभाग उसे किसी उपयोग में नहीं ला पा रहा है।



## विद्यार्थी का अच्छा आचरण विद्यालय व संस्कारों का दर्पण है : गंगेले

**▶▶ आगोष्ठी में विद्यालय मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया**

**कार्यालय जैतपुर महोबा।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय मगरौलकला प्रबंधन द्वारा एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि समाजसेवी संतोष गंगेले रहे। गोष्ठी में विद्यार्थियों के जीवन को बेहतर दिशा देने, उनके संरक्षण पर वक्ताओं ने चर्चा की। बुंदेलखंड क्षेत्र के छात्र छात्राओं के जीवन को बेहतर बनाने और सामाजिक कार्यों से लोगों को जागरुक करने का काम करने वाले समाजसेवी संतोष गंगेले ने कहा कि अनुशासित जीवन ही विद्यार्थी को सफलता की ओर ले जाता है, इसलिए सफलता पाने के लिए अनुशासन के तहत जीवन जीना अति आवश्यक है। कहा कि विद्यार्थी किसी भी जगह पर जाकर अच्छा आचरण करते हैं तो वह उनके विद्यालय व संस्कारों का दर्पण होता है। कार्यक्रम में समाजसेवी ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की नैतिक शिक्षा की कहानियों के माध्यम से तथा विचारों से प्रभावित किया और उन्हें कहानियों के माध्यम से उत्तम शिक्षा ग्रहण कर समाज और राष्ट्र सेवा करने के लिए तैयार किया गया इस अवसर पर उन्होंने सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी। गोष्ठी में विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्येंद्र नारायण नायक ने कहा कि विद्यालय में छात्र छात्राओं में अनुशासन, भारतीय संस्कृति, संस्कारों, शिक्षा, खेलकूद सहित तमाम प्रतियोगिताओं तमाम विद्यालय से जुडी सुविधाओं के लिए हर तीन माह में विद्यार्थियों के माता पिता व संरक्षक को कार्यक्रम का आयोजन कर विद्यालय में बुलाया जाता है है। गोष्ठी के मौके पर कक्षा एक से आठ तक के चयनित होनहार बच्चों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया, जिसमें कक्षा एक की वैष्णवी कक्षा दो की प्रांशी कक्षा तीन अक्षरा कक्षा चारके अंश राजपूत, कक्षा 5 दीपक कुशवाहा, कक्षा 6 से नैंसी राजपूत, कक्षा से 7 प्रिंस विश्वकर्मा और कक्षा 8 के राजेश को सम्मानित किया गया ।साथ ही प्रतियोगिता पुस्तकों का वितरण भी किया गया। इस मौके पर शिक्षक भूपेंद्र कुमार, रामकुमार, मुकेश कुमार, संतोष कुमार आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### उम्र दराज महिला का किया सम्मान

माध्यमिक विद्यालय मंगरोल कला कंपोजिट विद्यालय आयोजित गोष्ठी में जनपद की सबसे बुजुर्ग महिला श्रीमती रतन दुलैया राजपूत निवासी ग्राम मगरौनकला को आमंत्रित किया गया जो पुत्र कालीचरन लोधी राजपूत के साथ विद्यालय में उपस्थित हुई। सबसे बुजुर्ग महिला का विद्यालय परिवार ने पुष्माला पहनकर और मिष्ठान खिलाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर समाजसेवी संतोष गंगेले द्वारा उक्त बुजुर्ग महिला का सम्मानित भी किया गया।

## सार-संक्षेप

### राम चरित्र मानस विश्व का अद्वितीय ग्रंथ



मानस सम्मेलन में बोलते प्रवचनकार। अमृत विचार

**▶▶ ग्राम बसौठ में मानस सम्मेलन के समापन पर हुआ भंडारे का आयोजन**

**कार्यालय संवाददाता महोबा।** विकासखंड चरखारी के ग्राम बसौठ में मानस सम्मेलन के मौके पर आकाशवाणी के मानस प्रवचनकार व संगीताचार्य जगप्रसाद तिवारी ने प्रवचन करते हुए कहा कि कलयुग में भगवान रामचंद्र जी की पावन कथा सुनने से मानव की समस्त आपत्ति दूर हो जाती है। उन्होंने कहा कि कलयुग में केवल भगवान श्रीराम का नाम जपने से ही मनुष्य इस भव सागर से पार उतर सकता है। प्रवचनकार ने कहा कि रामचरित्र मानस विश्व का अद्वितीय ग्रंथ है। श्रीराम चरित्र मानस की एक एक चैपाई महामंत्र है। रामचरित्र मानस हमे जीवन जीना सीखाती है। राम चरित मानस का पाठ करके हम अपने धर परिवार व समाज को सतपथ पर चलने के लिए राह बता सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत जैसे परित्र राष्ट्र में जन्म मिलना बड़े सौभाग्य की बात है। हमारे देश भारत में भगवान ने 24 बार अवतार लिए हैं, इसलिए इस धरती को भारत माता कहते हैं और हमारे देश की प्रशंसा स्वर्ग से देवता भी करते है। मानस सम्मेलन में संगीताचार्य ने कहा कि रामचरित मानस में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्श को पढ़कर हमें उनके चरित्र को अपने जीवन में उतारना चाहिए। रामचरित मानस एक ग्रंथ ही नहीं, अपितु समूचे मानव जीवन का आधार है। मानव जीवन में वास्तविक मूल्यों की स्थापना के लिए मानस का अध्ययन और उसके आदर्शों को आत्मसात करना प्रत्येक मनुष्य के लिए परम आवश्यक है। जीवन में मानवीय मूल्यों की स्थापना आवश्यक है और यह मानवीय मूल्य मनुष्य को रामचत्रि मानस के अध्ययन से प्राप्त होते हैं। इस मौकेपर संत भुवनानंद संत, राजेश्वरानंद, गोपालनंद सहित अधिक संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कथा समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

### पुराने पैसे के लेन देन को लेकर हुई मारपीट, मौत

**अमेठी।** जायस क्षेत्र के मिल एरिया क्षेत्र में इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास रविवार को एक वाहन स्वामी और मकैनिक में पैसे के लेनदेन को लेकर हांथापाई हो गई। हांथा पाई के दौरान वाहन स्वामी अचानक जमीन पर गिर गया, देखते ही देखते उसकी धड़कने तेज हो गई। वहां मौजूद लोगों ने सीपीआर देकर नजदीकी एक निजी क्लीनिक में उपचार कद लिए ले गए। लेकिन स्थित खराब होने की वजह से डॉक्टर ने उन्हें दूसरे अस्पताल में इलाज कराने के लिए सलाह दी। जायस कोतवाली क्षेत्र के मिल एरिया के समीप इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास जायस कस्बा के मोहल्ला काजीमगंज निवासी सद्दाम पुत्र गांधी ट्रक रिपेयरिंग करने का काम करता है। रविवार को भी सद्दाम अपनी दुकान पर था। सूत्रों से जानकारी मिली कि कुछ दिन पहले थाना गौरीगंज क्षेत्र के गुजर टोलिया निवासी अनीश अहमद पुत्र जमील (40) ने अपने ट्रक का इंजन मकैनिक सद्दाम से ठीक कराया था। रविवार को फिर से अनीश अपनी ट्रक लेकर मकैनिक मंजीत के यहां ट्रक में कोई काम करवाने के लिए लेकर आया था। इसी दौरान अनीश सामने वाली चाय की दुकान पर चाय पीने चला गया। दोपहर बाद करीब ढाई बजे चाय की दुकान पर सद्दाम ने अनीस को देखा तो वह दुकान पर जाकर पैसे मांगने लगा। इसी दौरान सद्दाम और अनीश में पुराने पैसे के लेन देन को लेकर आपस में कहासुनी होने लगी।

### दुष्कर्म का फरार आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

अमेठी। अमेठी पुलिस ने दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट में वांछित एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को उप निरीक्षक राम चेत मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर दुष्कर्म व पास्को एक्ट में फरार चल रहे आरोपी पंकज प्रजापति पुत्र बृजलाल (23) निवासी परसांवा को अमेठी बाई आपस फ्लाईओवर के पास से गिरफ्तार किया गया है। इस सम्बंध में दरोगा ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया गया है।

**कार्य युद्धस्तर पर** 411 किलोमीटर लंबी लाइन पर दो साल के अंदर बिछाई जाएंगी रेल पटरी

# झांसी मानिकपुर रेल लाइन पर मिट्टी कार्य के बाद बिछने लगी पटरियां

कार्यालय संवाददाता महोबा।





पुलिया निर्माण में लगी मशीन व बिछाई जा रही रेल पटरी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** झांसी मानिकपुर और खैरार जंकशन से भीमसेन तक 411 किमी0 लंबी रेल लाइन पर पटरी बिछने का कार्य युद्धस्तर पर शुरू हो गया है, जिससे अब रेल लाइन का दोहरीकरण हो जाने बुंदेलखंड के लोगों को झांसी, कानपुर, मानिकपुर, प्रयागराज आने जाने में एक से डेढ़ घंटे का समय कम लगेगा साथ ही दूसरी रेल के इंतजार में सिंगल ट्रैक होने के कारण एक दूसरी रेल के आ जाने के इंतजार में खड़ी रहने वाली ट्रेनों को निजात मिलेगी। रेलवे ट्रैक के दोहरीकरण के लिए केंद्र सरकार द्वारा पूर्व में स्वतीकृत की गई धनराशि से कार्य भी तेज गति से चल रहा है।

रेल लाइनप पर कार्य कराने के लिए अलग अलग हिस्सों में कई निर्माण एजेंसियों को काम सौंपा गया था, पहले चरण में रेल ट्रैक की साइड पर मिट्टी डालकर ऊंचाई का काम पूरा होने के बाद, मिट्टी को लेविलिंग भी करा दिया जाने के बाद ट्रैक बिछाने का काम शुरु करा दिया गया है, जबकि रेलवे ट्रैक पर बनने वाले छोटे छोटे पुलों का निर्माण कार्य भी युद्ध स्तर पर चल रहा है, जबकि कुछ पुलियां बनकर तैयार भी हो गई हैं। कुटाई का पूरा काम हो चुका है वहां पर गिट्टी डालकर पटरी बिछाने का काम अलग अलग टुकड़ों में चालू हो गया है। झांसी मानिकपुर रेल लाइन पर पटरी बिछाए जाने से क्षेत्र वासियों में खासी खुशी दिखाई दे रही है।

ब्रिटिश हुकूमत के दौरान मानिकपुर से झांसी और खैरार जंकशन से भीमसेन तक रेल लाइन बिछाई गई थी। आजादी के 76 साल बाद आज भी सिंगल ट्रैक पर ट्रेनें दौड़ रही हैं, जिससे रेल मार्गों पर यात्रा करते समय बुंदेलों को ट्रेनों की क्रासिंग के समय घंटो एक दूसरी ट्रेन आने के इंतजार में खड़ा रहना पड़ता है, जिससे यात्रियों का सात घंटे का सफर नौ से दस घंटे में पूरा होता है। लगभग सात साल पहले मोदी सराकार ने बुंदेलखंड की सिंगल रेल लाइनों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए झांसी से मानिकपुर तक और खैरार जंकशन से भीमसेन तक दोहरीकरण का कार्य कराए जाने की घोषणा की थी, इसके बाद दोहरीकरण के लिए धनराशि भी स्वीकृत कर दी थी। धनराशि स्वीकृत होने के बाद लगभग आधा दर्जन निर्माण एजेंसियों ने टेंडर प्रक्रिया पूरी करने के बाद अलग अलग हिस्सों का काम लेने के बाद पहले मिट्टी और छोटी छोटी पुलियों का काम करने के बाद अब पटरी बिछाने का कार्य तेज कर दिया है। मार्च 2026 तक झांसी मानिकपुर रेल लाइन के दोहरीकरण कार्य और खैरार जंकशन से भीमसेन कानपुर तक 411 किमी0 रेल लाइन का दोहरीकरण कार्य पूरी कराए जाने की समय निर्धारित कर दी गई है।

### मेजर, माइनर मिलकर 501 पुलों को हो रहा निर्माण

झांसी मानिकपुर रेल ट्रैक और खैरार जंकशन से भीमसेन तक पुल बनाए जाने वाले 501 पुलों में मुख्य पुल 05, मेजर पुल 39 और माइनर पुल 457 पुल बनाए जाने हैं। माइनर पुलों का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है, जबकि कुछ पुलियों का कार्य अंतिम चरण पर पहुंच गया है। उत्तर मध्य रेलवे के उप मुख्य अभियंता ने बताया कि खैरार से भीमसेन और मानिकपुर से झांसी लाइन के दोहरीकरण के अनुमानित लागत 4339 .54 करोड़ है।

### यह एजेंसियां करा रहीं हैं दोहरीकरण का कार्य

बरुवा सागर से मऊरानीपुर सेक्सन तक त्रिवेणी वीकल्प वैष्णों एजेंसी को रेलवे लाइन का काम दिया है, जो अपने हिस्से का काम कराने में जुटी हुई है। इसी तरह हरपालपुर से महोबा सेक्सन तक का काम घनाराम इफ्रा इंजीनियर्स प्रा0 लि0 न्यू देहली को सौंपा गया है, जो मिट्टी डालने के अलावा माइनर पुलो के निर्माण कार्य करा रही है। रेशनल कंस्ट्रक्शन लि0 प्रयागराज एजेंसी को मेजर पुलों के निमार्ण का कार्य बरुवा सागर से मऊरानीपुर सेक्शन तक का सौंपा गया है। मे0 डीपीसी एमबीपीएल माल रोड आगरा एजेंसी को दिया गया है, इसी तरह दो इंर्पोटेंट पुलों के निर्माण का कार्य बेतवा नदी और धसान नदी का कार्य मे0 एनडीसीपीएल बीआरबीए जेबी कोलकत्ता को सौंपा गया है।

# अंतर्जनपदीय बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़, गोली लगने से एक घायल

संवाददाता, जालौन

**अमृत विचार।** सओजी/सर्विलांस टीम जालौन एवं थाना डकोर की सयुंक्त टीम द्वारा हाईवे आदि पर लूट करने वाले 3 शातिर अंतर्जनपदीय अभियुक्तों को घटना कारित करते समय पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के पास से अबैध असलाह ,खोखा व ज़िंदा कारतूस ,बाइक व 1 लाख 3 हज़ार 150 रुपए नगद बरामद हुए जो की दिनांक 9.12.23 को थाना कोतवाली ऊरई के चौरसी में एक व्यक्ति के साथ टप्पेवाज़ी में प्राप्त चैन के बेचने से प्राप्त है ।गिरफ़्तार अभियुक्तों में से एक अभियुक्त गोली लगने से घायल हुआ

आपको बता दे किजनपद में विगत माह में कुछ लूट/ टप्पेबाजी की घटनाएँ प्रकाश में आयी थी। जिस पर एसओजी/सर्विलांस व जनपदीय पुलिस द्वारा अभियुक्तों की गिरफ़्तारी का प्रयास किया जा रहा था ।इसी क्रम में आज दिनांक 4.02.2024 को थाना डकोर व एसओजी/ सर्विलांस टीम द्वारा चेकिंग की जा रही थी।मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग राठ जाने वाले हाईवे पर अवैध असलाह के साथ आने जाने वाले लोगो के साथ लूट का प्रयास कर रहे है।

सूचना पर पुलिस की सयुंक्त टीम द्वारा दबिश देकर अभियुक्तों की गिरफ्तार का प्रयास किया तो अभियुक्तों द्वारा भागने का प्रयास करते हुए पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फ़ायरिंग की गई जिसमे टीम बाल बाल बची। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जवावी फ़ायरिंग की गई जिसमें एक अभियुक्त गोली लगने से घायल हुआ तथा 2 अन्य अभियुक्त गिरफ़्तार हुए। अभियुक्तों के पास से अबैध शस्त्र, जिंदा व खोखा कारतूस व नगद क़रीब 103150/₹ हज़ार रुपए आदि सामान बरामद हुए। घायल अभियुक्त रिंकू उर्फ रौनक उर्फ रहमान को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया। उक्त पुलिस मुठभेड़ एवं बरामदगी के संबंध में अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने रोपित किया पौधा

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** पर्यावरण संरक्षण समिति के तत्वाधान में प्रोग्रेसिव एंड प्रैक्टिशनर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर राजेंद्र वीर सिंह चौहान ने तपोभूमि में सीता अशोक का पौधा रोपित किया।

इसी के तहत मौजूदा समय में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर केंद्रीय विद्यालय की ओर पौधारोपित करने का कार्य निरंतर जारी है। समिति जन्मदिन, पुण्यतिथि, शादी सालगिरह, सहित हर खुशी के मौके पर लोगों को प्रोत्साहित कर पौधारोपण का कार्य निरंतर कर रही है। इसी क्रम में रविवार को प्रोग्रेसिव और प्रैक्टिशनर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेंद्र वीर सिंह चौहान ने अपने सहयोगी वृक्ष मित्र अशोक शुक्ला व जयकरण साहू के साथ सीता अशोक का पौधा रोपित कर संरक्षित करने का संकल्प दिलाया। इस मौके पर समिति के संरक्षक मुनीर खान, अध्यक्ष संतोष कुशवाहा ग्रीन मैन, पवन ट्रेलर, राखी शिवहरे, प्रीति, रज्जू गुप्ता, सिद्दीक मसूरी, शिव कुमार, योगेश योगी,बीडीसी अमर सिंह,संतोष चक्रवर्ती आदि मौजूद रहे।

# राहगीरों के आवागमन पर विधायक का जोर

कालपी(जालौन)



सीसी सड़क निर्माण को देखते विधायक प्रतिनिधि।

**अमृत विचार।** स्थानीय नगर के मुख्य बाजार में पौने चार करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन सीसी सड़क में कार्यदायी संस्था तथा इंजीनियरों के मनमाने रवैये के कारण राहगीरों, दुकानदारों तथा वाहन चालकों को निकालना दूभर हो गया है। सड़क किनारे साइड से आवागमन को लेकर विधायक विनोद चतुर्वेदी ने लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता को समस्या के निदान करने के निर्देश दिए हैं।

लोक निर्माण विभाग खंड तृतीय की निगरानी में एम.एस अग्रवाल कंपनी के द्वारा पौने दो किमी. लंबी सड़क नगर के मुख्य बाजार के बीचोबीच बनाई जा रही है। सीसी सड़क के निर्माण की वजह से छोटे तथा बड़े वाहनों का निकलना पूर्णता बंद हो गया है। निर्माणाधीन सड़क के दोनों तरफ डेढ़ दो मीटर चौड़ी जगह को भी ठेकेदार ने साफ नहीं करवाया। जिससे पैदल तथा दो पहिया वाहन चालक भी नहीं निकल पा रहे हैं।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत चलाया गया जागरूकता अभियान

उरई, जालौन

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत परिवहन विभाग, यातायात पुलिस, सामाजिक कार्यकताओं के संयुक्त सहयोग से भगत सिंह चैराहा उरई में सड़क सुरक्षा सम्बन्धी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल, वीर बाहदुर सिंह, प्रभारी यातायात, सामाजिक कार्यकर्ता अलीम सर, डॉ0 ममता स्वर्णकार रामप्रकाश वर्मा उर्फ मुखिया, रामू गुप्ता, सद्भावना एकता मंच के अध्यक्ष लक्ष्मण दास बावानी, श्रीमती गरिमा पाठक आदि लोग उपस्थिति रहे, जिसमें मुख्य रुप से राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल का अहम सहयोग रहा।

दो पहिया वाहन चालकों को हेल्मेट पहनकर व चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट पहनकर वाहन चलाने का अनुरोध किया गया साथ ही अपील की गयी कि वे नशे की हालत में वाहन न चलाये व वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें, वाहन ओवर स्पीड में न चलायें, दुर्घटना में घायलों की सहायता करें, क्षमता से अधिक माल व सवारी न ढ़ोये। साथ ही परिवहन विभाग, यातायात पुलिस व सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा बिना हेल्मेट व सीट बेल्ट के वाहन का संचालन करने वाले वाहन चालकों को माला पहनाकर सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरुक किया गया तथा उनसे शासन, उनके परिवार की तरफ से अनुरोध किया गया कि वह बिना हेल्मेट व सीट बेल्ट के वाहन का संचालन न करें।



घर के मलबे में दबी गाड़िया। अमृत विचार

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मीर वाजिद अली का पुश्तैनी मकान ढहा

संवाददाता, रायबरेली

▸▸ **वक्फ बोर्ड के अधीन थी इमारत, ध्वस्तीकरण के लिए पालिका को लिखा गया था पत्र**

**अमृत विचार।** शहर में एक पुरानी बिल्डिंग गिरने से हड़कंप मच गया। मलबे में दबकर कार समेत दो वाहन क्षतिग्रस्त हुई है। गनीमत रही कि कोई जनहानि नही हुई है। बिल्डिंग को गिराने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को पत्र भी लिखा गया था। लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नही हुई। रविवार को अचानक भरभरा कर जर्जर बिल्डिंग गिर गई। उक्त इमारत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मीर वाजिद अली का पुश्तैनी बताया जा रहा है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के किला बाजार में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मीर वाजिद अली का पुश्तैनी मकान है। इस मकान को शहर में पीली कोठी के नाम से सोहरत प्राप्त है। इस बिल्डिंग को वक्फ बोर्ड को दिया गया था। जानकारों की माने तो यह इमारत एक सौ साल से भी अधिक पुरानी है। वर्तमान में यह पूरी तरीके से जर्जर थी। इस बिल्डिंग में कोई रहता नही था। रविवार सुबह अचानक इसके भरभरा कर गिरने के बाद आसपास हड़कंप मच गया। लोग एक दूसरे से बिल्डिंग के गिरने की जानकारी लेते रहे, लेकिन इसके मलबे दब कर एक डिजायर कार व एक ई रिक्शा ही क्षतिग्रस्त हुए हैं। गौरतलब है इमारत वक्फ बोर्ड के अधीन रही है। पहले लोग इसमें रहते थे, लेकिन इमारत के जर्जर होने के कारण खाली करा दिया गया था।

# सूर्य प्रकाश को हटा विवेक को मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी



भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक पांडेय को मिठाई खिलाते जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी।

**महराजगंज, रायबरेली।** लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा संगठन को नई ऊर्जा देने की तैयारी पदाधिकारियों ने शुरू कर दी है। इसी क्रम में बदलाव करते हुए मंडल अध्यक्ष महराजगंज सूर्य प्रकाश वर्मा को हटाकर विवेक पांडेय को मनोनीत किया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी ने नवमनोनीत मंडल अध्यक्ष को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

नवमनोनीत भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कहा कि संगठन को मजबूत करना पहली प्राथमिकता है। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा अवस्थी ने कहा कि विवेक पांडेय के मंडल अध्यक्ष बनने से क्षेत्र में भाजपा को और मजबूती मिलेगी। इस बार रायबरेली में कमल खिलना तय है। इस मौके पर शिवम मिश्रा, भूपेश मिश्रा, सरदार प्रिकंल सिंह, पवन साहू, विद्यासागर अवस्थी, सरोज गौतम, शेर बहादुर सिंह, टिंकू अवस्थी आदि ने खुशी जताई है।

# लोस चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को जीत दिलाना प्राथमिकता



पदाधिकारी को करते सम्मानित।

**सरेनी, रायबरेली।** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत भारतीय जनता पार्टी की गतिविधियां तेजी से बढ़ती दिखाई पड़ रही है। जिला नेतृत्व के निर्देश पर शनिवार को सरेनी शहीद स्मारक में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई, जिसमें गांव चलो अभियान के मद्देनजर संयोजक, प्रवासी, मंडल कार्यकारिणी शक्ति केंद्र प्रमुख आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। सरेनी मंडल की कार्यशाला के मुख्य अतिथि भाजपा प्रवासी सुशील शुक्ला ने कार्यकर्ताओं को पार्टी के चुनावी कार्यक्रम गांव चलो अभियान के बारे मे विस्तार से बताया। कहा कि 4 फरवरी से 11 फरवरी तक सभी संयोजक और प्रवासी कार्यकर्ताओं को गांव में प्रवास करके घर-घर संपर्क करना है। प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी सरकार के जनहित की योजनाओं के बाबत लोगों को जानकारी देना है और बूथ समितियो की बैठक कर पन्ना प्रमुख आदि जो भी छूटे हुए हैं उनको बनाना है। कार्यशाला में नमो ऐप भी डाउनलोड कराया गया। साथ ही कार्यकर्ताओं से पार्टी की गतिविधियों को नमो ऐप सहित सरल ऐप में फोटो सहित भेजना भी है।

# पचनेही में राम चरित मानस पाठन प्रतियोगिता का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** कृष्ण गोपाल त्रिपाठी स्मृति में राम चरित मानस पाठन प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को ग्राम पचनेही के रामलीला मैदान में किया गया, जिसमें गांव के विभिन्न स्कूलों से कक्षा- 6 से 12 तक के बच्चों ने भाग लिया। इन बच्चों को शील्ड के साथ राम चरित मानस की पुस्तक व प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

प्रतियोगिता में पं.दीनदयाल उपाध्याय मॉडल स्कूल पचनेही कक्षा-12 के छात्र पवन सिंह को प्रथम, रामेश्वर प्रसाद इंटर कॉलेज पचनेही की कक्षा-10 की छात्रा पलक सिंह को द्वितीय तथा रामेश्वर प्रसाद इंटर कालेज पचनेही की कक्षा-10 की छात्रा आस्था सिंह को तृतीय स्थान मिला। इन बच्चों को शील्ड के साथ राम चरित मानस की पुस्तक व प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। प्रवक्ता रामेश्वर प्रसाद इंटर कालेज पचनेही जानकी प्रसाद गुप्ता तथा डॉ.त्रियुगी नारायण त्रिपाठी की द्विसदस्यीय निर्णायक पीठ ने प्रस्तुतियों का आंकलन कर नंबरों के आधार पर टॉप टेन प्रतिभागियों की सूची प्रस्तुत की। पद्मश्री से सम्मानित जल योद्धा उमाशंकर पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता ज़िलाधिकारी के प्रतिनिधि जिला विकास अधिकारी रमाशंकर सिंह ने की। मंचासीन वक्ताओं में ग्राम प्रधान पचनेही आशा देवी, प्रदेश उपाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद डॉ.ममता त्रिपाठी, समाजसेवी डॉ.जगदीश सिंह, पत्रकार सुधीर निगम, रेनू निगम, डॉ.लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, ललक सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि महोखर धीरेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान विनय सिंह, पूर्व प्रधान भूपत यादव, दिनेश सिंह, योगराज तिवारी आदि ने सभा को संबोधित कर बच्चों का उत्साहवर्धन व मार्ग दर्शन किया।

# नेत्र परीक्षण कर छात्राओं को वितरित किए चश्मे

संवाददाता, तिंदवारी (बांदा)

**अमृत विचार।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में आयोजित नेत्र जांच शिविर में विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सकों ने छात्राओं की आंखों का परीक्षण किया। शिविर में दृष्टि दोष से चिन्हित छात्राओं को चिकित्सकों नि :शुल्क चश्मा वितरित करते हुए आंखों की सुरक्षा के उपाय बताए। साथ ही मोबाइल व टीवी से दूरी बनाए रखने की सलाह दी। कस्बा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में रविवार को नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित हुआ। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नेत्र परीक्षण अधिकारी डा.शोभित गुप्ता व डा.सरिता गौतम ने विद्यालय की छात्राओं का आंखों का परीक्षण किया। इस दौरान दृष्टि दोष से चिन्हित छात्राओंको निशुल्क चश्मा वितरित किया गया। नेत्र विशेषज्ञ ने कहा कि मोबाइल, टीवी एवं आधुनिक उपकरण की लगातार प्रयोग से आंख में काफी असर पड़ रहा है। इससे निकलने वाली किरणों के दुष्प्रभाव से आंखों पर पड़ता है। सिर दर्द, आंखों में भारीपन, आंखों से लगातार आंसू आने समेत कई परेशानियां उत्पन्न होती हैं। लगातार मोबाइल प्रयोग करने से आंखों की मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं। असहज महसूस होने के साथ पढ़ने में भी मन नहीं लगता। युवा पीढ़ी को सावधानी के साथ मोबाइल टीवी एवं अन्य उपकरण प्रयोग में लाने की आवश्यकता है। आंखों का खास ख्याल रखने का सभी को प्रयास करना चाहिए। कहा कि आंख है तो जहां है। आंखों को सुरक्षित नहीं रख सकेंगे तो सुंदर दुनिया को नहीं देख सकेंगे।

# श्रद्धालुओं ने भंडारे का छका प्रसाद

**महराजगंज, रायबरेली।** विकास खंड के दौतरा बाजार में श्री हरिद्वार पुरी नागा बाबा की स्मृति में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें दूरदराज से आए हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। दौतरा गांव में श्री हरिद्वार पुरी नागा बाबा के नाम से प्रसिद्ध स्थान पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शनिवार को भंडारे का आयोजन किया गया है। महंत ने बताया कि भंडारा हर वर्ष तीन फरवरी को किया जाता है। इस अवसर पर विक्रांत अकेला, पूर्व प्रधान अतुल सिंह, बिल्ला सिंह, अशोक सिंह, नन्हू सिंह, आशीष सिंह, शिवम सिंह, उज्ज्वल अवस्थी, महेंद्र सिंह, प्रियांशु श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# आयुष्मान भव: मेले में 97 रोगियों का उपचार

कालपी जालौन



मेले में मरीजों का इलाज करते चिकित्सक।

**अमृत विचार।** शासन के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजना के तहत रविवार को कालपी तथा महेवा के चिकित्सालयों में आयुष्मान भव मेलो के आयोजित किये गये। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी, में चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर दिनेश वरतरिया की अध्यक्षता में आयुष्मान भव मेले का आयोजन किया गया।इस मौके पर चिकित्सकों डॉक्टर विशाल सचान,डा रुबी सिंह तथा डॉक्टर गोपाल जी द्विवेदी के द्वारा 97 मरीजों का सफलतापूर्वक उपचार किया गया।

सीएचसी परिसर में आयोजित साप्ताहिक मेले में आए मरीजों को जागरुक करते हुए डॉक्टर दिनेश बरतरिया ने कहा कि ठंडक के मौसम में सभी लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि ठंड के मौसम से बचाव करने के गर्म कपड़े पहने तथा सिकाई करें किसी प्रकार की बीमारी होने पर चिकित्सकों की सलाह पर इलाज करायें। चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विशाल सचान तथा डॉ गोपाल जी द्विवेदी ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर प्रत्येक रविवार को मेले का आयोजन किया जाता है।

मेले में मरीजों के मलेरिया , डेंगू, हीमोग्लोबिन, शुगर, बीपी आदि का स्वास्थ्य परीक्षण कर 23लोगों की जांच की गई। इस मौके पर हरचरण सिंह, कुलदीप सचान, आकाश कुमार, रजनीश, जितेंद्र सोनी, अशोक कुमार, ममता, किरण राठौर, हरिओम तिवारी,राम संजीवन गुप्ता, राज कुमार मिश्रा आदि कर्मचारीयों के अपर चिकित्सा इसी तरह नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी उदनपुरा में डा अंजय कुमार तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र महेवा में चिकित्सा अधिकारी डॉ शेख शहरयार की अध्यक्षता में भी मेले का आयोजन किया गया।

# नि:शुल्क शिक्षा के लिए सम्पन्न हुई जी-सेट 2024 परीक्षा

राठ(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** स्थानीय कमलादेवी महाविद्यालय में आज जी-सेट 2024 परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें 300 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता कर परीक्षा दी। इस परीक्षा में सफल होने वाले प्रतिभागियों को पालीटेक्निक का दो वर्षीय प्रशिक्षण निशुल्क प्रदान किया जायेगा। रविवार को जनपद महोबा के राजकीय पालीटेक्निक कुलपहाड़ द्वारा इटायल गांव में स्थित कमला देवी महाविद्यालय में जी-सेट 2024 परीक्षा संपन्न हुई।

विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार यादव ने बताया कि परीक्षा कराने का उद्देश्य है, उन आर्थिक रुप से कमजोर मेधावी छात्र छात्राओं को पालीटेक्निक की दो वर्षीय निःशुल्क शिक्षा प्रदान करना है। आयोजित परीक्षा में 90 फीसदी पाने वाले छात्र व 80 फीसदी अंक पाने वाली छात्राओं को दो वर्ष की शिक्षा निशुल्क दी जाएगी। परीक्षा में नगर के कई विद्यालयों से पहुंचे करीब 300 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। परीक्षा पुष्पेंद्र कुमार, सीमांत, महेंद्र कुमार साहू, कमलेश कुमार गुप्ता, प्रवीण कुमार द्विवेदी, निलेंद्र कुमार तिवारी की देखरेख में संपन्न हुई।

## सार-संक्षेप

### ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के अध्यक्ष बने पवन तिवारी

**कोंच जालौन।** उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ शाखा जनपद जालौन की एक बैठक दिन रविवार को जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय पर संगठन संरक्षक नरेश चन्द्र दुवेदी की अध्यक्षता में आहूत की गई। जिसमें नवीन कार्यकारिणी का गठन सर्व सम्मति से पदाधिकारियों व सदस्य गणों द्वारा किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे नरेश चन्द्र द्विवेदी ने बताया कि सर्व सम्मति से अध्यक्ष पद पर पवन तिवारी कोंच उपाध्यक्ष रोहित कुशवाहा व धीरेंद्र यादव मंत्री पवन कुमार तिवारी जूनियर माधौगढ़ उपमंत्री बिनय सोनी संगठन मंत्री कुलदीप वर्मा प्रांतीय प्रतिनिधि सुरेश चंद्र निषाद कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह पटेल संप्रेक्षक जीतेन्द्र पटेल मीडिया प्रभारी राहुल पहारिया व हर्षित गुप्ता को बनाया गया वहीं इस मौके पर सचिव कुलदीप वर्मा पवन तिवारी वसीम खान आदि मौजूद रहें हैं।

### धर्मांतरण मामले में दो गिरफ्तार

**जालौन।** पुलिस ने हिंदू धर्म से ईसाई धर्म में धर्मांतरण करने वाले अंतर प्रांतीय गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर धर्मांतरण की साजिश का परदाफास किया है। माधवगढ़ कोतवाली पुलिस ने मिली सूचना के आधार पर खुदातपूरा गांव के हरनारायण पुत्र धनीराम के घर में छापा मारकर केरल प्रांत के दो लोगों को गिरफ्तार किया और बोलोरो नंबर एमपी 07 सीडी 9650, ओर उसमे रखें 100 बाइबल ईसाई धर्म से जुड़ी पुस्तक जप्त की माधवगढ़ क्षेत्राधिकार शैलेंद्र वाजपेई ने बताया की उक्त अंतर प्रांतीय गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। जिनसे जानकारी लेने के बाद पता चला की ये गिरोह गांव-गांव जाकर पैसे का लालच देकर गरीब हिंदुओ को दो दो लाख रुपए देने व कई अन्य सुविधाएं देने का लालच देकर ईसाई धर्म अपनाने का दबाव बनाते थे गिरफ्तार किए गए सदस्यों से जानकारी लेने के बाद गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों के खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी।

### अभिनव तिवारी कालपी की संभालेंगे जिम्मेदारी

**संवाददाता, कालप, अमृत विचार।** शेरबहादुर सिंह अब उरई सदर के तहसीलदार होंगे। जबकि कोच में पदस्थ अभिनव तिवारी अब कालपी की जिम्मेदारी सँभालेंगे। शनिवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जिले में तहसीलदारों का फेरबदल किया है जिसके तहत कालपी में तैनात तेजतर्रार तहसीलदार शेर बहादुर सिंह को कई दिनों से खाली चल रहे तहसीलदार सदर के पद पर भेजा है तो कालपी की जिम्मेदारी कोंच में तहसीलदार के रूप में पदस्थ अभिनव तिवारी को दी है विदित हो कि यहा पर पदस्थ रहे सुशील कुमार सिंह के एस डी एम पद पर प्रोन्नत होने के बाद लगभग 4 माह पहले ही उन्हें यहा की जिम्मेदारी मिली थी लेकिन वेहद कम समय में उनका स्थानान्तरण हो गया है।

### दुकान में लगी आग ,लाखों की सम्पति स्वाहा

**उरई, जालौन।** शहर कोतवाली के चुर्खी बाईपास के पास माही पिज्जा बर्गर कॉर्नर की दुकान रखी हुई थी। जिसमें पिज़्ज़ा, बर्गर, चाऊमीन, डोसा आदि का काम होता था। इसका मालिक राहुल पुत्र ज्ञान सिंह निवासी बघौरा दुकान है। शनिवार की देर रात वह रोज की तरह अपनी दुकान बंद करके घर चला गया। इसके बाद अज्ञात कारणों के चलते देर रात उसकी दुकान में आग लग गई। आग इतनी विकराल थी की दुकान में रखा सारा सामान व बाहर खड़ी चार पहिया की ठिलिया को भी अपनी चपेट में ले लिया और सब कुछ जल गया। जब सुबह वहां से लोग गुजरे तो उन्होंने इसकी जानकारी दुकान मालिक राहुल को दी। इस पर दुकान मालिक मौके पर आया, लेकिन जब तक दुकान का सारा सामान जलकर स्वाहा हो चुका था। कोतवाली पुलिस का कहना है मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### ट्रैक्टर की ट्रॉली से गिरा वृद्ध , उपचार के दौरान मौत

**जालौन।** नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम कन्हैरी निवासी किसान शेरसिंह कुशवाहा (48) पुत्र हरिशंकर अपने खेत की हरीमटर बेचने भाड़े के ट्रैक्टर से कोंच मंडी गया था। 41 झल्ली (प्लास्टिक की जालीदार बोरी) मटर की फ़सल बेच कर ट्रैक्टर चालक राजा सिंह बुंदेला के साथ घर लौट रहे थे। नदीगांव थाना क्षेत्र में ग्राम सदुपुरा के पास शेरसिंह ने ट्रैक्टर रुकवाया और उतर कर ट्रैक्टर के पीछे की और चला गया। कुछ देर तक जब नहीं आये तो चालक ने पीछे जाकर देखा। शेरसिंह सड़क पर गिरे हुए थे। उनकी नाक से खून निकल रहा था। उनका मोबाइल भी टूटा पड़ा था। चालक ने एम्बुलेंस को सूचना देकर शेरसिंह को सीएचसी कोंच में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना से किसान के परिवार में कोहराम मच गया है। सूचना पर नदीगांव थाने से एसआई शीलवंत पुलिस बल के साथ सीएचसी पहुंच गए। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। चालक के अनुसार डीजल के लिए एक हजार रुपये खर्च के बाद उनके पास मात्र 410 रुपये थे। थानाध्यक्ष राम प्रकाश ने बताया कि शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं दिखे हैं। नाक से खून निकल रहा था। वह फ़सल के रुपये साथ ला रहा था या नहीं इस मामले की भी जांच की जा रही है।

### पवन तिवारी बने जिलाध्यक्ष

**कालपी (जालौन)।** रविवार को पूर्व निर्धारित एजेंडा के अनुसार जनपद की कार्यकारिणी के निर्वाचन प्रक्रिया क्रम में वर्तमान कार्यकारिणी के जिलाध्यक्ष सुरेश चन्द्र निषाद ने अपने उद्बोधन में कार्यकारिणी को भंग की घोषणा करते हुए संरक्षक नरेश चन्द्र दुबे की अनुमति से चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की, सर्वप्रथम सभी पदों पर सभी उपस्थित ग्राम पंचायत अधिकारियों से प्रस्ताव मांगे गये, जिस क्रम में जिलाध्यक्ष के लिये पवन कुमार तिवारी ब्लाक कोंच, जिला मंत्री के लिए पवन कुमार तिवारी ब्लाक माधौगढ़ , प्रांतीय प्रतिनिधि के लिए सुरेश चन्द्र निषाद, कोषाध्यक्ष के लिए पुष्पेन्द्र कुमार ब्लाक डकोर, जिला उपाध्यक्ष के लिए रोहित कुशवाहा ब्लाक डकोर, मीडिया प्रभारी राहुल पहारिया ब्लाक महेवा को सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित किया गया। निवर्तमान जिलाध्यक्ष सुरेश चन्द्र निषाद ने सभी को माला पहनाकर स्वागत किया एवं कहा कि संगठन एक मां के समान है हम सभी उसकी संतान हैं, हम जिस प्रकार अपनी मां की सेवा करते हैं ठीक उसी प्रकार संगठन की सेवा करेगें एवं संगठन के माध्यम सें गांव की जनता की समस्याओं का ससमय निस्तारण के साथ साथ अपने कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेगे।

### नवनियुक्त भाजपा मण्डल अध्यक्ष का किया स्वागत

**राठ (हमीरपुर)।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला को आज नगर के रहुनिया मंदिर में सम्मानित किया गया। श्री शुक्ला की कार्यशैली और निष्ठा की सराहना करते हुए मंदिर के संचालक ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया और उनके उज्ज्वल राजनैतिक भविष्य की कामना की। नगर के रामलीला मैदान स्थित मौन साधना केंद्र रोहनिया मंदिर में आज भाजपा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला का स्वागत किया गया। मंदिर के संचालक नीलू महाराज ने माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर साथियों सहित मंडल अध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला का स्वागत किया और उनके उज्जवल भविष्य व उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस मौके पर श्री शुक्ला ने कहा कि रौहनियां मंदिर काफी प्राचीन है और ऐतिहासिक धरोहर है। उन्होंने मंदिर में भगवान के समक्ष नतमस्तक होकर प्रणाम किया और पूजा अर्चना की।

### सीएचसी में 136 व ग्रामीण क्षेत्र में 160 मरीजों का उपचार

**कुरारा (हमीरपुर)।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान स्वास्थ्य मेले में 136 मरीजों व ग्रामीण क्षेत्र की पीएचसी में 160 मरीजों को उपचार किया गया। रविवार को कस्बे की सीएचसी में आयुष्मान स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 136 मरीजों को उपचार किया गया। जिसमें 11 लोगों की शुगर, 16 लोगों की ब्लड प्रेशर की जांच की गई। साथ ही अन्य मरीजों की खांसी, जुकाम, बुखार आदि के मरीजों का उपचार किया गया। वही क्षेत्र की नवीन पीएचसी बेरी में 35, मिश्रीपुर में 40, पारा में 25, भौली में 30, कुसमरा में 30 मरीजों का स्वास्थ्य मेले में उपचार किया गया। डॉ .अनिल कुशवाहा ने बताया कि बिगड़ते मौसम के चलते मरीज कम आ रहे हैं।

### मनरेगा कार्य मशीनों से कराने का आरोप लगाया

**कुरारा( हमीरपुर)।** विकासखंड क्षेत्र के शंकर पुर ग्राम पंचायत में मनरेगा योजना के कार्य को मजदूरों से न कराकर मशीनों से कराए जाने की शिकायत तहसील दिवस में कर जांच कराए जाने की मांग की है। क्षेत्र के शंकरपुर ग्राम पंचायत के मजरा परसी डेरा गांव निवासी धीरेंद्र कुमार पुत्र बाबू ने तहसील दिवस हमीरपुर में शिकायती पत्र देकर बताया कि शंकर पुर में चिल्ला तालाब को अमृत सरोवर तालाब घोषित किया गया है। जिसमे मशीनों से कार्य कराया गया है। जिसमे मनरेगा योजना में मजदूरों को काम नहीं मिल पा रहा है। इंटर लाकिंग खंडजा अभी तक अधूरा पड़ा हुआ है। जिसका भुगतान हो गया है। मनरेगा योजना से मजदूरों को काम नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीण ने इस कार्य की जांच कराए जाने की मांग की है।

### पडुई क्रिकेट टूर्नामेंट में मनकी ने मारी बाजी

**कुरारा( हमीरपुर)।** विकासखंड क्षेत्र के पडुई गांव में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को दो मैच खेले गए। जिसमें पहले मैच में मनकी ने कुरारा टीचर्स वारियर टीम को छह विकेट से हराया। दूसरे मैच में मनकी ने कदौरा को दो विकेट से हराया। पडुई गांव में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को पहला मैच मनकी व कुरारा टीचर्स वारियर टीम के बीच खेला गया। 12 ओवर के मैच में कुरारा टीचर्स वारियर टीम ने पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 11 ओवर में 90 रन बनाए। जवाब में उतरी मनकी ने 8 ओवर में 4 विकेट खोकर 91 रन बनाकर छह विकेट से मैच जीत लिया।

# कैंसर से बचाव को किया जागरूक

संवाददाता कन्नौज/तिर्वा

- लोगों को पंपलेट बांट कर दी बचाव की जानकारी
- चिकित्साधिकारी ने आशाओं को जागरुकता के दिए निर्देश

**अमृत विचार**। विश्व कैंसर दिवस पर जिले की सभी पीएचसी पर गोष्ठी व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। लोगों को बचाव के तौर तरीके बताये गये। आशाओं को जानकारी देकर आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए गये।

रविवार को विश्व कैंसर दिवस के चलते जिले की सभी सीएचसी पर एक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष में जिले के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्क्रीनिंग एवं गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनमानस को कैंसर रोकथाम एवं बचाव के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई । इस मौके पर सीएचसी कन्नौज में डा. सुधांशु दुबे ने लोगों को पंपलेट बांट कर जागरूक किया। इसी तरह तिर्वा सीएचसी में चिकित्साधिकारी डॉ. राजन शर्मा ने गोष्ठी में मौजूद आशा को निर्देश दिए कि गांव गांव जाकर आमजन को कैंसर के प्रति जागरूक करें, जिससे लोग इससे बच सके। स्तन का कैंसर स्तनपान न कराने अधिक आयु में मां बनने हो सकता है। उन्होंने कहा कि कैंसर के 40 से 50 फीसदी मामलों को जीवनशैली में बदलाव कर इसके प्रभाव को रोका जा सकता है। उन्होंने आशाओं को निर्देश दिए कि आमजन को जागरूक करें।


पंपलेट बांट कर कैंसर के प्रति जागरुक करते डॉ. सुधांशु दुबे।

## एसपी के आदेश पर किशोरी को ले जाने की रिपोर्ट

**तिर्वा, कन्नौज**। नाबालिग को भगा ले जाने के मामले में एसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच शुरू की गई है। थाना ठठिया क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में कहा कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री को बहादुरपुर गांव निवासी सोनू पुत्र अवधेश 21 जनवरी को ले गया। काफी खोजबीन के बाद भी पता नही लगा। पुलिस को शिकायती पत्र देने के बाद भी कार्रवाई नही की गई। उसने पुत्री के साथ अनहोनी घटना होने की आशंका जाहिर की है। एसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# 2727 बुजुर्गों के खातों में अब आएगी पेंशन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिले में 6721 वृद्धों के खाते इस सुविधा से थे वंचित, नहीं मिल रहा लाभ
- अब भी 3994 लाभार्थियों को एनपीसीआई की करानी होगी सुविधा

**अमृत विचार**। जनपद के करीब 74 हजार बुजुर्ग समाज कल्याण विभाग में पेंशन के लिए पंजीकृत हैं। इसमें से 6721 वृद्धों के बैंक खाते नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) न होने से उनको पेंशन नहीं दी जा रही थी। लाभ रुक गया तो वह परेशान हुए। उसके बाद 2727 लाभार्थियों ने अपनी-अपनी बैंक शाखाओं में पहुंचकर खाते को आधार कार्ड लगवाकर एनपीसीआई करा लिया।

जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी ने बताया कि जिन पेंशनरों के बैंक खाते एनपीसीआई से लिंक नहीं हैं, उनको लाभ नहीं मिलता है। संबंधित बैंक शाखा में आधार कार्ड व मोबाइल नंबर देकर सुविधा कराई जा सकती है। इसके अलावा आधार कार्ड में वही मोबाइल नंबर भी दर्ज होना चाहिए।

उन्होंने बताया कि पहले 6721 बुजुर्गों को पेंशन इसलिए नहीं मिल रही थी कि उनके खाते एनपीसीआई नहीं थे। इस सुविधा के अभाव में जिन बुजुर्गों की पेंशन रुकी तो वह समाज कल्याण कार्यालय, बैंक व ब्लॉक आदि पहुंचे। बाद में समस्या का समाधान बैंक शाखाओं में किया गया। हालांकि अब भी 3994 बुजुर्गों को अपने-अपने बैंक खाते एनपीसीआई कराने हैं, इसमें नगर क्षेत्र के 554 और ग्रामीण इलाकों के 3440 बैंक खाते शामिल हैं।

### तिमाही मिलता है तीन-तीन हजार रुपये

वृद्धावस्था पेंशन का लाभ हर तीन महीने में दिया जाता है। एक महीने का सरकार की ओर से लाभार्थियों को एक-एक हजार रुपये मिलता है। 60 वर्ष उम्र पूरी करने वाले और ग्रामीण क्षेत्र में करीब 46 हजार रुपये और शहरी क्षेत्र में 56 हजार रुपये वार्षिक आमदनी वाले बुजुर्ग पेंशन के लिए ऑनलाइन आवेदन करते हैं। उसके बाद हार्डकॉपी तहसील व ब्लॉक में जमा होती है। उसकी जांच के बाद समाज कल्याण विभाग स्वीकृति देता है। जनपद में करीब 74 हजार बुजुर्ग पेंशन के तहत पंजीकृत हैं।

### ब्लॉकों में इतने लाभार्थियों को करानी है एनपीसीआई

| विकास खंड | संख्या |
|---|---|
| कन्नौज | 336 |
| छिबरामऊ | 594 |
| जलालाबाद | 173 |
| गुगरापुर | 127 |
| तालग्राम | 467 |
| सौरिख | 593 |
| उमर्दा | 855 |
| हसेरन | 295 |

# घोषणा: 11 साल बाद फिर से बदला जाएगा मेडिकल कालेज का नाम

## 2012 में सपा सरकार ने डॉ. भीमराव आंबेडकर नाम हटा कर किया था राजकीय मेडिकल कालेज

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

- 2005 में सपा सरकार ने राजकीय मेडिकल कालेज के नाम से किया था शिलान्यास

**अमृत विचार**। मरीजों के लिए बने मेडिकल कालेज में सुविधाओं को न बढ़ाकर नाम बदलने पर राजनीति की सियासत तेज हो गई है। 11 साल बाद एक बार फिर से भाजपा सरकार के सीएम ने कालेज के नाम बदलने की घोषणा मंच से कर सियासत को गरमा दिया है।

कन्नौज समेत आस पास के जनपदों में निवास करने वाले आम लोगों को अच्छा उपचार मिल सके इसके लिए सपा सरकार ने 2005 मे तिर्वा के बहादुरपुर गांव के पास खाली पड़ी सरकारी व किसानों की जमीन अधिग्रहण की थी। तिर्वा में मेडिकल कालेज खोलने के लिए सपा के पूर्व सीएम व राष्ट्रीय अध्यक्ष मुलायम सिंह ने घोषणा करके 500 जमीन पर राजकीय मेडिकल कालेज निर्माण के लिए शिलान्यास किया। मेडिकल कालेज का शिलान्यास होने के बाद निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। निर्माण के दौरान सपा सरकार सत्ता से बाहर हो गई और प्रदेश की सत्ता में बसपा सरकार आ गई। तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती ने राजकीय मेडिकल कालेज का नाम बदलकर डा. भीमराव आंबेडकर मेडिकल कालेज कर दिया। सपा सरकार में बने मेडिकल कालेज का नाम बदल जाने से बसपा सरकार के दौरान सपाइयों ने कई बार विरोध प्रदर्शन करने के साथ जीटी रोड समेत अन्य मार्गों पर लगे डा. भीमराव आंबेडकर नाम साइन बोर्ड तोड़ दिए। इस पर बसपा सरकार के दौरान कई सपाइयों पर पुलिस ने सरकार संपत्ति क्षतिग्रस्त के साथ हंगामा करने का मुकदमा दर्ज कर उन पर कार्रवाई की थी। 2012 में चुनाव के दौरान बसपा सरकार सत्ता से बाहर हुई और सपा सत्ता में आ गई। सीएम बने अखिलेश यादव ने जिले के कार्यकर्ताओं की मांग पर डॉ.भीमराव आंबेडकर मेडिकल कालेज का नाम बदल कर राजकीय मेडिकल कालेज कर दिया। 2012 में ही मेडिकल कालेज में पहली बार पैरामेडिकल का शिक्षण कार्य शुरू हुआ। इस के बाद से कुछ सुविधाएं मिलीं तो कुछ आज तक मिलनी नहीं शुरू हो सकी।

तीन फरवरी को कन्नौज के बोर्डिंग मैदान में आए सीएम योगी ने मंच से राजकीय मेडिकल कालेज का एक बार फिर नाम बदलने का ऐलान कर दिया। उन्होंने राजकीय मेडिकल कालेज की जगह डॉ. भीमराव आंबेडकर मेडिकल कालेज करने का एलान कर दिया। मरीजों के लिए मेडिकल कालेज में सुविधाएं शुरू नहीं हुई उनका ध्यान नहीं रखा गया है। बल्कि कालेज का नाम बदने पर पर सियासत तेज हो गई।



राजकीय मेडिकल कालेज। अमृत विचार

### नाम बदलने पर खर्च होंगे लाखों रुपये

**तिर्वा**। राकीय मेडिकल कालेज का नाम बदलने पर कालेज प्रशासन को लाखो रूपए नाम बदलने में खर्च करने पड़ेंगे। भाजपा सरकार में राजकीय मेडिकल कालेज का सीएम योगी आदित्यनाथ ने नाम बदलने की घोषणा कर दी है। अब कालेज प्रशासन आदेश आने का इंतजार कर रहा है। जैसे ही आदेश मिलता है तो नाम बदलने की प्रक्रिया तेज कर दी जायेगी। कागजात से लेकर साइन बोर्ड बदले जायेंगे। इसमें कालेज प्रशासन को लाखों रुपये का खर्च उठाना पड़ेगा।

## इस माह कई बोर्ड की परीक्षाओं का महाकुंभ

**कन्नौज**। फरवरी यानि इस महीने परीक्षाओं का दौर चलेगा। कई बोर्डों की परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। इसमें मदरसा शिक्षा परिषद, सीबीएसई बोर्ड और माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षाएं शामिल हैं। हालांकि वर्तमान में इंटरमीडिएट के यूपी बोर्ड परीक्षार्थियों के प्रयोगात्मक इम्तिहान चल रहे हैं।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि मदरसा शिक्षा परिषद की ओर से मुंशी, मौलवी, कामिल व फाजिल आदि की परीक्षाएं 13 फरवरी से शुरू हो जाएंगी जो 21 फरवरी तक चलेंगी। 11 केंद्रों पर मदरसों की परीक्षाएं चलेंगी। इसी तरह सीबीएसई की परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू होंगी। इसमें हाईस्कूल की परीक्षाएं 13 मार्च तक और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं दो अप्रैल तक चलेंगी। इनके केंद्रों की संख्या मदरसों की तरह ही होती है। सबसे बड़ा परीक्षा का कुंभ माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज यानि यूपी बोर्ड के 100 केंद्रों पर होगा। यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 22 फरवरी से नौ मार्च तक चलेंगी। इसके अलावा जनपद के 30 केंद्रों पर पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा भी 18 फरवरी को प्रस्तावित है। सभी तरह की परीक्षाओं में करीब 60-65 हजार परीक्षार्थियों के शामिल होने की संभावना है।

# पीएम आवास का लक्ष्य हुआ पूरा

अमृत विचार विशेष

- ग्रामीण इलाकों में रहने वाले अल्पसंख्यक वर्ग के 450 लोगों को ही मिलेगा लाभ
- लक्ष्य खत्म, भारत सरकार से गाइड लाइन आने पर ही पात्रों को मिलेगा अपना आशियाना

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार**। जनपद के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले अल्पसंख्यक वर्ग के 450 लोगों को छोड़कर अब किसी भी जाति या वर्ग के लोगों को प्रधानमंत्री आवास नहीं मिलेंगे। दिया गया लक्ष्य पूरा हो गया है। पात्रों की सूची भी नहीं बची है। भारत सरकार से अगर गाइड लाइन आती है तो ही जरूरतमंदों के आशियाने स्वीकृत किए जाएंगे।

प्रधानमंत्री आवास योजना वर्ष 2016 में शुरू हुई है। मुख्यमंत्री आवास योजना का शुभारंभ 2018 से हुआ। डीआरडीए कार्यालय के मुताबिक जनपद में पीएम आवास आवंटन के लिए 33,386 का लक्ष्य आया, जिसके सापेक्ष 32,930 लाभार्थियों को आवास दिए जा चुके हैं। वर्ष 2023-24 में 416 लाभार्थियों के लिए पीएम आवास आए, जिसके सापेक्ष 306 बन चुके हैं। दूसरी ओर मुख्यमंत्री आवास योजना का वर्ष 2023-24 में 943 का लक्ष्य आया, जिसके सापेक्ष 760 आवासों का निर्माण हो चुका है। योजना शुरू होने से अब तक मुख्यमंत्री आवास बनाने का लक्ष्य 1890 था, जिसके सापेक्ष 1710 लोगों को आवास आवंटित हो चुके हैं।



सदर ब्लॉक कन्नौज में बना मॉडल प्रधानमंत्री आवास। अमृत विचार

### इस तरह मिलता है लाभ

ग्रामीण क्षेत्र में बनने वाले प्रधानमंत्री आवास की कुल लागत 1.20 लाख रुपये है। इसके अलावा 90 दिन मनरेगा के तहत 230 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से 20,700 रुपये की मजदूरी दी जाती है। लाभार्थी के खाते में पहली किस्त 40 हजार, दूसरी 70 हजार और अंतिम व तीसरी किस्त 10 हजार रुपये की दी जाती है। बताया गया है कि लक्ष्य आने के बाद ही आवास का एप खोला जाएगा। उसके बाद पंजीकरण होंगे। आगे की अन्य प्रक्रियाएं भी चलेंगी।



जनपद के लिए प्रधानमंत्री आवास देने का जो लक्ष्य आया था वह तकरीबन पूरा हो गया है। अल्पसंख्यक वर्ग से जुड़े 450 लाभार्थियों को ही किस्त दी जाएगी, उनकी ही पात्रता सूची बची है। अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य व अनुसचित वर्ग का कोई भी लाभार्थी नहीं बचा है। आगे अगर भारत सरकार ने लक्ष्य दिया तो ही आवासों का आवंटन हो सकेगा।

-रामऔतार सिंह, पीडी- डीआरडीए


रोड पर घूमते अन्ना मवेशी। अमृत विचार

# 'यमराज' बन नेशनल हाइवे पर घूम रहे अन्ना मवेशी

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार**। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोवंशों को सुरक्षित व संरक्षित करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में गोशाला निर्माण कराने के निर्देश दिए थे। इसके चलते जिलेभर में कई गोशालाएं संचालित कराई गईं। इसके बावजूद गोशालाओं में कम और नेशनल हाइवे पर अन्ना मवेशी 'यमराज' बनकर घूम रहे है।

मुख्यमंत्री के प्रयासों को गोशालाओं के जिम्मेदार अधिकारी पलीता लगा रहे हैं। क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में गोशालाओं में शासन की ओर से पर्याप्त मात्रा में कर्मचारी होने के साथ ही गोवंशों के लिए तमाम सुविधाएं देने का फरमान है इसके बाद भी गोवंश के खेतों व मार्गों पर विचरण की समस्या हल नहीं हो सकी है। सड़क पर इन अन्ना मवेशियों के अचानक आने से वाहन चालक अनियंत्रित होकर टकरा कर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। कई चालक दम भी तोड़ चुके हैं। साथ ही पशुओं की मौत भी हो रही है। यही हाल ग्रामीण क्षेत्रों से निकले नेशनल हाइवे का है।

# मानीमऊ तिराहा पर गंदगी का अंबार

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार**। सड़क किनारे पड़ी गंदगी के साथ ही नालियों में जलभराव के कारण आम लोगों को संक्रमण बिमारियों के फैलने की आशंका बनी है। मुख्य चौराहे पर गंदगी होने के बाद भी प्रशासन अजान बना हुआ है।

उमर्दा ब्लाक के ठठिया ग्राम सभा के मानीमऊ तिराहा पर तिर्वा, मानीमऊ, व बिल्हौर जाने वाले मार्ग के किनारे गंदगी का अंबार लगा हुआ है। सड़क किनारे पड़ी गंदगी सरकार की स्वच्छ भारत अभियान की पोल खोलती नजर आ रही है। सड़क किनारे गंदगी महीनों से कूड़ा नहीं हटाया गया है। यही हाल नालियों का है। गंदगी से नालियां बजबजा रहीं हैं, इससे दुकानदार व निकलने वाले आम आदमी को अपना मुंह ढककर निकलना पड़ रहा है। ठठिया ग्राम पंचायत के सचिव शंशाक ने बताया कि सफाई कर्मियों को लगाकर जल्द ही सफाई कराई जाएगी। वहीं, बीडीओ दयाराम ने बताया कि ग्राम पंचायत में यदि साफ सफाई नहीं हो रही है तो जांच कराकर लापरवाह कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी।


ठठिया कस्बे में सड़क किनारे पडी गंदगी। अमृत विचार



तिराहा निवासी **आरिफ** ने बताया कि सड़क किनारे वह फल की दुकान किए है सडक किनारे पडी गंदगी को देखकर वंहा पर आम आदमी का निकलना मुश्किल हो रहा, जिसे देखकर भी प्रशासन सफाई नहीं करा रहा।



**मोहित राठौर** ने बताया कि उसका मकान तिराहा पर है गंदगी के कारण उसकी बदबू घर के अंदर तक पहुंचती है। सफाई न होने से संक्रमण फैलने का डर बना हुआ है।



**राजन शर्मा** ने बताया कि सडक किनारे पडी गंदगी को देखकर मन खराब हो जाता है। वहां से निकलने के लिए मुंह को बंद करना पड़ता है। गंदगी से संक्रमण फैलने का डर बना हुआ है।

## विवाहिता को सास व देवर ने पीटा, रिपोर्ट

**गुरसहायगंज**। सास व देवर ने मामूली विवाद में गालीगलौज की। उसके बाद विवाहिता को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ग्राम भैसियापुर निवासी अंजलि का कहना है कि देवर पंकज व सास मीरा ने रविवार को उसके साथ गाली गलौज की। मना करने पर लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया, यही नहीं उसे जान से मारने की धमकी दी।

## तमंचा व कारतूस सहित दबोचा

**गुरसहायगंज**। कोतवाल जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में उप निरीक्षक चंद्रभान सिंह ने ग्राम भैसियापुर स्थित प्राइमरी स्कूल के पीछे छापेमारी की। यहां पुलिस ने ग्राम भैसियापुर निवासी पंकज पुत्र जितेंद्र यादव को तमंचा व कारतूस के साथ दबोच लिया। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# पूर्व विधायक का पुलिस पर पक्षपात का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- भाजपा नेताओं में हुए विवाद में फायरिंग के आरोप में पूर्व विधायक पर दर्ज हुई है रिपोर्ट

**अमृत विचार**। कासगंज में भाजपा नेताओं के बीच हुए विवाद में एक दूसरे पर फायरिंग करने का आरोप लगाने के मामले में पूर्व विधायक अनीता लोधी के विरुद्ध जानलेवा हमला समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज है लेकिन इनकी तहरीर पर पुलिस ने भाजपा के ही दूसरे पक्ष पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। इस वजह से मामला तूल पकड़ रहा है। पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पूरे घटनाक्रम से अवगत कराने के बाद शनिवार को दूसरे पक्ष पर रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए डीजीपी से फोन पर बात की। उन्होंने कासगंज पुलिस पर एकपक्षीय कार्रवाई का आरोप लगाते हुए मनमानी करने की शिकायत की है। डीजीपी ने उन्हें न्यायसंगत कार्रवाई का भरोसा दिया है। पूर्व विधायक का कहना है कि इस मामले में मुख्यमंत्री से मिलकर कार्रवाई कराएंगी। अनीता लोधी का आरोप है कि उन्होंने अखिलेश प्रताप से पहले पुलिस अधीक्षक को तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस ने उनकी तहरीर पर कोई संज्ञान नहीं लिया। इसको लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा गया है। शनिवार को उन्होंने डीजीपी से फोन पर बात की और उन्हें पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया।

### मुझे न्याय चाहिए

मैं पार्टी हाईकमान के निर्देश पर एटा लोकसभा क्षेत्र से तैयारी कर रही हूं। पुलिस ने मेरे पक्ष को नहीं सुना। इस मामले की मैंने डीजीपी से शिकायत की है। उन्होंने कार्रवाई का भरोसा दिया है। हर हाल में मुझे न्याय चाहिए।

-अनीता लोधी, पूर्व विधायक

पहल — अपर आयुक्त ने भेजा पत्र तो जनपद में स्थानों का चयन कर भेजी गई सूची

# 45 राशन दुकानों पर बनेंगे सेल्फी प्वाइंट

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के बारे में जागरुकता बढ़ाने की पहल

**अमृत विचार**। पात्र गृहस्थी और अंत्योदय कार्ड धारक अब सरकारी राशन दुकानों पर अपनी सेल्फी भी खींच सकेंगे। जनपद में 45 स्थानों पर सेल्फी प्वाइंट बनाए जाएंगे। स्थानों का चयन होकर उसकी सूची स्वीकृति के लिए शासन को भेज दी गई है। अब भारत सरकार से सामग्री आने का इंतजार किया जा रहा है।

अपर आयुक्त खाद्य एवं रसद विभाग जीपी राय ने इस बाबत पत्र भी भेजा है। इसमें जिक्र है कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के बारे में जागरुकता बढ़ाने की पहल शुरू होगी। उसी योजनाओं के बारे में सेल्फी प्वाइंट पर लिखा जाएगा। इसी स्थान पर राशनकार्ड धारक मोबाइल से फोटो खींच सकेंगे। डीएसओ राजीव मिश्र ने बताया कि जल्द ही उचित दर राशन दुकानों पर सेल्फी प्वांट की सुविधा मिलेगी। हर जिले में 45 स्थानों का चयन होना है। दुकानों का चयन कर सूची भेज दी गई है। भारत सरकार से मैटेरियल भी आना है, उसे ही राशन दुकानों पर स्थापित किया जाएगा। इसके बारे में भी दुकानदारों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

### मॉडल शॉप समेत तहसीलों में 15-15 दुकानों का प्रस्ताव

जनपद में तीनों तहसीलों में 15-15 दुकानों का चयन कर सूची भेजी गई है। इसमें मॉडल शॉप भी शामिल हैं। जनपद में 75 मॉडल शॉप बनाए जाने हैं। यहां बैठने की भी सुविधाएं मिलेंगी। शौचालय का भी इंतजाम होगा।



कोटेदारों के यहां खाद्यान्न सामग्री तौलने के लिए विशेष वजन मशीनें लगेंगी। पहले जनवरी में यह मशीनें आने की बात कही गई थी। अब शेड्यूल बदल गया है। इस वजह से फरवरी में मशीनें आएंगी। उसके बाद तीनों तहसीलों में उसे सुरक्षित रखवाया जाएगा। कोटेदारों को प्रशिक्षण देने के बाद ही इंस्टॉल किया जाएगा।

-राजीव मिश्र, डीएसओ

## मंडी समिति के निकट खड़ा ट्रैक्टर चोरी

**कन्नौज**। मंडी समिति के निकट सरकारी नलकूप के पास खड़ा ट्रैक्टर चोरी हो गया। ट्रैक्टर मालिक ने अज्ञात चोर के खिलाफ सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने जांच शुरू की है।

जीटी रोड सयरायमीरा निवासी अंकित मिश्रा पुत्र अनुज मिश्र गांधी ने सदर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसका ट्रैक्टर मंडी समिति के निकट सरकारी नलकूप के पास जीटी रोड किनारे खड़ा था।

तीन दिन पहले अज्ञात लोग चोरी कर ले गये। सुबह होने पर नलकूप के निकट से ट्रैक्टर न दिखने पर जानकारी हुई।

# किसानों को नहीं मिल रहा फसल का दाम

संवाददाता, तालग्राम, तिसौली

**अमृत विचार**। रविवार को पीडीए पखवाड़ा के तहत ब्लाक तालग्राम की ग्राम सभा रोहली व हसनापुर में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सपा के पूर्व विधायक अरविन्द सिंह यादव यादव ने कहा कि छोटे व्यापारियों और आम जनता के साथ भाजपा सरकार में अन्याय हो रहा है। छोटे व्यापारियों का व्यापार चैपट है। किसानों की आय दोगुनी करने का दाबा करने वाली सरकार किसानों की फसल का बाजिव मूल्य भी नहीं दे पा रही है।

पूर्व विधायक ने जनता को जागरूक करते हुए कहा कि जनता को निशुल्क गैस सिलेण्डर देकर सरकार रसोई गैस का सिलेंडर लगातार महंगा करती जा रही है, इससे गरीब अपना गैस सिलेंडर तक नहीं भरवा पा रहे हैं। भूमाफिया जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। छिबरामऊ विधान सभा में विकास के नाम पर कोई काम नहीं हो रहा है। इस दौरान उमेश पाल, रीपू यादव, अंकुर यादव, सुगर सिंह पाल, राम अवतार प्रजापति, राकेश यादव, रामनाथ, बेचेलाल, चरण सिंह, ठाकुर सर्वेश कुमार, पूर्व प्रधान राजकुमार, भोला यादव, सत्येंद्र कुमार यादव, संतोष नायक, उदय, विनायक, किताब सिंह, नायक अमर सिंह, नायक बृजेश, नायक मदन सिंह यादव, नीरज पाल, सनोज आदि मौजूद रहे।


पीडीए गोष्ठी में बोलते पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव। अमृत विचार

# बूंदाबांदी और ठंडी हवा से बढ़ी गलन, सहमें किसान

## कई दिनों से निकल रही धूप के बाद रविवार को फिर पलटा मौसम

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिले में मौसम बार-बार करवट बदल रहा है। कई दिनों से निकल रही धूप के बाद रविवार को एक बार फिर मौसम ने पलटी मारी। बदली बूंदाबांदी व ठंडी हवाओं के साथ दिन की शुरुआत हुई, जबकि कुछ क्षेत्रों में हल्की हल्की बूंदाबांदी होने से मौसम सर्द हो गया। वहीं ठंडी हवा दोपहिया वाहन चालकों को गलन का अहसास कराती रही। शाम को फिर अचानक से बारिश होने के बाद सर्दी बढ़ गई।

कई दिनों से आसमान साफ रहने व तेज धूप निकलने के बाद मौसम ने एक बार फिर से करवट बदली। रविवार को बदली व ठंडी हवा के साथ दिन शुरू हुआ। बूंदाबांदी होने से मौसम सर्द हो गया। बदली व सूरज के बीच लुका छिपी चलने से धूप बेअसर साबित हुई। दिन में पारा सामान्य से साढ़े तीन डिग्री ऊपर पहुंचने के बाद भी ढाई किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलने वाली उत्तर पूर्वी हवा लोगों को सर्दी का अहसास कराती रहीं। दूसरे पहर करीब तीन बजे के बाद बूंदाबांदी होने व तेज हवा ने मौसम को सर्द कर दिया। इससे चहल-पहल थम गई।

**गेहूं के लिए अच्छी है बारिश:** कृषि विभाग के मुताबिक इस समय खेतों में गेहूं की फसल तैयार हो रही है। बूंदाबांदी गेहूं की फसल के लिए वरदान है। गेहूं की फसल के लिए बूंदाबांदी अच्छी है। फसल में सिंचाई के साथ खाद की बचत होगी।


खेतों में लहलहाती फसल। अमृत विचार

### बारिश की आशंका सहमें किसान

अचानक बिगड़े मौसम के बीच हुई बूंदाबांदी ने किसानों की धड़कने बढ़ा दी हैं। पहले ही कोहरा और पाले ने फसलों को प्रभावित कर फसल को बड़ा नुकसान पहुंचा है। लेकिन अब आसमान में छाए काले बादलों के बीच शुरू हुई बूंदाबादी ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें और गहरी कर दी हैं। रविवार से बारिश के आसार बनने से किसानों का कहना रहा कि इस मौसम में तेज बारिश हुई तो किसानों को बड़ा नुकसान हो सकता है। इनदिनों चना, मटर, सरसों समेत अन्य फसलें खेतों में खड़ी हैं। तेज बारिश हुई तो नुकसान पक्का है। इसके अलावा आलू की फसल को भी नुकसान पहुंचेगा। हालांकि गेहूं के लिए बारिश फायदेमंद होगी। जिला कृषि अधिकारी बृजेश कुमार सिंह की माने तो अधिक बारिश होती या फिर ऐसे समय में बिगड़े मौसम में ओलावृष्टि हो जाती है तो फसलों को बड़ा नुकसान हो सकता है।

### ओलावृष्टि की आशंका

किसानों ने बताया कि बेमौसम की बारिश में ओलावृष्टि होने की संभावना अधिक रहती है। यदि ऐसा हुआ तो जिले का किसान कहीं का नहीं रहेगा। वैसे भी किसानों के सामने अपनी फसलों को लेकर हरदम परेशानी बनी रहती है। कभी खाद-पानी के लिए कभी सिंचाई के लिए जूझना पड़ता है। किसी तरह से फसल तैयार होती है तो अन्ना मवेशियों से बचाना एक बड़ी चुनौती सामने रहती है। अब मौसम की भी मार पड़ी तो किसान तबाह हो जाएगा।

## खड़ी कार में लोडर ने मारी टक्कर

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र हसवा गांव निवासी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि शनिवार की रात वह अपने गांव हसवा से दोस्तों के साथ खागा एक शादी में शामिल होने कार से जा रहा था। वह कार खड़ी कर पानी की बोतल ले रहा था। पर्स कार में छूटने से वह वापस कार में पहुंचा था।

उसी दौरान खागा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार लोडर ने कार में टक्कर मार दी। जिससे उसकी कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। इस दौरान उसे भी टक्कर लगी और वह बेहोश हो गया। तभी ग्रामीणों ने उसे उठाया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने एंबुलेंस को फोन कर के बुला लिया मौके पे पहुंची एंबुलेंस ने घायल धर्मेंद्र को जिला अस्पताल ले गई। लोडर को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

# रेलवे लाइन के किनारे मिला युवक का शव

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- शरीर पर चोट के मिले निशान परिजनों में मचा कोहराम
- परिजन का आरोप, जमीनी विवाद में की गई हत्या

**अमृत विचार।** घर से खेत के लिए निकला किसान तीन दिन से गायब चल रहा था। शनिवार की देर रात उसका शव रेलवे लाइन के किनारे झाड़ियों में मिला। किसान के शरीर पर चोट के गहरे निशान मिले हैं। परिजनों ने जमीनी विवाद में हत्या का आरोप लगाया है।

थरियांव थाना क्षेत्र के मुसैदापुर मजरे बहरामपुर गांव के रहने वाले किसान सोनेलाल चौधरी एक जनवरी को घर से खेत जाने के लिए निकले थे। उसके बाद घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर तलाश में जुटी रही। गांव से चार किलोमीटर दूर रसूलाबाद रेलवे लाइन किनारे झाड़ियों में सोनेलाल का शव पड़ा होने की जानकारी शनिवार की रात 11 बजे पुलिस को मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के शरीर पर एक गमछा था और चोट के गहरे निशान मिले हैं। मृतक की पत्नी वदमिया ने आरोप लगाते हुए पुलिस को बताया कि जमीनी विवाद में पति की हत्या कर शव रेलवे लाइन किनारे फेंक दिया गया है। थाना प्रभारी रणजीत बहादुर सिंह ने बताया कि परिजनों ने जमीनी विवाद का मामला बताया है। हर पहलू पर जांच की जा रही है। अभी तक किसी के खिलाफ कोई तहरीर नहीं दी गई।

### बेकाबू ट्रक ने फैक्ट्री कर्मी को कुचला, मौत


देव नारायण शुक्ला।

**औंग, फतेहपुर।** फैक्ट्री से घर जाने के लिए निकले एक व्यक्ति को ट्रक ने कुचल दिया। स्थानीय लोगों ने घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर इलाज के दौरान डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक एक प्राइवेट फैक्ट्री में नौकरी करता था और छुट्टी लेकर घर के लिए निकला था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ललौली थाना क्षेत्र के सिवरी गांव के रहने वाले देव नारायण शुक्ला पुत्र स्व . राम किशोर शुक्ला मलवां थाना क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्ट्री में प्राइवेट नौकरी करता था। फैक्ट्री से छुट्टी लेकर देव नारायण शुक्ला कल्याणपुर थाना क्षेत्र के भारत पेट्रोल पंप के पास सड़क पर पैदल जा रहे थे तभी कानपुर की ओर तेज रफ्तार में जा रहे ट्रक ने पीछे से उसे कुचल दिया। हादसे में गंभीर रूप घायल युवक को रास्ते से निकल रहे लोगों ने नजदीकी अस्पताल गोपालगंज में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन चालक ट्रक लेकर भाग गया था। मृतक के भांजे जितेंद्र तिवारी ने बताया कि मामा के चार बच्चे हैं। थाना प्रभारी रमाशंकर पांडेय ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्जकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# फसलों को चट कर रहे अन्ना मवेशी, किसान परेशान

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- फसलों को चर रहे अन्ना मवेशी, किसान दे रहे पहरा
- अन्ना गोवंशों से लोगों को नहीं मिल पा रहा छुटकारा

**अमृत विचार।** अन्ना मवेशियों से लोगों को निजात नहीं मिल पा रही है। हालत यह है कि एक तरफ जहां अन्ना मवेशियों के झुंड सड़कों और हाईवे पर पहुंच जाते हैं, जिससे हादसों की आशंका बढ़ जाती है। वहीं दूसरी तरफ खेतों में अन्ना मवेशियों के झुंड पहुंच जाने से फसलें बर्बाद हो जाती हैं। इस समस्या से किसी भी तरह की निजात नहीं मिल पा रही है।

जिले में हर क्षेत्र में गोशालाओं के निर्माण होने के बाद भी अन्ना गोवंशों से लोगों को निजात नहीं मिल पा रही है। नेशनल हाईवे हो या फिर अन्य मुख्य सड़कें जहां अन्ना मवेशियों का विचरण न देखा जा सका। जिससे आये दिन हादसे हो रहे हैं। इस समस्या की ओर शासन-प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। उधर, अन्ना मवेशियों के झुंड खेतों में खड़ी सजी सजाई फसलों को पलक झपकते ही चट कर दे रहे हैं। जिससे किसान खासे परेशान हैं।

### बेमकसद साबित हो रही गोशालाएं

अन्ना मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा गांव-गांव गोशालाओं का निर्माण जरूर कराया गया है, लेकिन इन सब व्यवस्थाओं के बाद भी अन्ना मवेशी सड़कों के अलावा खेतों में पहुंच जाते हैं और फिर खेत में खड़ी फसलों को रौंदकर चौपट कर देते हैं। इस सर्दी के मौसम में हालत यह है कि किसान रात में जागकर अन्ना मवेशियों से फसल की रखवाली करने को मजबूर हैं।


लहलहाती फसल को चरते अन्ना मवेशी। अमृत विचार


आग के बाद जली पड़ी गृहस्थी। अमृत विचार

# शादी वाले घर में आग लगने से लाखों का हुआ नुकसान

संवाददाता असोथर फतेहपुर

- गैस सिलेंडर में लीकेज होने के चलते लगी आग
- आग बुझाने में घर की दो बेटियां भी झुलसीं, इलाज जारी

**अमृत विचार।** शादी वाले एक घर में खाना पकाते समय गैस सिलेंडर में लीकेज होने के चलते आग लग गई। जब तक ग्रामीण मिलकर आग पर काबू पाते तब तक आग से हजारों की नकदी और लाखों का सामान जलकर राख हो चुका था। मामले की सूचना पर राजस्व विभाग की टीम ने पहुंचकर आग से हुए नुकसान का मौका मुआयना कर रिपोर्ट भेजी है।

थाना क्षेत्र के रामनगर कौहन गांव में रामदास की लड़की पिंकी की शादी पांच दिन पूर्व हुई थी। जिसकी रविवार को चौथी तुराबअली के पुरवा शहर से पिता लेकर आए थे। घर में रिश्तेदारों की संख्या काफी थी। छत के ऊपर छप्पर डालकर परिवार की महिलाएं खाना पका रही थीं। तभी गैस सिलेंडर का पाइप लीकेज हो गया और आग लग गई। ग्रामीणों ने इकट्ठा होकर आग पर काबू पाया लेकिन तब तक आग लगने से हजारों रुपये की नकदी सहित जेवर व कपड़े, खाने-पीने का सामान, गृहस्थी का ज्यादातर सामान जलकर खाक हो गया। आगजनी से करीब सवा लाख रुपये का नुकसान हुआ है। आग बुझाने में रामदास की बड़ी बेटी विजेता व पिंकी झुलस गई है। जिन का उपचार गांव के ही एक अस्पताल में चल रहा है।

हल्का लेखपाल सुशील कुमार मौके पर पहुंचकर घटना में हुए नुकसान का आकलन करके राजस्व विभाग को रिपोर्ट भेजी है।

# कैलाश शिक्षामित्र संघ के पुन: बने ब्लाक अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- साथियों ने फूलमाला पहना कर किया स्वागत
- अमौली ब्लाक संघ इकाई का किया गया गठन

**अमृत विचार।** शिक्षामित्र संघ द्वारा ब्लाक इकाइयों का गठन किया जा रहा है। रविवार को अमौली कस्बे में हुए आयोजित कार्यक्रम में अमौली ब्लाक की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें कैलाश कुमार को ब्लाक अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों को मनोनीत किया गया। साथी शिक्षामित्रों ने फूलमाला के साथ उनका स्वागत करते हुए बधाई दी है।

शिक्षामित्र संघ की ब्लाक इकाई अमौली की एक बैठक रविवार को अमौली कस्बे में आयोजित की गई। जिसमें संगठन का पुर्नगठन किया गया। सर्वसम्मति से कैलाश कुमार को एक बार फिर से निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया। वहीं ब्लाक महामंत्री के रूप में कनीज जहरा, कोषाध्यक्ष विजय बाबू को चुना गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुशील तिवारी ने कहा कि शासन स्तर में संगठन से बात चल रही है। जल्द ही शिक्षामित्रों की समस्या का हल निकाला जाएगा। शासन के द्वारा प्रस्ताव बन रहा है, जिसमें शिक्षामित्रों की समस्यायें खत्म हो जाएंगी।


नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का स्वागत करते साथी। अमृत विचार

प्रदेश संगठन प्रयासरत है कि एक बार पुनः शिक्षामित्रों का भविष्य उज्ज्वल हो सके। सभी मनोनीत पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। मनोनीत पदाधिकारियों ने कहाकि संगठन की मजबूती को बल दिया जाएगा और शिक्षामित्रों के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर खडे होने का काम किया जाएगा।

इस मौके पर जिला मंत्री सुमित द्विवेदी, अखिलेश गुप्ता, जिला सचिव मनोज गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष गयापाल, पुष्पेंद्र, गजेंद्र, सतीश चंद्र, संगीता, नीलम समेत अन्य शिक्षामित्र मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### लोडर की टक्कर से तोड़ा महिला का मकान

**औंग।** थाना क्षेत्र के गोधरौली गांव निवासी सुनीता देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि औंग निवासी सानू ने शराब के नशे में तेज रफ्तार से चलाते हुए लोडर से टक्कर मारकर मकान तोड़ दिया है। यह लोडर गोधरौली निवासी छोटू पुत्र जगदीश का बताया जा रहा है। पीड़ित महिला ने थानाध्यक्ष से मांग की है कि चालक और गाड़ी मालिक पर दबाव डालकर उसका घर ठीक कराया जाए।

### विवाहिता से छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज

**औंग।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के गौसपुर गांव निवासी एक विवाहित महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि चित्तापुर निवासी एक युवक ने उसके साथ छेड़खानी की। किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। मामला संज्ञान में लेकर पुलिस ने आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**फतेहपुर।** गाजीपुर पुलिस ने कस्बा निवासी रामानंद उर्फ बाबू पाल पुत्र भगवानदीन के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। रविवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

### चेकिंग के दौरान तमंचा व दो कारतूस के साथ धरा गया

**फतेहपुर।** असोथर पुलिस ने रविवार को चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध को एक तमंचा व दो कारतूस के साथ पकड़ा है। पूछताछ में आरोपी ने खुद की पहचान ऐझी निवासी प्रेम कुमार उर्फ शनि सिंह पुत्र अभिलाष कुमार उर्फ मुन्ना सिंह के रूप में बताई है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायालय रवाना किया है।

# जेल अधीक्षक को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** विशिष्ट सेवा पर राज्यपाल द्वारा सम्मानित किये गये जेल अधीक्षक को भारतीय दोसर वैश्य महासमिति के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता ने प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया।

भारतीय दोसर वैश्य के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता रविवार को जिला कारागार पहुंचे और जेल अधीक्षक मोहम्मद अकरम खान को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। विनोद कुमार गुप्ता ने कहा कि जेल अधीक्षक का कार्यकाल जिला कारागार में वास्तव में सराहनीय है और अनुकरणीय भी है। उन्होंने जिला कारागार में निरूद्ध कैदियों के जीवन को सुधारने व समाज की धारा से जोड़ने के लिये बहुत से कार्य किये हैं। शिक्षा के क्षेत्र में जिला कारागार में निरूद्ध कैदियों को शिक्षित किया। इस मौके पर नदीम जावेद, ज्योति गुप्ता रहीं।


जेल अधीक्षक को सम्मानित करते आयोजक।

**परेशानी** 20 दिनों से बंद चल रहीं सेवाओं से लोगों में खासी नाराजगी, 16 इलेक्ट्रिक बसों से शुरू हुआ था संचालन

# कानपुर-बिंदकी इलेक्ट्रिक बस सेवा बंद, यात्री हलकान



गांधी चौराहे पर साधन के इंतजार में खड़े यात्री। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** कानपुर से बिंदकी तक सस्ते किराये में सफर कराने वाली इलेक्ट्रिक बसें बंद होने से यात्री, व्यापारी व छात्र परेशान हो रहे हैं। वहीं लोगों को साधन के इंतजार में घंटों जूझना पड़ता है।

एक साल पहले इन बसों के संचालित होने पर लोगों में आस जगी थीं कि कानपुर-बिंदकी का आवागमन सुगम होगा। वहीं सुविधाएं मिलने के साथ क्षेत्र में कारोबार भी बढ़ेगा। यात्रियों के सहूलियत के लिए कानपुर-बिंदकी मार्ग में 16 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू किया गया था। जिनके चलने पर लोगों ने राहत की सांस ली थी और सस्ते किराये में यात्रा भी सुगम थी। पिछले 20 दिनों से रोडवेज बस स्टाप बिंदकी में साधन के इंतजार में यात्रियों को घंटों राह ताकनी पड़ रही है। इलेक्ट्रिक बस के एक चालक ने नाम नहीं छापने की शर्त में बताया कि 16 व 17 दिसंबर को कानपुर-बिंदकी को चलने वाली सभी इलेक्ट्रिक बसों का संचालन बंद कर अयोध्या भेजी गई थी। जिन्हे दोबारा संचालित नहीं किया जा सका। इसी तरह जहानाबाद-कानपुर को चलने वाली बसों को भी बंद कर दिया गया है। जिससे बिंदकी व जहानाबाद विधान सभा के बाशिंदे समस्या से जूझ रहे हैं।

### क्या बोले यात्री


वतानुकुलित, आरामदायक सीटें, बस के भीतर भी ध्वनि प्रदूषण न होने के बराबर, शांत वातावरण, ऐसी बस में भला कौन सफर नहीं करना चाहेगा। बसों का संचालन कराया जाना चाहिए।
–पंकज कुमार, पप्पू एडवोकेट


बिंदकी व जहानाबाद क्षेत्रवासियों की सुविधाओं के लिए इलेक्ट्रिक बसें चलवाई गई थीं। जिन्हे बंद कर दिया गया। इनका संचालन बंद होने की जानकारी बस स्टाप पर विभाग के जिम्मेदार भी नहीं दे पा रहे हैं। अब लोगों को दोबारा सुविधा मिल पाएगी या नहीं संशय बना हुआ है।
–सरवन कुमार


इलेक्ट्रिक बसों में सफर करने के लिए सभी इंतजार में रहते हैं। रोडवेज बस स्टाप बिंदकी में कुछ समय के लिए बस नहीं होने पर यात्री इलेक्ट्रिक बस सुगम होने से इंजतार करते हैं। कानपुर-बिंदकी का किराया रोडवेज बस में 92 रुपये जबकि इलेक्ट्रिक बस 69 रूपये प्रति यात्री किराया है।
–अखिलेश शुक्ला, एडवोकेट


इलेक्ट्रिक बसों के बंद होने से नगरवासी, क्षेत्रवासी, व्यापारी व छात्र सभी जूझ रहे हैं। इन बसों के चलाये जाने से जहां यात्रा सुगम हो गई थी वहीं कारोबार में भी इजाफा देखने को मिल रहा था। बसों के बंद होने के बाद से अब हालात ऐसे पैदा हो गए हैं कि घंटो साधन के आभाव में अपने गन्तव्य को सुरक्षित पहुंचने का खतरा पैदा हो गया।
–कृष्ण कुमार गोस्वामी

KESHLATA CANCER HOSPITAL PVT. LTD. BAREILLY
केशलता अस्पताल
फ्री "मेगा आर्थो स्पाइन एवं स्त्री रोग" कैंप
प्रिय नगरवासियों आपके शहर में "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" का आयोजन किया जा रहा है
दिनाँक : 6 / 7 / 8 फ़रवरी 2024 समय प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
स्थान : केशलता अस्पताल , डेलापीर - बरेली
हड्डी एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ

डॉ. (प्रो.) वरुण अग्रवाल
मिनिमल इनवेसिव और एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जन, प्रो. ऑर्थोपेडिक्स, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

डॉ. प्रज्ञा मिश्रा
गायनी एंडोस्कोपी, लेप्रोस्कोपी और हिस्टेरोस्कोपी सर्जन, प्रो. गायनी, स्त्री रोग विशेषज्ञ रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
FREE! "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" FREE!

डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) सलाहकार चिकित्सक और कार्डियो - मधुमेह विशेषज्ञ

डॉ. अनुपम सेठ
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट एवं न्यूरोलॉजिस्ट
विशेष सुविधाएं
- नि:शुल्क परामर्श
- बी.एम.डी जॉच नि:शुल्क
- खून की जांचों पर भारी छूट
- एक्स-रे पर भारी छूट
- सभी दवाइयों पर भारी छूट
- आयुष्मान कार्ड धारकों का नि:शुल्क ऑपरेशन
- कैंप में रजिस्टर्ड मरीजों के ऑपरेशन पर भारी छूट

नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें : 9081800900, 8006460900

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च ।
महान् भवत्यनिर्विण्ण : सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहने वाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन–संपत्ति से उसका घर भरा –पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश –मान –सम्मान पाता है।

## संपादकीय

# बड़ी पहल

टेक अरबपति एलन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक ने पहली बार किसी इंसान में अपने मस्तिष्क-कंप्यूटर-इंटरफेस चिप को प्रत्यारोपित किया है। शुरुआती संकेतों के मुताबिक यह प्रयोग सफल भी रहा। न्यूरालिंक की यह पहल बड़ी है। इसलिए यह कदम मानव जीवन में विज्ञान और टेक्नोलॉजी की भूमिका के नए दौर की शुरुआत साबित हो सकता है। न्यूरालिंक का मिशन मस्तिष्क से संबंधित शारीरिक विकारों का इलाज करना और अंततः, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के साथ मानव चेतना को जोड़ना है। न्यूरालिंक ने सिक्के के आकार का एक डिवाइस बनाया है। यह डिवाइस कम्प्यूटर, मोबाइल फोन या किसी अन्य उपकरण को ब्रेन एक्टिविटी से सीधे कंट्रोल करने में सक्षम करता है। पक्षाघात से पीड़ित व्यक्ति दिमाग में चिप के प्रत्यारोपित होने के बाद केवल सोचकर माउस का कर्सर मूव कर सकेंगे। मस्क ने वर्ष 2016 में स्टार्टअप न्यूरालिंक को शुरु किया था। इसके माध्यम से अल्जाइमर, डिमेंशिया और रीढ़ की हड्डी जैसी समस्याओं का इलाज करने में मदद करने लिए मानव मस्तिष्क में एक कंप्यूटर को प्रत्यारोपित करने का लक्ष्य है। इस परियोजना से मस्क का दीर्घकालीन लक्ष्य मनुष्यों और एआई के बीच संबंधों का पता लगाना है। न्यूरालिंक के मुताबिक ट्रायल उन लोगों पर किया जा रहा है, जिन लोगों को सर्वाइकल स्पाइनल कॉर्ड में चोट या एमियोट्रोफिक लेटरल स्क्लेरोसिस के कारण क्वाड्रिप्लेजिया है।

इस ट्रायल में हिस्सा लेने वालों की उम्र न्यूनतम 22 साल होनी चाहिए। शोध को पूरा होने में करीब छह साल लगेंगे। पिछले दिनों मस्क ने दावा किया कि यह चिप सुरक्षित है। इसकी मदद से बंदर ने पोंग नाम का आर्केड खेल खेलना सीखा। यह समझना महत्वपूर्ण है कि यदि प्रौद्योगिकी मनुष्यों में काम करती है तो यह लाखों लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार कर सकती है। यह तकनीक आश्चर्यजनक जोखिमों के साथ आती है। क्योंकि ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस (बीसीआई) अमूर्त का भी पता लगा सकता है तथा रिकॉर्ड और संचारित भी कर सकता है। मस्तिष्क के संकेतों को प्राप्त करते हैं, उनका विश्लेषण करते हैं जिससे मानवीय विचार असुरक्षित हो जाते हैं। बड़े पैमाने पर समाज के लिए नैतिक जोखिम भी हैं जो न्यूरालिंक से भी आगे जाते हैं। कई कंपनियां ऐसी तकनीक विकसित कर रही हैं जो मानव मस्तिष्क से जुड़ती हैं। हमारे दिमाग में क्या चल रहा है उसे डिकोड कर सकती है और मानसिक गोपनीयता को खत्म करने की क्षमता रखती है। मस्क और उनकी टीम को अनुसंधान के ईमानदारी प्रति ईमानदार प्रतिबद्धता बनाए रखनी होगी। जो आने वाला है उसके लिए हमें खुद को तैयार करना होगा।

# देश में एचपीवी वैक्सीन का असर 2030 तक ही दिखेगा



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

बात सन् 1979 से शुरू होती है जब महिलाओं में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से पीड़ित होने की संभावना को ध्यान में रखते हुए दिल्ली के मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज परिसर में 'साईटोलॉजी रिसर्च सेंटर' की स्थापना भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने की थी। इसकी जिम्मेवारी डॉ. उषा लूथरा को दी गई थी।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने सन 2023 में सात प्रादेशिक सरकारों को सूचित किया कि वे ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी वैक्सीन) के विरुद्ध प्रतिरक्षात्मक टीकाकरण के लिए तैयारी करें जिसके अंतर्गत 9 से 14 वर्ष की वय की बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन की खुराक दी जाएगी। सन 2025 के अंत तक पूरे देश में करीब 70 लाख बालिकाओं को इस टीके की खुराक लगा दी जाएगी जिसके बाद अतिरिक्त 11 लाख बालिकाओं को यह टीका लगाया जाएगा। लोकसभा में इस साल का बजट पेश करते हुए वित्तमंत्री ने अपने भाषण में जिक्र किया है कि महिलाओं को गर्भाशय ग्रीवा (कैंसर ऑफ़ द यूट्राइन सर्विक्स) के कैंसर से बचाने के लिए देशव्यापी टीकाकरण अभियान की शुरुआत जल्दी ही की जाएगी। इसके लिए वित्तीय प्रावधान किए गए हैं।

बात सन 1979 से शुरू होती है जब महिलाओं में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से पीड़ित होने की संभावना को ध्यान में रखते हुए दिल्ली के मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज परिसर में 'साईटोलॉजी रिसर्च सेंटर' की स्थापना भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने की थी। इसकी जिम्मेवारी डॉ.उषा लूथरा को दी गई थी। परिषद मुख्यालय में उस समय डिवीज़न ऑफ़ नॉन-कम्युनिकेबल डिजीजेज़ की वे मुखिया भी थीं। बाद में इसे इंस्टिट्यूट ऑफ़ साईटोलॉजी एंड प्रिवेंटिव ऑन्कोलॉजी बनाया गया और सन 2016 अपग्रेड करके नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ कैंसर प्रिवेंशन एंड रिसर्च का दर्ज़ा दिया गया जिसे नोएडा (उत्तरप्रदेश) में स्थानांतरित गया। डॉ.उषा लूथरा, मॉलिक्यूलर बायोलॉजिस्ट डॉ.भूदेव दास और अन्य वैज्ञानिकों ने मिलकर एचपीवी की स्क्रीनिंग के लिए एक ग्रुप बनाया था। दिल्ली में चलाए जाने वाले इस प्रोजेक्ट में उन महिलाओं में पैपिलोमा वायरस के संक्रमण और इसके बढ़ाव से कैंसर होने की बाबत पता लगाया जाना था।

स्क्रीनिंग का काम अब तो बेहद उन्नत हो गया है। नोएडा स्थित इंस्टिट्यूट ने कैंसर अस्पतालों में आने वाली संक्रमित महिलाओं की जांच और पुष्टिकरण के लिए सन 2019 में 'ट्रेनिंग मैन्युअल ऑन सर्विकल कैंसर स्क्रीनिंग यूजिन्ग विजुएल इंस्पेक्शन विद एसिटिक एसिड' प्रकाशित किया।



पॉलीमरेज़ चैन रिएक्शन विधि से भी विषाणु की उपस्थिति और इसकी किस्म (करैक्ट्राइज़ेशन एंड टाइपिंग) को जांचा जाता है। उक्त स्टडी के चलते 'कंट्रोल' ग्रुप की कुछ महिलाओं को वास्तव में कैंसर हुआ जिसे लेकर बाद में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़ इंडिया की बृंदा करात ने काफी हंगामा इस बात को लेकर किया था कि जिन्हें स्टडी के दौरान कैंसर हुआ उनका इलाज़ क्यों नहीं किया गया और जीवन बीमा क्यों न हुआ जबकि यह संभावना प्रबल थी कि इनमें से कुछ को कैंसर हो सकता है? भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् की ओर से खेद व्यक्त किया गया था। लेकिन बाद में परिषद ने अपनी छोटी-सी, सन 1980 में प्रकाशित 'एथिक्स गाइडलाइन्स' को व्यापक रूप देने के लिए विशेषज्ञों को लेकर कई बैठकें की थीं जिनके बाद सन 2023 तक इससे संबधित विषयों पर एक दर्ज़न संस्करण निकाले जा चुके हैं लेकिन सन 2006 के मूल दस्तावेज़ 'एथिकल गाइडलाइन्स फॉर बायोमेडिकल रिसर्च ऑन ह्यूमन पार्टिसिपेंट्स' को 2017 में रिवायिज़ किया गया था। रिवायिज़ करते समय यह ध्यान रखा गया कि इसे 'ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट' के शेड्यूल 'वाई' के अनुकूल रखा जाय। इसके अलावा 'नेशनल गाइडलाइन्स फॉर बायोमेडिकल रिसर्च इनवॉल्विंग चिल्ड्रेन' का प्रकाशन सन 2017 में किया गया। इतना कार्य आईसीएमआर की 'बायो-एथिक्स यूनिट' ने पिछले 23 साल में तंत्र को मजबूत करने के लिए किया। अब ये गाइडलाइन्स विश्व-स्तर की हैं।

कहानी का एक पक्ष ऐसा भी है जिसने भारत में सरकार के चालू यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम के अंतर्गत एचपीवी वैक्सीन लगाने के ताजा अभियान को अत्यंत सावधानी से लागू करने की सीख दी। हुआ यह था कि सन 2007 में 'पाथ' (प्रोग्राम फॉर एप्रोप्रियेट टेक्नोलॉजी इन हेल्थ) नामक अंतरराष्ट्रीय गैर-सरकारी संस्था ने भारत सरकार की अनुमति से देश में जिला वड़ोदरा और छोटा उदेपुर के दभोई, शिनोर और क्वांट कस्बे के निकट के गांवों और आंध्रप्रदेश के जिला खम्माम के कोठगुदम, तिरुमल्याप्लेम और भद्राचलम ब्लाक के गांवों में ग्लोबल प्रोग्राम के हिस्से के बतौर एक प्रोग्राम -'एचपीवी वैक्सीनः एविडेंस फॉर इम्पैक्ट', चालू किया। इसके लिए पूरा पैसा बिल एंड मेलिंदा गेट्स फाउंडेशन ने दिया था। योजना के अंतर्गत तीन स्तरों पर दोनों ठिकानों में रहने वाली 10 से 14 वर्ष की करीब 25-30 हजार बालिकाओं को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस से बचाव करने हेतु टीका लगाना था, जिसे 24777 बालिकाओं को ही वास्तव में लगाया जा सका था। इसका परीक्षण भारत से बाहर पेरू, उगांडा और वियतनाम में भी साथ के साथ किया जाना जारी था। टीका विकास के लिए यह अध्ययन चौथे स्तर (फेज़-4) के लिए था जिसमें मनुष्य को दवा खिलाकर या टीका लगाकर प्रभाव की जांच की जाती है। इसे 'लायसेन्स-पश्चात' किया जाने वाला अध्ययन कहते हैं। ऐसे अध्ययनों के सांख्यकीय नतीजे अगर 95 प्रतिशत तक कामयाब माने जाएं तो दवा को बाज़ार में मुक्त बिक्री के लिए अनुमति दे दी जाती है। भारत में इस अध्ययन के लिए टीकाकरण का तीसरा फेज़ समाप्त होने से पहले 'एक्सपेरिमेंटल ग्रुप' में 7 बालिकाओं की मृत्यु हो गई -खम्माम में पांच और छोटा उदेपुर से दो। ये सभी बालिकाएं भारत के आदिवासी समुदाय से निम्न आय वर्ग और गरीब परिवारों से थीं।

मर्क दवा कंपनी की एचपीवी वैक्सीन का ब्रांड नाम गरडासिल है जिसे खम्माम की बालिकाओं को लगाया गया और गुजरात की बालिकाओं को ग्लेक्सो का 'सर्वारिक्स' टीका लगाया गया था। बाद में हुए अध्ययनों से मालूम हुआ कि भारत द्वारा विकसित की गई सर्वावैक और गरडासिल वैक्सीन्स में कारगरता और सेफ्टी को लेकर कोई ख़ास अंतर नहीं है। मीडिया के माध्यम से जब इन बालिकाओं की मृत्यु की बात उजागर हुई और इसके लिए एचपीवी टीका के शरीर पर विषाक्त प्रभाव या एडवर्स रिएक्शन से ऐसा हुआ माना गया तो इसका संज्ञान लेते हुए न केवल अध्ययन को सन 2010 में रोक दिया गया। प्रोफेसर एसएस अग्रवाल की अध्यक्षता वाली कमेटी ने फरवरी 2011 में इस अध्ययन के दौरान 'पाथ' द्वारा की गई त्रुटियों को बताने के अलावा अपनी सिफारिशों में तंत्र को और मजबूत बनाने की भी सिफारिश की है ताकि ट्रायल्स सुरक्षित रहें। 'पाथ' संस्था द्वारा भारत में एचपीवी टीका परीक्षण के दौरान 'एलेज्ड इर्रेगुलरिटीज़ इन द कंडक्ट ऑफ़ स्टडीज़ यूजिंग ह्यूमन पेपिलोमा वायरस वैक्सीन' नाम से यह रिपोर्ट अब पब्लिक डोमेन में आईसीएमआर की ऑफिसियल वेबसाइट पर देखी जा सकती है। इस जांच रिपोर्ट और देश के यूनिवर्सल टीकाकरण कार्यक्रम सदृश्य एचपीवी टीकाकरण को लागू करने के बीच के ग्यारह साल में टीकों के विकास और प्रोडक्शन की टेक्नोलॉजी, परीक्षण पूर्व टॉक्सिसिटी स्टडीज, मनुष्यों पर परीक्षण की पद्धति, वेलिडेशन के लिए सांख्यकीय अध्ययन, एथिकल स्टैंडर्ड्स एंड प्रेक्टिसेस और फॉलो-अप को लेकर बहुत बदलाव हो गए हैं। देश में विभिन्न तरह के कैंसर संबंधी आंकड़े भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद की कैंसर रजिस्ट्री की रिपोर्ट्स में उपलब्ध है। ये सब पब्लिक डोमेन में राष्ट्रीय रोग सूचना विज्ञान और अनुसंधान केंद्र, बंगलुरु की वेबसाइट पर अपलोड किए जाते रहे हैं।

एचपीवी का टीका बालिकाओं को लगाया जाना इसलिए जरूरी है कि कुछ समय बाद जब वे यौनिक रूप से सक्रिय हो जाएं और जीवन शैली, रहन-सहन के परिवेश, आदतों और किन्हीं और वजहों से एचपीवी विषाणु के संक्रमण की चपेट में आएं या संक्रमण होने की तीव्र संभावना वाली परिस्थितियों से गुजरें तो संक्रमण से वे बची रहें। सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंडिया द्वारा विकसित टीके को लेकर इसके सुरक्षित होने, दीर्घ काल तक प्रतिरक्षण की क्षमता बनाए रखने पर तसल्लीबक्श वैज्ञानिक अध्ययन किए गए हैं। भारत सरकार की शासकीय नीति के अनुसार फिलवक्त इसे यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम के अंतर्गत निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। यह संतोषप्रद है कि बालिकाओं को लगाए जाने वाली अपनी भारतीय वैक्सीन 'सर्ववावैक' की सिर्फ एक ही खुराक विषाणु के सक्रिय विभेदों के विरुद्ध प्रतिरक्षा प्रदान करने में सक्षम है। अभी यह रुपये 200-400 की है। उम्मीद है सन 2030 तक देश में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से पीड़ित होने वाली महिलाओं की संख्या में 'वैक्सीन प्रभाव' से अत्यधिक कमी हो सकेगी।

## प्रसंगवश

# लोक की शक्ति

यदि मन में लोक के प्रति अश्रद्धा, उदासीनता और तिरस्कार का भाव हो तो लोकतंत्र की बड़ी-बड़ी बातें बघारना छल के अतिरिक्त और क्या हो सकता है? स्वतंत्रता की लड़ाई सामान्य जन ने लड़ी, लोक ने लड़ी, लड़ाई में सामान्य जन जीता और जनतंत्र प्रतिष्ठित हुआ। यह जनतंत्र की ही टेर थी कि सिंहासन खाली करो कि जनता आती है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

उस समय जनता को जनार्दन कहा जाता था। न जाति की बात थी और न धर्म की, लेकिन जैसे-जैसे स्वतंत्रता निकट आती दिखी वैसे ही सत्ता का मोह जग गया और लोक की शक्ति को विखंडित करने के औजारों पर धार धरी जाने लगी। इस कार्य में गोरे राजा उनको प्रोत्साहित कर रहे थे। ये औजार धर्म या मजहब के हों या जाति बिरादरी के। स्वतंत्रता की लड़ाई में तो समान्य जन ही था, किंतु अब जाति भी आगे आ गई और मजहब भी आगे आ गया। लोकशक्ति विभाजित हुई, देश का विभाजन हुआ। लोकशक्ति के प्रतीक गांधी अलग थलग पड़ गए। स्वतंत्रता के बाद जैसे-जैसे राष्ट्रीय आंदोलन के मूल्य पृष्ठभूमि में धकेले जाते रहे, वैसे-वैसे जनता को मूर्ख समझा और बनाया जाने लगा। एक विचार समूह घोषित रूप में कहता था कि भारत में जनतंत्र सफल नहीं हो सकता। यहां तो तानाशाही से ही शासन चल सकता है। दूसरा विचार समूह क्रांति के सपने देखता रहा, उसके मन में भी कहीं न कहीं अधिनायक बैठा हुआ था। इस वर्ग ने लोकतंत्र को कभी वरीयता नहीं दी। हालांकि चुनाव में दोनों वर्ग उतरते रहे और जनता को माई बाप भी कहते रहे। विचार में कुछ और भाषण में कुछ और तथा व्यवहार में कुछ और। परिणाम जो होना था, सो हुआ, जो कुछ हुआ और हो रहा है, वह किसी एक दिन या एक पार्टी की बात नहीं है। वह प्रक्रिया है, जो तभी से चलती रही है।

वह विचार समूह, जो जाति के आयुध को लेकर यह लडाई लड़ना चाहता है, लोक के विरुद्ध है। इसका समाधान लोक जागरण के अतिरिक्त कोई हो ही नहीं सकता। चौबीस के चुनाव की बात कर रहे हैं, खूब करते रहें, स्थिति में कोई बड़ा सुधार होता हुआ नहीं दिख रहा है। लोक की शक्ति को पहचाने बिना कोई संभावना नहीं है। और आज तो भूमंडलीय शक्ति छाती पर छज्जे धर चुकी है।

# साइबर क्राइमः बड़े धोखे हैं इस राह में

दुनियाभर के लोग इंस्टा और फेसबुक जैसे प्लेटफार्म पर मिलते हैं और दोस्त बन जाते हैं। हाल के दिनों में ऑनलाइन प्यार की ऐसी कई कहानियां सामने आईं जिनमें लोगों ने सरहद तक को पार कर दिया, लेकिन देखने में जो सोशल मीडिया रोमांचक है, उसके खतरे भी हजार हैं। क्योंकि जब चैटिंग से शुरू हुई दोस्ती का सफर छेड़खानी, दुष्कर्म, यौन शोषण, शादी के नाम पर झांसे और आर्थिक शोषण से खत्म होता है, तब स्थिति बहुत दुखदायी हो जाती है।

पुलिस आंकड़ों पर गौर करें तो फेसबुक या अन्य सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती करके शादी करने का झांसा देने और होटल में बुलाकर दुष्कर्म करने जैसे मामले भी लगातार बढ़ रहे हैं। दुष्कर्म के मामलों में 30 से 40 फीसदी मामले इसी तरह के होते हैं। वर्चुअल चैट्स और वीडियो कॉलिंग के जरिए मुलाकातों ने अपराधियों के लिए नए-नए रास्ते खोल दिए हैं। पिछले एक साल में डिजिटल रोमांस स्कैम की संख्या में भी 40 फीसदी की वृद्धि हुई है। एशिया के कई देशों में ये ऑनलाइन रोमांस स्कैम धड़ल्ले से चल रहा है। भारत ही नहीं विदेशों में भी बड़ी संख्या में लोग ऑनलाइन स्कैम के शिकार हो रहे हैं, लेकिन सिर्फ 20 फीसदी लोग ही इसकी शिकायत पुलिस से करते हैं।

न्यूयॉर्क में कराए गए कॉम्बैटिंग ऑनलाइन वायलेंस अगेंस्ट वुमन एंड गर्ल्स : अ वर्ल्ड वाइड वैकअप नाम के सर्वे में लगभग 86 देशों का अध्ययन किया गया जिससे सामने आया कि इंटरनेट का इस्तेमाल करने वाली लगभग तीन चौथाई महिलाएं किसी न किसी किस्म की साइबर हिंसा का शिकार होती हैं। सर्वे में ये बात भी सामने आई कि भारत में साइबर अपराध के मामलों में शिकायत करने में महिलाओं की संख्या काफी



गीता यादव
वरिष्ठ पत्रकार

साइबर एक्सपर्ट बताते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में सोशल मीडिया पर फोटो व वीडियो अपलोड करने का शौक भी लोगों में तेजी से बढ़ा है।

कम है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में केवल 35 फीसदी महिलाओं ने साइबर अपराध की शिकायत की, जबकि 46.7 फीसदी पीड़ित महिलाओं ने शिकायत ही नहीं की। वहीं 18.3 फीसदी महिलाओं को इस बारे में कोई जानकारी ही नहीं थी। दिल्ली एनसीआर में एक गैंग ने करीब 700 महिलाओं के साथ ठगी की और ये ठगी इंस्टाग्राम पर दोस्ती करके अंजाम दी गई।

साइबर एक्सपर्ट बताते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में सोशल मीडिया पर फोटो के साथ-साथ वीडियो अपलोड करने का शौक भी लोगों में तेजी से बढ़ा है। कोई रील्स बनाकर डालता है, कोई बच्चे का वीडियो डालता है, लेकिन अब ये भी बेहद खतरनाक बनता जा रहा है, क्योंकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए आवाज चुराई जा रही है। बाद में उसका इस्तेमाल आपको ठगने के लिए किया जा सकता है। आजकल हनी ट्रैप की घटनाएं भी चर्चा में हैं। आपके व्हाट्सएप या मैसेंजर पर किसी अज्ञात नंबर/प्रोफाइल से लड़की/लड़के द्वारा आपसे चैटिंग की जाती है। उसके बाद उसके द्वारा वीडियो कॉल किया जाता है और जैसे ही आप वीडियो कॉल उठाते हैं तो स्क्रीन रिकॉर्डिंग के माध्यम से उसके द्वारा आपकी 10-15 सेकेंड की एक वीडियो क्लिप बना ली जाती है और उस क्लिप को एडिट कर आपको ब्लैकमेल किया जाता है और वीडियो डिलीट कराने के लिए पैसे की मांग की जाती है।

एक सर्वे के अनुसार सोशल मीडिया पर 36 फीसदी लड़कियों को अजनबियों द्वारा परेशान जाता है। वहीं 32 फीसदी को फेक आईडी सोशल मीडिया यूजर्स अपशब्द और अश्लील मैसेज भेजते हैं। इसके परिणामस्वरूप ऑनलाइन उत्पीड़न ने 42 फीसदी महिलाओं को मानसिक और भावनात्मक रूप से तनावग्रस्त कर दिया है। यही कारण है कि पांच में से एक लड़कियों ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म से उचित रूप से दूरी बना ली है। ऐसी ही ऐप्स को लेकर अंतर्राष्ट्रीय अपराधिक पुलिस संगठन इंटरपोल ने पिछले साल दुनिया के 194 देशों को अलर्ट जारी किया था। इसमें भारत भी शामिल है। अलर्ट के मुताबिक इंटरनेट मीडिया पर अनजान लोगों से दोस्ती करने से बचें। अपने प्रोफाइल में निजी जानकारियों को शामिल न करें। हमेशा प्रोफाइल को सत्यापित करें और उसकी जांच करें।

वित्तीय अनुरोध करने वाले ऑनलाइन प्रेमी-प्रेमिकाओं से सावधान रहें। ऑनलाइन लिंक और इंटरनेट मीडिया पर किसी भी तरह के ऑफर और लालच में न आएं। कोई रुपयों की मांग करता है तो पहले जांच लें। फिर भी अगर आप ठगी का शिकार हो जाते हैं तो तुरंत साइबर हेल्प लाइन नंबर और अपने नजदीकी साइबर थाने में लिखित शिकायत दें। इस तरह की सावधानियों को ध्यान में रखकर ही इस परेशानी से बचा जा सकता है। ऑनलाइन धोखाधड़ी आर्थिक घोटाला ही नहीं है, बल्कि इसमें पीड़ित को भावनात्मक क्षति भी होती है। उसके लिए भविष्य में किसी पर भी आसानी से भरोसा करना मुश्किल हो जाता है।

## सोशल फोरम

# बात बात में बात

बातचीत में रिश्तों का निजी समीकरण क्यों बन जाता है? तोता-मैना संवाद प्राचीन काल से प्रसिद्ध है। 'सर्मन ऑफ द माउंट' भी बातचीत ही तो है। बैरिस्टर गांधी ने 39 साल की उम्र में 'हिंद स्वराज' नाम की किताब एक बातचीत के रूप में ही लिखी। उसमें पाठक के सवालों का जवाब संपादक देते हैं। बड़ी से बड़ी लड़ाई हो तो भी देशों के बीच में आखिर मामला बातचीत से ही हल होता है।



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

बातचीत नहीं हो, तो रिश्ते बिगड़ जाते हैं। पति-पत्नी में यदि बातचीत बंद हो जाए तो वह घर रहने लायक नहीं रहता। सास-बहू की बातचीत, ननद-भौजाई की बातचीत, बाप-बेटे की बातचीत, दोस्तों की बातचीत सबके तेवर और रंग-ढंग अलग-अलग होते हैं। यह मनुष्य ही है जिसके पास बोली है और उसके पास भाषा है। अन्य किसी प्रजाति में यानि पशु और पक्षियों में भाषा कहां होती है? इसलिए बातचीत करना सबको सुहाता है। कई बार मतभेद हो तो भी लोग लड़ते-लड़ते बातचीत ही तो करते हैं।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 में हर नागरिक को 26 जनवरी 1950 से अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार दिया गया है। मेरा बोलने का अधिकार वहां से आता है। आप नहीं सुनना चाहें तो वह अधिकार भी आपको वहीं से आता है। बातचीत सुनकर अगर आप कुछ कहना, लिखना चाहें तो भी यह अधिकार आपको वहीं से आता है।

डिजिटल क्रांति के जमाने में अब कान ही आंखों के ऊपर भारी पड़ रहे हैं। स्कूली बच्चों के कान उमेठे जाते हैं। चुगलखोरी के मामले में कहा जाता है कि आप उनकी बात पर कान मत धरें। कोई जबरिया सुनाना चाहता है तो कहते हैं कान में तेल डाल लो। उंगली डाल लो।

बातें तो तरह-तरह की होती हैं। बातें कभी अच्छी लगती हैं। कभी चुभ जाती हैं। कभी लोग कहते हैं कि बात निकली है तो दूर तलक जाएगी। इतिहास में कई लोगों ने यादगार बातें की हैं। मसलन श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र के मैदान पर खड़े होकर अर्जुन से बात ही तो की थी। उसे ही तो बाद में गीता की पोथी बनाकर ज्ञान की खदान कह दिया गया। शेक्सपियर के भी चरित्र मार्क एंटनी ने शानदार भाषण किया और बोलने के इतिहास में अमर हो गया।

**-फेसबुक वॉल से**

# बात हो कि क्या पढ़ रहा है भारत

मुझे सबसे ज्यादा दुख तब होता है जब मेरे यहां कोई नौकरी मांगने आए और मैं उसे काम पर न रख सकूं। पिछले दिनों ऐसा ही एक दुखद वाकया हुआ। एक लड़का आया। उम्र 28 साल। पिता नाव चलाते हैं बेहद गरीब हैं। शिक्षा डबल एमकॉम। काम का अनुभव कुछ नहीं। मैंने उससे पूछा आप टैली पर बिल एंट्री कर लेंगे? उसने कहा - नहीं। कंप्यूटर का ज्ञान? नहीं। फिर मैंने हिसाब-किताब के दो-चार सवाल पूछे। उसने सारे जवाब गलत दिए। हारकर मैंने उसे किराने के सामान की एक लिस्ट बनाकर दी और उसके भाव अलग से लिख कर दिए और फिर उसका हिसाब बनाने को कहा। वह, वह भी नहीं कर पाया।

मैंने पूछा एमकॉम तक तो ठीक था पर तुमने डबल एमकॉम क्यों किया? उसने कहा मेरी मां चाहती थी मैं पढ़ाई जारी रखूं। मैं उसे नौकरी नहीं दे पाया। मुझे दुख है, पर अपराध बोध नहीं। उसके दोषी वे स्कूल कॉलेज हैं जिनकी फीस गरीब मां-बाप ने अपना पेट काटकर इस उम्मीद में भरी कि वे उनके बच्चे को कोई ऐसा ज्ञान, कोई ऐसा हुनर सिखाएंगे जो उसे रोजी-रोटी देगा। इस लड़के के मां-बाप को उन तमाम स्कूलों-कॉलेजों पर मुकदमा दायर करना चाहिए। यह पैसा और समय लेकर बदले में कोई सेवा न देने का मामला है, जिसे कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट के तहत रजिस्टर किया जाना चाहिए। मुझे इन स्कूल-कॉलेज से दो शिकायतें हैं। पहले कि वे अपना काम नहीं कर रहे। दूसरी कि वह किसी नौजवान को हम जैसे संभावित एंप्लॉयर के पास जाने से चार-पांच साल तक रोके रखते हैं। यदि हमें कोई बच्चा 18 साल की उम्र में मिल जाए तो दो-चार साल में हम उसे ठोक-पीटकर आदमी बना देंगे। हमारा रोना यह है कि स्कूल-कॉलेज उसे 23-24 की उम्र तक बेवजह बंधक रखते हैं। लड़का जब हमारे पास आता है तो उसके पास सीखने का समय ही नहीं है, उसे अगले साल शादी करनी है। फिर परिवार चलाने के लिए उसे तुरंत पैसा चाहिए और मुसीबत ये कि उसके पास कोई हुनर नहीं है। हमारे स्कूल-कॉलेज के पाठ्यक्रम हर व्यक्ति को वैज्ञानिक बनाने के हिसाब से डिजाइन किए गए हैं, जबकि न हमें इतने वैज्ञानिकों की जरूरत है न हर एक बच्चा इतना प्रतिभाशाली होता है। हमारा पहला लक्ष्य बच्चों को कोई ऐसा हुनर सिखाना है कि वह रोजी कमा सके। शिक्षा से चरित्र और व्यक्तित्व निर्माण होना होता तो तमाम आईएएस ऑफिसर ईमानदार देशभक्त होते।



संजय वर्मा
इंदौर

हमारे स्कूल–कॉलेज के पाठ्यक्रम हर व्यक्ति को वैज्ञानिक बनाने के हिसाब से डिजाइन किए गए हैं, जबकि न हमें इतने वैज्ञानिकों की जरूरत है न हर एक बच्चा इतना प्रतिभाशाली होता है।

पिछले कुछ सालों से स्कूल-कॉलेजों की बाढ़ आई है। यह अच्छी बात है कि भारत पढ़ रहा है, पर भारत क्या पढ़ रहा है और उसका जिंदगी से क्या संबंध है, इस पर भी कोई बात करे। यदि एमकॉम पास व्यक्ति एक बिल नहीं बना सकता तो ऐसी पढ़ाई को कूड़े में डाल देना चाहिए। पिछले दिनों 'असर' की एक रिपोर्ट आई थी जिसमें बताया गया की दसवीं क्लास के बच्चे चौथी क्लास का गणित भी हल नहीं कर पा रहे ऐसी पढ़ाई से क्या फायदा है? मगर कोई सवाल नहीं कर रहा कि आप हमारे बच्चे को जो सिखा रहे हो उसे क्या काम आएगा? मैं अपनी बात करूं तो मुझे अब तक के व्यापार में मेरी इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट की डिग्री कहीं काम नहीं आई, जो जोड़, घटाव और गुणा भाग काम आ रहा है, वह तो मैंने पांचवी क्लास तक ही सीख लिया था।

असल में भारत को दिमाग से शोध करने वाले नहीं, हाथ से कम करने वाले हुनरमंद चाहिए। हमारी इंडस्ट्री में लोग परेशान हैं, उन्हें कारपेंटर्स नहीं मिल रहे, एसी मैकेनिक नहीं मिल रहे, फैक्ट्रियों को वेल्डर फिटर नहीं मिल रहे और इधर लाखों बेरोजगारों की फौज काम की तलाश में जोमैटो के डिलीवरी बॉय बनने की कतार में खड़ी है जिसमें कोई तरक्की नहीं।

पहले हुनर सीखने के लिए वर्ण व्यवस्था थी। यह व्यवस्था बेशक बुरी थी। अच्छा हुआ खत्म हो गई, पर समाज को, देश को इसका कोई विकल्प ढूंढना चाहिए था। हमें इस कॉलेजों के बजाय हजारों आईटीआई जैसे संस्थान खोलने चाहिए थे, पर नए तो छोड़िए जो हैं वे भी बदहाल हैं। आज से 30-40 साल पहले तक ग्रेजुएशन करना नौकरी मिलने की गारंटी थी। अब इस संबंध को खत्म हुए अरसा हो गया है, लेकिन भारत का समाज अभी भी इसी हैंगओवर में जी रहा है। तमाम गरीब लोग यह मानते हैं कि कॉलेज की पढ़ाई करना सुनहरे जीवन की गारंटी है।

हर साल लाखों बच्चे गांव से शहर पढ़ाई करने आ रहे हैं, क्योंकि खेती में कोई फायदा नहीं बचा है। इन बच्चों को कोई काम सिखाना, रोजगार के लायक बनाना हमारे स्कूल-कॉलेजों की सबसे पहली जिम्मेदारी होनी चाहिए जिसमें वह अब तक पूरी तरह नाकामयाब रहे हैं।

# कौशल को निखारने की आवश्यकता

क्या भारत में योग्यता के अनुरूप नौकरियां, रोजगार और रोजी-रोटी की कमी है? किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व के उन्नयन के लिए कौशल योग्यता महत्वपूर्ण कारक है। योग्यता के कारण व्यक्ति अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता है जिससे वह परिवार, समाज, संगठन, व्यवस्था और राष्ट्र में महत्वपूर्ण भूमिका का निष्पादन कर सके।



डॉ. सुधाकर मिश्र
दिल्ली

बदलते भारतीय ज्ञान प्रणाली में कौशल की भूमिका को सर्वोपरि प्रत्यय माना जा रहा है। कौशल विकास के कारण व्यक्ति अपने जीविकोपार्जन के लिए सक्षम हो जाता है। भारत के ज्ञान प्रणाली में कौशल की उपादेयता बढ़ रही है। राष्ट्र (देश) के आर्थिक विकास और सामाजिक विकास के लिए कौशल विकास और ज्ञान प्रत्यय अति आवश्यक है। एक प्रतिवेदन के अनुसार देश की 53 प्रतिशत जनसंख्या (ऊर्जावान जनसंख्या) 30 वर्ष से कम है। इस आबादी के लिए स्थिर रोजगार एक चुनौती बना हुआ है। भारत की आबादी में योग्यता के अनुसार नौकरी की कमी है। जनसांख्यिकी संभावनाओं की प्रत्याशा में कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय ने पीएम गति शक्ति मास्टर योजना को तैयार किया है। इसके अंतर्गत उद्योगों और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के आसपास कौशल प्रशिक्षण की स्थापना की जा रही है।

भारत के आर्थिकी में कुशल कर्मचारियों की कमी को दूर करने में इससे काफी मदद प्राप्त होगी। एक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के मुताबिक 12-59 आयु वर्ग में 84 प्रतिशत भारतीयों को तकनीकी ज्ञान और प्रशिक्षण प्राप्त है। आवधिक श्रम बल सर्वे के अनुसार महिलाओं में 90 प्रतिशत है। भारत को ऊंचे लक्ष्य रखते हुए युवाओं को कुशल बनाकर विनिर्माण क्षेत्र में चीन को पछाड़ना होगा। यह बानगी तभी संभव है, जब कार्यबल की उत्पादक क्षमता और कौशल की गुणवत्ता में गुणात्मक उन्नयन हो सके।

# संकल्प व संस्कार की ऊर्जा से युवाओं में भरेंगे राष्ट्र निर्माण के लिए आत्मबल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- करौली शंकर महादेव ने कर्नाटक से शुरू किया स्मृति पवित्रीकरण अभियान
- भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए स्कूल, कॉलेजों से जुड़ा आश्रम


करौली शंकर महादेव। अमृत विचार

**अमृत विचार।** करौली शंकर महादेव ने युवाओं को तनाव मुक्त, क्रोध मुक्त और नशा मुक्त बनाकर आत्मबल बढ़ाकर संस्कारवान बनाने के लिए देश भर के स्कूल, कॉलेजों में व्यापक अभियान चलाने की पहल की है। इस अभियान की शुरुआत कर्नाटक और तमिलनाडु से की गई है। ताकि भारत का भविष्य युवा हर मुश्किल का डटकर सामना कर सके।

करौली शंकर महादेव के अनुसार इस अभियान की जरूरत उन्होंने इसलिए महसूस की क्योंकि आए दिन ऐसे मामले आ रहे हैं जिनमें युवा परीक्षा में फेल होने के डर व अन्य छोटे- छोटे मामलों की वजह से आत्महत्या कर रहे हैं। भारत तभी पूर्व की भांति विश्व गुरु बनेगा, जब हमारा युवा आत्मविश्वास से भरा होगा। तनाव, आलस्य, एंजाइटी, ओसीडी आदि से मुक्त होगा और एकाग्रचित्त होकर अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कार्य करेगा। अमृत विचार से खास बातचीत में उन्होंने कहा कि युवाओं को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से मजबूत बनाने के लिए यह अभियान चलेगा ताकि वे अपनी जिम्मेदारियों को समझें और हर क्षेत्र में टॉपर बनें। यह प्रोग्राम छात्रों के साथ ही शिक्षकों के लिए भी है ताकि वे भी आत्मविश्वास भरा शिक्षण कार्य कर सकें। क्रोध स्वयं का ही नुकसान करता है, इस बात को भी समझाना है। मोबाइल पर रील बनाने के बजाय रियल लाइफ बनाने का कार्य युवा कर सकें।

# बरसात ने बढ़ा दीं कल्पवासियों की दिक्कतें, कैसे करें साधना

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- मेला रामनगरिया क्षेत्र में भरा पानी, नहीं जल पा रहे अलाव
- न झोपड़ी में पड़ रहा चैन, न बाहर बैठकर कर सकते साधना



मेले में पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रविवार को एकाएक हुई बरसात से कल्पवासियों की समस्याएं बढ़ गई हैं। उनका कहना है कि वे यहां कल्पवास पर आध्यात्मिक उन्नति और शांति के लिए आए थे। बारिश के कारण उनकी कुटियों में पानी भर जाने से खलल हो रहा है। हरि सुमिरन के लिए जुटे कल्पवासियों का कहना है कि बारिश से मेला क्षेत्र में अलाव भी नहीं जल पा रहे हैं।

बेमौसम बारिश का सबसे बुरा असर गंगा तट पांचाल घाट पर लगे मेला राम नगरिया पर पड़ा है। तंबुओं के शहर में रह रहे कल्पवासी परेशान हैं। यहां कल्पवास कर रहे अर्जुन राजपूत ने बताया कि वह फूस की झोपड़ी में रह कर पूजा अर्चना करते थे। बारिश से उनकी झोपड़ी में पानी भर गया है। उनका कहना है कि बालू होने की वजह से पानी जल्दी सूखने वाला भी नहीं है। उनका कहना है कि पूरे मेला क्षेत्र में पानी भर गया है। न झोपड़ी में चैन पड़ रहा है और न ही बाहर बैठ कर साधना कर सकते है। नागा अखाड़े के महंत सत्य गिरी का कहना है कि पानी भरने से ध्यान क्रिया प्रभावित हो रही है। बालू गीली होने से मेला क्षेत्र में अलाव भी नहीं जल पा रहे हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत उम्रदराज भक्तों को हो रही है। उनका कहना है कि जिला प्रशासन की ओर से उन्हें समस्याओं से अवगत कराने के लिए वॉकी टाकी दी गई है। उन्होंने फोन करके मेला प्रबंधक को इस संबंध में जानकारी भी दी, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। सभी टीनों से पानी चू रहा है। उन पर तिरपाल डलवाई जाए। यहां सुनने वाला कोई नहीं है।

मेला रामनगरिया में पूजा पाठ का सामान बेच रहे राम कृपाल पांडे का कहना है कि बारिश ने मेले का मजा किरकिरा कर दिया है। बारिश से कोई ग्राहक नहीं आ रहा है। पूरे मेला क्षेत्र में पानी भरा हुआ है। बालू होने से बैठते ही कपड़े भीग जाते हैं। उनका कहना है कि झोपड़ी और तंबू में ऊपर से पानी नहीं आता। बालू से छन छन कर पानी अंदर आ जाता है। मेला प्रबंधक संदीप दीक्षित का कहना है कि मेला क्षेत्र में बालू होने से पानी भर जाता है। वह पानी धीरे-धीरे तंबुओं में पहुंच जाता है। मेले में पानी भरने से भारी नुकसान हो रहा है। इसमें कोई उपाय भी नहीं किया जा सकता। हरि इच्छा बलवान समझ कर कल्पवासियों को अपनी साधना में रत रहना चाहिए।

### शहर की गलियों में कीचड़ ही कीचड़

शहर क्षेत्र में इस बारिश का बुरा असर पड़ा है।बा रिश की बजह से बाजार में सन्नाटा छाया हुआ है। गलियां कीचड़ से भर गई है। आलू मंडी सातनपुर में बारिश से कीचड़ ही कीचड़ नजर आ रहा है। आलू आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर कुमार वर्मा उर्फ रिंकू बताते हैं कि ऐसे में न व्यापारी आलू खरीदने आ रहा है और न किसान मंडी में आलू ला रहा है। आढ़ती सन्नाटे में बैठे हुए हैं। उनका कहना है कि पानी बरसने से आलू की खुदाई बन्द हो गई है। खेतों में नमी होने से किसान खुदाई नहीं कर पा रहा है। हालांकि यह पानी गेहूं की फसल के लिए बहुत फायदेमंद है। गेहूं के लिए यह पानी अमृत बन कर बरस रहा है।

# राम नाम का जयकारा लगाने वाले को धमकाया

## राम के विरोधी दिखे सपा के घोषित लोकसभा प्रत्याशी नवल किशोर

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद


कंपिल में चल रही सपा की सभा। अमृत विचार

- गनर को दिए व्यक्ति को बाहर फेकने के आदेश
- हथियारबंद गुर्गों ने व्यक्ति को किया सभा से बाहर

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी की ओर से घोषित लोकसभा उम्मीदवार नवल किशोर शाक्य ने सभा के दौरान राम का नाम लेने पर एक व्यक्ति को न सिर्फ धमकाया बल्कि उसे बाहर भी निकाल दिया। इससे उनके मन में छिपी प्रभु श्री राम के प्रति नफरत खुलकर सामने आ गई है।

हुआ यूं कि नवल किशोर शाक्य कंपिल में एक सभा कर रहे थे। इस सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध एक सपा कार्यकर्ता कविता पाठ कर रहा था। इसी दौरान सभा मे मौजूद एक युवक ने जय श्री राम का नारा लगा दिया। जय श्री राम का नाम सुनते ही नवल किशोर शाक्य का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। उन्होंने अपने गनर को राम का जयकारा लगाने वाले को सभा से बाहर फेंकने का आदेश दे दिया। आदेश मिलते ही गनर बुझे मन से जय श्री राम का नारा देने वाले को सभा से बाहर करने लगा। उनके अन्य हथियारबंद गुर्गे भी राम नाम का नारा देने वाले के पास पहुंच गए और उसे तरह-तरह की धमकियां देकर सभा से बाहर कर दिया। इससे पहले भी नवल किशोर पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों के ऊपर चुनाव लड़ने की बात कह चुके हैं जिससे अन्य जातियां सपा से किनारा क़रतीं नजर आ रही हैं।

समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने बताया कि उन्हें अभी नवल किशोर शाक्य ने फोन करके बताया कि डिजिटल पर चली अमृत विचार की खबर की खबर को मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने ट्यूईट किया है। वह अब उस वीडियो को सुनने जा रहे हैं। जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव का कहना है कि नवल किशोर सबल उम्मीदवार हैं इस वजह से भाजपाई बौखला गए हैं। भाजपा के लोग समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी से डरे हुए हैं। इस वजह वह कोई न कोई नया बखेड़ा खड़ा कर रहे हैं।

## राम का जयकारा लगाने वाले को बाहर निकालने पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद


पत्रकारों से बातचीत करते सांसद मुकेश राजपूत। अमृत विचार

- सांसद मुकेश राजपूत बोले, राम तो सभी के हैं, वह कण-कण में व्याप्त हैं

**अमृत विचार।** सपा प्रत्याशी की सभा में राम नाम का जयकारा लगाने वाले को धमकाने और उसे बाहर निकालने वाले पर कार्रवाई की जाएगी। यह बात रविवार को भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में सांसद मुकेश राजपूत ने पत्रकारों से कही। सांसद ने कहा कि यह सपा की सरकार नहीं है जिसमें राम नाम लेने वाले को जेल में डाल दिया जाए। यहां रामराज्य की संरचना करने वालों की सरकार है। इस सरकार में जिसने राम का जयकारा लगाने वाले को धमकाया है उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। किसी भी कीमत पर उसे छोड़ा नहीं जाएगा। सांसद ने कहा कि राम तो सभी के हैं। वह कण कण में व्याप्त हैं। हम किसी भी धर्म के विरोधी नहीं है। राम का नाम लेने के लिए प्रत्येक व्यक्ति स्वतंत्र है, उसे धमकाना सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि सपा के उम्मीदवार की यह गुंडई नहीं चलने दी जाएगी। भगवान राम का विरोध करने वालों को जनता आगामी लोकसभा चुनाव में करारा जवाब देगी। इससे पहले उन पर उनकी सरकार कार्रवाई करेगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता तथा अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक लुइस खुर्शीद के बिगड़े बोल

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- कांग्रेस की बैठक में अभद्रतायुक्त बोलने का वीडियो वायरल
- प्रदेश सचिव बोले इस संबंध में लुईस खुर्शीद से की जाएगी बात

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों में लगीं पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी पूर्व विधायक लुइस खुर्शीद ने बैठक के दौरान अपनी ही पार्टी के सचिव व जनरल सेक्रेटरी को चप्पल मारने की बात कह डाली। उनका अभद्रता भरा वीडियो वायरल होने से राजनैतिक गलियारों में चकचक शुरू हो गई है। कांग्रेस की कार्यवाहक जिलाध्यक्ष ने मोबाइल बंद कर लिया।

रविवार को वायरल वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है। वीडियो में कांग्रेस की पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद कार्यकर्ताओं के साथ हो रही बैठक में कह रही हैं कि एक बार प्रियंका गांधी ने हम लोगों को बुलाया। पूछा कि आपके क्षेत्र में क्या हो रहा है। हमने (लुईस) कहा आप बुरा न मानें तो एक बात कहें। मैने क्षेत्र का गणित बता दिया। मैने कहा बताइए जब वहां से कोई सचिव आए या कोई जनरल सेकरेट्री आए और यह कहे कि सलमान खुर्शीद कौन है, लुईस खुर्शीद कौन हैं तो हमें तो आपत्ति है। मैने जो कहा अपने वर्कर को कि अगली बार कोई सचिव यह कहें तो पहले प्रेस को बुलाइये और प्रेस के सामने अपना चप्पल उतारकर मारो सालों को...। इस संबंध में कांग्रेस की कार्यवाहक जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी से बात करने का प्रयास किया तो उनका नंबर स्विच ऑफ बताता रहा। प्रदेश सचिव व जिला प्रभारी अनूप वर्मा ने बताया कि बैठक में वह भी मौजूद थे।

लुईस खुर्शीद ने कोई अभद्रता वाली टिप्पणी नहीं की। बस इतना ही कहा कि सलमान खुर्शीद कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में एक हैं और कोई सचिव उनके बारे में पूछे तो वाकई में आश्चर्य की बात है। फिर भी वह इस संबंध में लुईस खुर्शीद से बात करेंगे। इस संबंध में पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की।

# व्यापार मंडल की बैठक में एकजुटता पर जोर

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ के एक गेस्ट हाउस में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल तथा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल एवम युवा इकाई की एक संयुक्त बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता उमेश चतुर्वेदी ने की। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा बॉबी ,जिला महामंत्री प्रमोद गुप्ता जिला उपाध्यक्ष सुभाष बंसल, जिला चेयरमैन सर्वेश अग्रवाल ,जिला उपाध्यक्ष राजू गुप्ता, जिला मंत्री एवं मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता, जिला अध्यक्ष उद्योग व्यापार मंच पंकज गुप्ता, तहसील नगर अध्यक्ष राजू गौतम, तहसील महामंत्री जितेंद्र अग्रवाल , फतेहगढ़ महामंत्री मुन्नालाल वार्ष्णेय, जिला उपाध्यक्ष यूनुस अंसारी, सहित करीब 60 व्यापारी शामिल हुए। नव नियुक्त फतेहगढ़ युवा अध्यक्ष संदेश अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि व्यापारियों का उत्पीड़न किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिला महामंत्री प्रमोद गुप्ता और जिला अध्यक्ष सर्वेश अग्रवाल ने कहा हम अपने व्यापारियों की किसी भी समस्या के लिए एक जुट होकर संघर्ष करने के लिए तैयार है।

## एक नजर

### गैंगस्टर का आरोपी जेल गया

**कायमगंज।** प्रभारी निरीक्षक रामअवतार ने कायमगंज फर्रुखाबाद मार्ग स्थित बेरिया मोड़ तिराहे के पास से तंबाकू की फर्जी फर्म के मुकद्मे में गैंगस्टर के आरोपित सुखबीर निवासी रुटौल को गिरफ्तार किया।

### अनुपम गिरोह का सदस्य आशीष पांडे गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** थाना मऊदरवाजा पुलिस ने राज्य स्तरीय माफिया अनुपम दुबे गिरोह के सदस्य आशीष पांडे को गिरफ्तार कर लिया है। आशीष पुत्र चन्द्रपाल पाण्डेय निवासी ग्राम अलीपुर पट्टी थाना भौगाँव जनपद मैनपुरी कोतवाली मोहम्मदाबाद में अपहरण के मामले में वांछित था। मऊदरवाजा पुलिस व एसओजी प्रभारी अमित गंगवार व सर्विलान्स प्रभारी विशेष कुमार ने आशीष के ग्राम मसकन थाना भौगांव जनपद मैनपुरी में दबिश दी लेकिन वह नहीं मिला, मुखबिर की सूचना पर कुंवर आरसी महिला डिग्री कालेज से आशीष को गिरफ्तार किया।

# जूनियर इंजीनियर को लाखों के गबन में किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद


गिरफ्तार जेई अशोक कुमार।

**अमृत विचार।** थाना शमसाबाद पुलिस ने ग्राम पंचायत के विकास कार्यों के धन का गवन करने वाले जूनियर इंजीनियर अशोक कुमार राजपूत को गिरफ्तार कर लिया। जनपद एटा के थाना मारहरा के ग्राम सिरसा बदन निवासी अशोक कुमार राजपूत पुत्र महेंद्र पाल लघु सिंचाई विभाग फतेहगढ़ में अवर अभियंता के पद पर तैनात थे। वह थाना मऊ दरवाजा के मोहल्ला अमीन खां में रहते हैं।

एसपी विकास कुमार ने बताया कि 5 जनवरी 23 को प्रधानों ने अधिकारियों से शिकायत की थी कि ग्राम पंचायत बेहटा बल्लू कासिमपुर तराई, समेचीपुर चितार एवं गुटेटी दक्षिण में विकास कार्य हेतु आए 1627 343 रुपयों का गबन ग्राम विकास अधिकारी कपिल देव त्रिपाठी के द्वारा किया गया। ब्लाक शमशाबाद के एडीओ पंचायत आफाक हुसैन ने थाना शमशाबाद में ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम विकास अधिकारी कपिल देव त्रिपाठी के विरुद्ध विकास कार्य हेतु आए 1627 343 रूपयों के गबन करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मुकदमे की जांच में जेई अशोक कुमार राजपूत को गबन का दोषी पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने जेई का लोहिया अस्पताल में मेडिकल के बाद कोर्ट में पेश किया।

# कांशीराम कॉलोनी पर 15 करोड़ बकाएदारी

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**बोले जिम्मेदार**

कांशीराम कॉलोनी हैवतपुर गढिया में रहने वाले लोगों पर विभाग का करीब 15 करोड़ रुपया बाकी है। कई बार ओटीएस कैंप लगाए गए, लेकिन कोई बिल जमा करने नहीं आया। हम तो किस्तों में भी बिल जमा करने को तैयार हैं। कम से कम कॉलोनीवासी जमा करने तो आएं। मुफ्त में बिजली अब नहीं दी जाएगी। विभाग को हर माह लाखों का नुकसान हो रहा है। मजबूरी में आपूर्ति को बंद किया गया।

– अजय कुमार, अधीक्षण अभियंता, बिजली विभाग

**अमृत विचार।** कांशीराम कालोनी हैवतपुर गढ़िया के लोगो पर 15 करोड़ की बकाएदारी में बिजली विभाग ने शनिवार रात बिजली काट दी। बिजली कटने से जहां कालोनी में अंधेरा छाया रहा वहीं रविवार को कॉलोनी वासियों के सामने पेयजल का संकट खड़ा हो गया। हैंडपंपों पर पानी भरने के लिए भीड़ लगी रही। नगर पालिका ने दो पानी के टैंकर मौके पर भिजवाए। बिजली काटे जाने से कॉलोनीवासियों में रोष व्याप्त है।

कांशीराम कॉलोनी हैवतपुर गढ़िया में 1296 आवास बने हैं, जिसकी आबादी लगभग 5500 से ज्यादा है। कॉलोनी में रहने वाले लोगों पर बिजली विभाग का करीब 15 करोड़ रुपया बकाया सालों से चल रहा है। बिजली विभाग ने कई बार वसूली के लिए कैंप लगाए, लेकिन किसी ने भी बिल जमा करना मुनासिब नहीं समझा। इस पर शनिवार रात अधीक्षण अभियंता अजय कुमार के निर्देश पर कॉलोनी की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। बिजली न आने से रविवार को कॉलोनीवासियों को पेयजल की दिक्कत उठानी पड़ी। हैंडपंपों पर पानी भरने के लिए भीड़ लगी रही। पेयजल संकट की जानकारी मिलने पर नगर पालिका से दो पानी के टैंकर कॉलोनी भिजवाए गए। मोबाइल चार्ज करने के लिए भी लोग परेशान रहे। कांशीराम कॉलोनी निवासी रामकिशोर ने कहा कि शनिवार रात से बिजली नहीं आ रही है। हैंडपंप से पानी भरकर लाए हैं। बिजली काटने से समस्या का हल नहीं होगा। राम भरोसे लाल बोले कि कल रात से बिजली नहीं है। मोबाइल तक चार्ज नहीं हो पाया। सुबह जानकारी लगी कि बकाएदारी में बिजली बंद है।

# वैदिक क्षेत्र में आचार्यों ने की आश्रम व्यवस्था की व्याख्या

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- कहा, आश्रम व्यवस्था भारतीय संस्कृति की रीढ़ है

**अमृत विचार।** मेला रामनगरिया के वैदिक क्षेत्र चरित्र निर्माण शिविर में रविवार को आश्रम व्यवस्था की जानकारी दी गई।

आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने कहा कि आश्रम व्यवस्था भारतीय संस्कृति की रीढ़ है। चार प्रमुख आश्रमों ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और सन्यास में गृहस्थ सबसे बड़ा आश्रम है। ब्रह्मचारी, वानप्रस्थी और संन्यासी इसी आश्रम पर निर्भर रहते हैं। इसलिए ग्रहस्थ को सबसे बड़ा आश्रम बताया गया है। आज गृहस्थ भौतिकवाद के प्रभाव में पड़कर गृहस्थ की मर्यादाएं टूट रही हैं। विवाह संस्कार के महत्व को न समझने के कारण विवाह के कुछ दिन के पश्चात पति और पत्नी में विच्छेद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। विवाह संस्कार में हुई क्रिया का थोड़ा सा भी अंश हमारे स्मरण में ठीक से रह जाए या हमारे पुरोहितों के द्वारा ठीक से समझा दिया जाए तो कभी विच्छेद जैसी स्थिति जीवन में उत्पन्न नहीं होगी। आचार्य विवेक आर्य ने कहा कि पति-पत्नी एक दूसरे से मिलकर के रहें ।यही उन्नति का मूल मंत्र है। मध्यान्ह की सभा मे प्रदीप शास्त्री व उदिता आर्या ने मधुर गीतों के द्वारा भक्तिरस की धारा प्रवाहित की। कार्यक्रम में हरिओम शास्त्री,आचार्य ओमदेव, डॉ रामकुमार,सत्यम कटियार, रामवीर आर्य, मंगलम आर्य, उत्कर्ष आर्य,उदयराज आर्य रहे।

**लापरवाही** कई मोहल्लों में झूलती बंच केबिलें राहगीरों के सिरों को छू रहीं

# पोल पर फैला बिजली की केबिलों का मकड़जाल

संवाददाता कायमगंज फर्रुखाबाद


परनानंद मील के पास झूलते तार। अमृत विचार

- पोल से गलियों तक गए तार भी नीचे झूल रहें

**अमृत विचार।** नगर के कई बिजली के पोलों पर बंच केबिल का मकड़जाल फैला है। इससे कभी भी किसी अनहोनी से इनकार नहीं किया सकता। वहीं कई मोहल्लों में झूलती बंच केबिलें राहगीरों के लिए मुसीबत बनी हैं, जो उनके सिरों को छू रही हैं।

नगर में कई बिजली के पोलों पर बंच केबिल का मकड़जाल फैला हुआ है। पोल पर बिजली की बंच केबिलों को व्यवस्थित तरीके से नहीं लगाया गया है। ठेकेदारों औपचारिकता ही पूरी की है। अभी हाल ही में नगर में मुख्य मार्गों पर बंच केबिलें डाली गईं थीं लेकिन ठेकेदार के कर्मियों ने केबिल को ठीक से नहीं कसा। इससे हाल यह है ये बंच केबिलें पैदल जा रहे लोगो के सिरों में छू रही है। इससे कबी भी कोई अनहोनी घटित हो सकती है। नगर के बजरिया, गंगादरवाजा, जामा मस्जिद, नुनहाई, टंकी रोड, नोनियमगंज आदि जगह बंच केबिलें सड़क पर झूल रही हैं। इसके अलावा बिजली के पोल से गलियों तक गए तार भी नीचे तक लटके हैं। उन्हे कस कर बांधा नहीं किया गया। इसमें बंदर खूब झूलते है। यह केबिल हादसों को दावत दे रही है।

### शिवाजी मूर्ति के पास जुगाड़ से बांधा पोल बना जानलेवा

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** नगर के रेलवे रोड स्थित शिवाजी मूर्ति के ठीक सामने काफी समय से एक पोल लगा है। उसमें बंच निकली है। करीब 15 दिन पहले पोल टूट गया था। मामले की जानकारी बिजली विभाग को दी गई। इसके बाद दूसरा पोल लगने के लिए आया। करीब तीन दिन तक नया पोल सड़क पर किनारे पड़ा रहा। उसके बाद बिजली विभाग ने उस पोल को उठवा लिया। अब हाल यह है उसी टूटे हुए पोल को जुगाड़ से रस्सा बांध कर रोका गया है। लोगो का कहना है इससे इससे किसी बड़ी अनहोनी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

# पुत्र ने पत्नी के साथ मिल कर बाप को डंडों से पीटा

**कायम गंज फर्रुखाबाद।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र में कलयुगी पुत्र ने अपनी पत्नी के साथ मिल कर बूढ़े बाप की डंडों से पिटाई कर दी। पुलिस ने पिता की तहरीर पर पुत्र और पुत्र बधू के नाम रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र के गांव रुटौल निवासी रामप्रकाश ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि शनिवार की रात वह अपने कमरे में लेटा था। अचानक हाथों में डंडा लिए उसका बेटा सूरज तथा पुत्रवधू सिंपल उसके कमरे में आ धमके। वृद्ध का कहना है कि लड़के तथा पुत्रवधू ने उसे गाली गलौज करते हुए डंडों से जमकर मारा पीटा। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देकर वे लोग कमरे से बाहर निकल गए। यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई है।

# आयुष्मान आरोग्य मेले में मौसम की मार

संवाददाता कायमगंज फर्रुखाबाद


सीएचसी में आयुष्मान आरोग्य मेले में स्वास्थ्य परीक्षण कराते मरीज। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सीएचसी में रविवार को लगे आयुष्मान आरोग्य मेले में खराब मौसम होने की बजह से मरीज कम आए। रविवार को नगर के सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में अधीक्षक डा. शोभित कुमार की मौजूदगी में आयुष्मान आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। ब्लड टेस्ट, फीवर, टीवी, रैवीज समेत अन्य जांचो से संबंधित काउंटर लगाए गए। जहां मौसमी जुकाम, बुखार के अलावा बीपी, सुगर, हार्ट से पीड़ित मरीज ज्यादा देखे गए। उनकी जांच की गई और दवाईया दी गईं। अधीक्षक ने बताया कि मौसम को देखते हुए मरीजों की संख्या कम रही है। 59 मरीजों का परीक्षण कर दवा वितरित की गई। वही पांच मरीजों के ब्लड की जांच की गई है। इसके अलावा कुत्ता काटने पर रैबीज इजेक्शन भी लगाए गए।

### बिना अनुमति के प्रसूता को ले जाने पर हड़कंप

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** सीएचसी में भर्ती प्रसूता को बिना अनुमति घर ले जाने पर स्वास्थ्य कर्मियों में हडकंप मच गया। स्वास्थ्य कर्मी मौके पर दौड़े और तीमारदारो को रोका। प्रसूता को फिर से वार्ड में भर्ती कराया गया। सरकारी अस्पताल में प्रसव के बाद प्रसूता को 48 घंटे के बाद ही घर ले जाने की इजाजत दी जाती है। इससे पहले उसके स्वास्थ्य का परीक्षण होता है और नवजात के टीके लगते हैं। सब कुछ सामान्य होने के बाद ही एंबुलेंस से घर छोड़ा जाता है। रविवार को सरकारी अस्पताल में एक अलग ही वाकया हुआ। हुआ यूं कि रविवार को एक प्रसूता ने नवजात को जन्म दिया। परिजनों की खुशी का ठिकाना न रहा। प्रसव के कुछ घंटे बाद ही परिजन प्रसूता को घर ले जाने के लिए कहने लगे और उन्होंने ई रिक्शा मंगा लिया। इतना ही नहीं उन्होंने प्रसूता को ले जाकर ईरिक्शा पर लिटा भी दिया। यह देख स्टाफ नर्स समेत स्वास्थ्य कर्मी दौड़े और गार्ड को बुलाकर फौरन प्रसूता व नवजात को वार्ड में भर्ती कराया गया। स्वास्थ्य कर्मियों ने प्रसूता को ले जाने पर तीमारदारो से नाराजगी जताई और सख्त चेतावनी दी।

## एक नजर

### लोकसभा चुनाव में सुरक्षा को लेकर तैयार हो रही पुलिस

अमृत विचार,लखनऊ : लोकसभा चुनाव 2024 के लिए हालांकि अगले माह अधिसूचना जारी होना संभावित है, लेकिन उप्र पुलिस अपनी तैयारियों की दिशा में कदम बढ़ा दी है। नए डीजीपी प्रशांत कुमार की पहली पत्रकार वार्ता में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी चुनाव कराने के एलान को मुकाम देने के लिए खांका खींचा जाने लगा है। लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करा न केवल पुलिस के लिए बड़ी जिम्मेदारी है, बल्कि इस चुनाव में प्रशांत कुमार के नेतृत्व क्षमता की भी परीक्षा होगी। ऐसे में पुलिस महकमा सुरक्षा-व्यवस्था से जुड़े एक-एक बिन्दुओं पर पैनी नजर रख रहा है। पिछले चुनावों में आयी दिक्कतों-कमियों का भी गहराई से अध्ययन कर रहा है। इसके लिए पुरानी फाइलों पर जमी धूल साफ की जाने लगा है। चुनाव के दौरान प्रदेश से जुड़ी सीमाओं पर अवैध शराब और अवैध हथियारों सहित दूसरी अवैध गतिविधियों को रोकना भी पुलिस के लिए हमेशा ही चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है। ऐसे में सीमाई जिलों के कप्तानों को इस दिशा में एहतियाती इंतजामों को लेकर अभी तैयारी शुरू करने का निर्देश दिया गया है। अवैध शराब की तस्करी और अवैध हथियार की सप्लाई के साथ ही आपराधिक तत्वों पर पर नजर रखने को कहा गया है। इसके लिए सूचना तंत्र को अभी से सक्रिय करने की बात कही गई।

# इंडस्ट्री की मांग के अनुरूप चलाएं पाठ्यक्रम

## रोजगार मेला एवं नवचयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बोले योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि फरवरी 2023 में हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रदेश को 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इनसे 1.10 करोड़ युवाओं को रोजगार और नौकरी मिलेगी। इसके लिए जरूरी है कि सभी आईटीआई, पॉलिटेक्निक जैसे संस्थान इंडस्ट्री की मांग को समझकर, उसके अनुरूप ट्रेड व पाठ्यक्रम तैयार करें। युवाओं को जाब व सुरक्षा की गारंटी मिलनी चाहिए।

योगी रविवार को गोरखपुर के मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय परिसर में वृहद रोजगार मेला एवं नवचयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उप्र. कौशल विकास मिशन की तरफ से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को ट्रेनिंग से जोड़कर उन्हें आगे बढ़ाने की जरूरत है। मुख्यमंत्री इंटर्नशिप कार्यक्रम के साथ युवाओं को जोड़कर आगे बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए।



रोजगार मेले में नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देते मुख्यमंत्री योगी, साथ में अन्य।

मुख्यमंत्री ने यहां कहा कि जर्मनी में भी अच्छे नर्सिंग प्रोफेशनल्स की अत्यधिक मांग है। हमें इसके लिए ध्यान देना होगा। एक प्लेसमेंट सेल के माध्यम से युवाओं की कैरियर काउंसलिंग कर उनको देश व विदेश में रोजगार के अवसर से जागरूक कराना होगा। युवाओं को उस देश के भाषा के लिए भी प्रशिक्षित करने के कार्यक्रम को भी शुरू करना होगा। प्रशिक्षण के दौरान ही उन्हें उस देश की भाषा सिखा दी जाएगी, तो उन्हें एक बेहतरीन पैकेज भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि मध्य पूर्व एशिया व दक्षिण पूर्व एशिया के देशों में भी कुशल युवाओं की मांग है।

योगी के मुताबिक, इजरायल फिर से यहां के युवाओं के लिए मांग कर रहा है। इसके लिए कौशल विकास विभाग के साथ सभी को प्रयास कर युवाओं को उस योग्य बनाने का प्रयास करना होगा। उन्हें उस प्रकार के कोर्सेज व वहां की भाषा को सिखाने के लिए कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरे विश्व में यूपी के स्किल युवाओं की मांग को देखते हुए उस दिशा में काम करने की आवश्यकता है। इसको ध्यान मे रखते हुये सरकार टाटा टेक्नोलाजी के साथ मिलकर 150 विश्व स्तरीय आईटीआई बनाने जा रही है।

कार्यक्रम को सांसद रविकिशन शुक्ल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष साधना सिंह ,विधान परिषद सदस्य डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, भाजपा के जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, अपर मुख्य सचिव व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग एम. देवराज आदि भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

▸▸ ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के निवेश प्रस्तावों से 1.10 करोड़ लोगों को मिलेगी नौकरी

### योगी के नेतृत्व में चहुमुखी विकास: कपिलदेव

वृहद रोजगार मेले में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिलदेव अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में प्रदेश चहुमुखी विकास की ओर अग्रसर है। भारत को विश्व गुरु बनने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत पराम्परागत पाठ्यक्रम के साथ कौशल विकास के पाठ्यक्रम जोड़े गये है ताकि हर युवा के हाथ में हुनर हो। प्रदेश का युवा नौकरी लेने की बजाय नौकरी देने वाला बनें।

# पोलियोग्रस्त भाइयों को देख भावुक हुए योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** गोरखनाथ मंदिर में रविवार सुबह आयोजित जनता दर्शन में अपनी दादी के साथ आए दो पोलियोग्रस्त मासूम भाइयों को देख मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भावुक हो गए। उन्होंने इन बच्चों की दादी से इलाज के बारे में पूछा और आश्वस्त किया कि इलाज में किसी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी। इसके लिए सरकार भरपूर सहायता करेगी। इसे लेकर योगी ने मौके पर अधिकारियों को निर्देशित भी किया।

शनिवार शाम गोरखपुर आए मुख्यमंत्री ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में जनता दर्शन में करीब साढ़े तीन सौ लोगों से मुलाकात की। इस दौरान देवरिया जिले के खुखुंदू थानांतर्गत सेखा बभनौली से आईं भागीरथी देवी के साथ आए दो मासूम बच्चों (दस वर्षीय आयुष और आठ वर्षीय पीयूष) को देख मुख्यमंत्री उनसे पढ़ाई के बारे में पूछने लगे। तभी भागीरथी देवी ने बताया कि ये दोनों भाई पोलियोग्रस्त हैं। पांच साल के हुए तो बीमारी का पता चला। मुख्यमंत्री ने पूछा कि क्या ये बिलकुल भी नहीं चल पाते हैं। दादी ने बताया कि दस-बीस कदम तक।

इस पर मुख्यमंत्री ने आयुष को चलने का प्रयास करके दिखाने को कहा। लंगड़ाते हुए वह दो चार कदम चला तो योगी भावुक हो उठे और भागीरथी देवी से दोनों बच्चों के इलाज के बारे में पूछा। उन्होंने पीजीआई लखनऊ में इलाज चलने की जानकारी दी। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वह इन बच्चों के इलाज में कोई कमी नहीं आने देंगे। इसके लिए भरपूर सहायता दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से इस मामले को पूरी संवेदनशीलता से देखने और आयुष्मान कार्ड न होने की दशा में कार्ड बनवाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने दोनों मासूम भाइयों को दुलारा और आशीर्वाद भी दिया।

इस दौरान भागीरथी देवी ने अगस्त 2023 में अपने बेटे आदित्य चौहान (पोलियोग्रस्त दोनों बच्चों के पिता) की मौत की जांच कराने तथा कुछ लोगों द्वारा जांच की मांग करने पर धमकी देने की शिकायत भी की। इस पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अफसरों को त्वरित और निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई का निर्देश दिया।


जनता दर्शन के दौरान पोलियों से पीड़ित बच्चे से बात करते मुख्यमंत्री योगी।

▸▸ जनता दर्शन में दादी के साथ आए थे, देवरिया जिले के हैं निवासी

▸▸ मुख्यमंत्री योगी ने दोनों भाइयों को दुलारा और आशीर्वाद भी दिया

# डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर झांसी नोड की बनेंगी सड़के

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार:** औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कॉरीडोर झांसी नोड की सड़कों के निर्माण के लिए 61.27 करोड़ रुपए की धनराशि जारी करने का आदेश दिया।
वहीं मेगा सेक्टर की तीन इकाइयों को लेटर ऑफ कंफर्ट जारी करने का आदेश दिया। जनरल विपिन रावत डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कॉरीडोर, झांसी नोड के लिए खरीदी गई भूमि में विभिन्न प्लाटों तक पहुंचने के लिए नोड की आंतरिक सड़क निर्माण एवं जलनिकासी के लिए पक्की नाली बनाई जाएंगी। जिसके लिए 61.27 करोड़ रूपए की स्वीकृति मिली है। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे के साथ डिफेन्स कॉरीडोर के लिए अब तक 107.37 करोड़ की धनराशि भेजी जा चुकी है।

# वनों में आग लगने की घटनाओं पर अंकुश लगाएगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** गर्मी में वनों व जंगलों में आग की बढ़ने वाली घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए राज्य सरकार ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। एक तरफ पहली से सात फरवरी तक वन अग्नि सुरक्षा सप्ताह चलाकर राज्य के हर जिलों में जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है तो वहीं इस पर अंकुश लगाने के लिए निचले स्तर से लेकर उच्च स्तर तक एक और पहल भी की गई है। ऐसी घटनाओं पर निगरानी के लिए प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष, लखनऊ के कार्यालय में अग्नि नियंत्रण सेल की स्थापना की गई है।

जागरुकता के तहत सात फरवरी तक चलने वाले आयोजन में सभी प्रभागों में जनजागरूकता अभियान, रैली, पोस्टर, पेंटिंग प्रतियोगिता भी होगी, जिससे अधिक से अधिक लोग जागरूक हों और आग लगने की घटनाओं में कमी दर्ज की जाए। मुख्यालय पर बनाए गए सेल के नोडल अधिकारी मुख्य वन संरक्षक, प्रचार-प्रसार होंगे, जो अधीनस्थ कार्यालयों से मिली आग से होने वाली दुर्घटनाओं की जानकारी प्रति सप्ताह शासन को देंगे। आंकड़ों पर ध्यान दें तो राज्य सरकार की मॉनीटरिंग से ऐसी घटनाओं में तीन साल में काफी कमी दर्ज की गई है।

शासन की मंशा के अनुरूप यह नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्य करेगा। यहां तीन शिफ्ट में कर्मचारियों की भी तैनाती रहेगी। हीलाहवाली न हो, इसके लिए विभिन्न रेंजों में सूचनाएं रजिस्टर में पंजीकृत कर तत्काल उसके निदान पर कार्य भी किया जाएगा। वन संरक्षक जोनल मुख्य वन संरक्षक को इससे जुड़ी जानकारी भी देंगे।

वहीं, क्षेत्रीय व मंडलीय मुख्य वन संरक्षक स्तर पर भी अग्नि नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। अधीनस्थ कार्यालयों से मिली सूचनाओं को अफसरों तक पहुंचाने में यह माध्यम बनेंगे। वहीं लखनऊ में हेल्पलाइन नंबर 0522-2207951 पर इससे जुड़ी सूचनाएं दी जा सकती हैं। अन्य सभी जनपदों में भी आमजन व अन्य विभागों के अधिकारियों को स्थानीय हेल्पलाइन नंबर भी उपलब्ध कराया जाएगा।

▸▸ सभी प्रभागीय वनाधिकारी के कार्यालय में बनेगा अग्नि नियंत्रण कक्ष, छोटी से छोटी घटनाओं पर रखी जाएगी नजर

▸▸ प्रधान मुख्य वन संरक्षक लखनऊ के कार्यालय में की गई अग्नि नियंत्रण सेल की स्थापना

### केजीएमयू परिसर में निकली कैंसर जागरूकता रैली

अमृत विचार, लखनऊ : कैंसर जागरूकता के लिए केजीएमयू में वॉकथॉन का शुभारंभ पूर्व कैबिनेट मंत्री रमापति शास्त्री ने हरी झंडी दिखाकर किया। हाथों में कैंसर बचाव संबन्धी स्लोगनों के साथ निकली रैली प्रशासनिक भवन से चलकर शताब्दी अस्पताल में संपन्न हुई। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को मुख्य कैंसर जैसे मुंह और गले के कैंसर गर्भाशय की ग्रीवा का कैंसर, स्तन कैंसर तथा प्रोस्टेट कैंसर से संबन्धित जानकारी से जागरूक किया गया । प्रो. आर ए एस कुशवाहा, प्रो. विजय कुमार,प्रो .राजीव गुप्ता, प्रो .संदीप तिवारी, प्रो. अंजू अग्रवाल, प्रो .अमिता पांडे व प्रो. सुधीर सिंह ने भाग लिया।

# अगड़े भी हैं भाजपा के विरोध में

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार:** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि देश में 90 प्रतिशत जनता को पीडीए (मुस्लिम सिख बौद्ध ईसाई जैन व अन्य आदिवासी) में विश्वास है। इनमें 49 प्रतिशत पिछड़े, 16 प्रतिशत दलित और 21 प्रतिशत अल्पसंख्यक शामिल हैं। इतना ही नहीं, चार प्रतिशत अगड़ों का विश्वास भी पीडीए में है। ये अधिकांश लोग इस बार पीडीए के लिए एकजुट होकर वोट करेंगे।

▸▸ 90 प्रतिशत जनता को पीडीए में है विश्वास : अखिलेश



सपा प्रमुख ने रविवार को कहा कि यही वजह है कि भाजपा न कोई गणित बैठा पा रही है, न कोई समीकरण, भाजपा के पिछले सारे फ़ार्मूले, इस बार फ़ेल हो गये हैं। भाजपा को चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे हैं। भाजपा का टिकट लेकर कोई लड़ना नहीं चाहता है। भाजपा समर्थक महिलाएँ, महिला पहलवानों की दुर्दशा, मणिपुर की वीभत्स घटना, माँ-बेटी को जलाने के कांड आदि घटनाओं से शर्मिंदा हैं वे इस बार भाजपा का साथ नहीं देंगी। अनैतिक व भ्रष्ट व्यवहार की घटनाओं से बुद्धिजीवी संवर्ग क्षुब्ध हैं। भाजपा अपनों से ही हारेगी।

इस चौतरफ़ा विरोध के माहौल में भाजपा उप्र में हार मानकर बैठ चुकी है। भाजपा के नेता जन आक्रोश देखकर भागे-भागे फिर रहे हैं और बाक़ी बचे स्वार्थी भाजपाई समर्थक अपनी पुरानी परम्परा को निभाते हुए भूमिगत हो गये हैं।

# कर्ज लेने के बाद चुका नहीं रही प्रदेश सरकार : रालोद

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय लोक दल(रालोद) के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्र ने कहा कि भाजपा ने साल 2017 में जब से सत्ता सँभाली है तब से प्रदेश वित्तीय घाटा लगातार बढ़ता जा रहा है जिसकी भरपाई प्रदेश सरकार बाहरी स्रोतों से उधार लेकर करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने साल 2017 से लेकर 2022 तक 1,72703 करोड़ रुपये का नया कर्ज़ ले लिया है और चुकाया सिर्फ़ 42,120 करोड़ रुपया है ।

वहीं, रविवार को ही व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कहा कि "ग्रामीण क्षेत्र के समग्र विकास के लिए ग्रामीण क्षेत्र के बजट को अलग किया जाए। जब तक ग्रामीण क्षेत्र का विकास नहीं होगा तब तक गरीबी का उन्मूलन किसी प्रकार से संभव नहीं है।

▸▸ वर्ष 2022 तक 1,72,703 करोड़ रुपये का लिया कर्ज

# फिरोजाबाद महोत्सव में मचेगी राम नाम की धूम

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार:** फिरोजाबाद महोत्सव में रामायण कॉनक्लेव की स्वीकृति देने के साथ ही शासन द्वारा बजट भी मुहैया कराया गया है।

अयोध्या में राममंदिर को लेकर राजनैतिक दलों में हमेशा से वाद-विवाद होता रहता है। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को केन्द्र व प्रदेश सरकार ने विशेष महत्व दिया हैं, वहीं विपक्षी राजनैतिक दल राममंदिर को चुनावी हथकंडा की संज्ञा दे रहें हैं। दूसरी तरफ राज्य सरकार इसे सांस्कृतिक गतिविधि मानकर जन-जन को जोड़ने का प्रयास कर रही है। इसी क्रम में 27 जनवरी से 5 फरवरी तक आयोजित होने वाले फिरोजाबाद महोत्सव में राम नाम की धूम रहेंगी। इसके लिए राज्य सरकार ने रामायाण कॉनक्लेव की अनुमति देने के साथ ही 10 लाख रूपये समिति को सहयोग राशि भी उपलब्ध कराई जाएगी।

# कौशल विकास योजनाओं की होगी डिजिटल निगरानी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार:** जल्द ही प्रदेश के राजकीय औद्योगिकी प्रशिक्षण संस्थानों की जानकारी विभागीय पोर्टल पर होगी। नई और पुरानी समस्त जानकारी विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी। साथ ही राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का डिजिटल निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण में छात्रों की उपस्थिति के साथ ही नहीं विभागीय जानकारी भी डिजिटल ही उपलब्ध हो सकेगी। इसके लिए राज्य सरकार ने 77 लाख 17 हजार रूपए का बजट जारी करते हुए, अपट्रांन पावरट्रॉनिक्स लि. को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेश में कौशल विकास योजना अंतर्गत विभिन्न कार्यो में युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं की उपस्थित 75 प्रतिशत जरूरी होती है। निर्धारित अवधि तक समयबद्ध तरीके से प्रशिक्षण मिलता रहें, व अन्य किसी प्रकार की अनियमित्ताएं न मिले, इसकी निगरानी के लिए डिजिटल प्लेटफार्म तैयार करने का निर्णय लिया गया है। हर पाठयक्रम की उपयोगिता को देखते हुए पोर्टल विकसित किया जाएगा। जिसके बाद प्रशिक्षण केन्द्रों में छात्रों की 75 फीसदी उपस्थिति और शिक्षकों की मौजूदगी आदि की निगरानी आसानी हो सकेगी । दरअसल, कौशल विकास योजना अंतर्गत प्रशिक्षण केन्द्रों में हाई स्कूल या इंटर उत्तीर्ण कर चुके युवाओं को करीब तीन दर्जन से ज्यादा तकनीकी क्षेत्रों में ट्रेनिंग दी जा रही है। अक्सर सवाल उठते हैं कि अभ्यर्थियों को बिना प्रशिक्षण पूरा किये ही प्रमाण पत्र उपलब्ध हो रहें हैं।

▸▸ पोर्टल संचालन के साथ ही अनियमितताओं का होगा निरीक्षण

## वर्ग पहेली-333

**बाएं से दाएं**

1. 1. पोला, रिक्त 2. जिसके भीतर कुछ भी न हो 3. निरर्थक, सारहीन 4. भावशून्य 5. शक्तिहीन, दुर्बल।

5. (पुराण) शिव का एक नाम, महादेव।

7. 1. प्रत्यक्ष ज्ञान 2. संवेदन 3. प्रयोग-परीक्षण से प्राप्त ज्ञान 4. व्यवहार से उपलब्ध संज्ञान 5. तज़ुर्बा, अहसास, (एक्सपीरिएंस)।

8. 1. क्षमता, योग्यता, सामर्थ्य 2. धारिता, ग्रहणशक्ति 3. हैसियत, दर्ज़ा, स्थिति 4. अधिकार।

**ऊपर से नीचे**

2. मध्यप्रदेश का एक प्रमुख ऐतिहासिक स्थान। उक्त नगर में चंदेलों ने एक भव्य मंदिर स्थापित किया था जो अपनी सुंदरता और भित्तिचित्र के लिए विश्व प्रसिद्ध है।

3. 1. बहुत अधिक दूध देने वाली गाय 2. कामधेनु।

4. 1. कल्पना 2. कामदेव, मनोज 3. प्रेम।

6. सेतु, पुल।

7. 1. हमला, आक्रमण 2. आघात, प्रहार 3. किसी बात या कार्य पर सख़्त आपत्ति या आलोचना।




### वर्ग पहेली - 332 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 श्रृ | गा | ल | | | 2 उ |
| | | | 3 सु | रू | प |
| | | | ले | | च |
| 4 मु | | | ख | | य |
| 5 सा | ध | 6 नि | क | | |
| हि | | ज़ा | | | |
| 7 ब | ढ़ | ई | | 8 ठो | सा |

## सुडोकू-50

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 4 | | 7 | | 1 | |
| | 6 | | 2 | | | | 9 | |
| 3 | | | | | 5 | | | |
| | | 6 | | | | 2 | | 1 |
| | | | 3 | | 6 | 5 | | |
| 8 | | 1 | | | | | | |
| | 9 | | 1 | | | | | 6 |
| | 5 | | | | 3 | | 4 | |
| | 4 | | 5 | 7 | 8 | | 2 | |

### सुडोकू - 49 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 5 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 3 |
| 6 | 8 | 9 | 3 | 7 | 4 | 2 | 1 | 5 |
| 3 | 1 | 4 | 2 | 5 | 8 | 7 | 6 | 9 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 8 | 9 | 5 | 7 | 6 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 2 | 6 | 3 | 9 | 1 |
| 9 | 5 | 6 | 7 | 1 | 3 | 8 | 4 | 2 |
| 5 | 3 | 1 | 9 | 4 | 7 | 6 | 2 | 8 |
| 4 | 6 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 | 5 | 7 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 6 | 5 | 1 | 3 | 4 |

## आज का भविष्यफल -पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 फरवरी, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-दशमी 17 .24 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-अनुराधा 07 .54 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

**मेष:** आज आपको अकारण लोगों से विवाद नहीं करना चाहिए। गलत बातों में ज्यादा रुचि न लें। व्यवसाय में आपको नया प्रयोग करने से बचना चाहिए। काम की वजह से परिवार को समय नहीं दे पा रहे हैं। ईर्ष्यालु सहकर्मियों से सावधान रहें।

**वृष:** आज राजनीतिक संपर्कों का लाभ मिलेगा। परिवार का माहौल प्रसन्नतायुक्त रहेगा। धार्मिक कार्यों में सक्रियता से भाग लेंगे। व्यापार में बड़ा ऑर्डर मिल सकता है। ऑफिस में काम का दबाव कम होगा। जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा।

**मिथुन:** आज शोध कार्यों में बेहतरीन परिणाम मिलने के योग बन रहे हैं। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। अनावश्यक दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें। धार्मिक विषयों को लेकर किसी परिजन से मनमुटाव हो सकता है।

**कर्क:** आज धन उधार लेन-देन से आपको बचना चाहिए। असंतुलित खानपान के कारण आपका पेट खराब हो सकता है। नए निवेश के माध्यम से आपको धन लाभ होगा। प्रेमी जन के साथ आपका विवाह तय हो सकता है।

**सिंह:** आज कुछ नजदीकी लोगों से विवाद हो सकता है। अपनी भावनाओं को दूसरों पर थोपने से बचें। अधूरे पड़े काम दोबारा शुरू होने के योग बन रहे हैं। मांसपेशियों में खिंचाव की शिकायत हो सकती है। अपनी परिस्थितियों को महत्व दें।

**कन्या:** आज मानसिक रूप से संतुष्टि का अनुभव करेंगे। प्रेम विवाह को लेकर परिवार में सहमति होने की संभावना बन रही है। उच्च अध्ययन में आप काफी रुचि लेंगे। संतान की समस्याओं का निवारण होगा। स्वास्थ्य की परेशानियों से छुटकारा मिलेगा।

**तुला:** आज विवाहेतर संबंधों से पूरी तरह बचें। बच्चों को लेकर तनाव हो सकता है। अनावश्यक कार्यों में आप अपना समय बर्बाद कर सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। मांगलिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। घर में शुभचिंतकों और परिजनों का आना-जाना लगा रहेगा। दांपत्य संबंधों में प्रेम भाव बढ़ेगा। आपको सभी कार्यों में सफलता मिलेगी। प्रबंधन कुशलता का परिचय देंगे। सामाजिक कार्यों में आप भाग लेंगे।

**धनु:** आज थकावट के कारण बुखार जैसा भी महसूस हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको नई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। आपको अपनी योजनाओं को फिलहाल गुप्त रखना चाहिये। धैर्यवान होकर अपने समय का इन्तजार करें।

**मकर:** आज बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिलने के योग बन रहे हैं। आपके स्वभाव से लोग काफी प्रसन्न रहेंगे। जॉब में आपका वेतन बढ़ सकता है। जीवनसाथी आपके मनोबल को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**कुंभ:** आज समाज सेवा के कार्यों में भी आप व्यस्त हो सकते हैं। आप तय समय से पहले आवश्यक कार्यों को पूर्ण कर लेंगे। विदेश में कार्यरत लोगों की आय बढ़ सकती है। पुराने मित्रों के माध्यम से कुछ शुभ समाचार मिल सकते हैं।

**मीन:** आज घर के किसी सदस्य के विवाह की चर्चा हो सकती है। वैवाहिक जीवन अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। रुके हुए सरकारी काम बन सकते हैं। ई-कॉमर्स के व्यवसाय से जुड़े लोगों को बड़ा धन लाभ प्राप्त हो सकता है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
चाइना गेट — सुबह : 10 .00
बादशाह — रात : 07 .00

SONY MAX
अब तक छप्पन 2 — सुबह : 09 .00
बाटला हाउस — शाम : 06 .00

SONY PIX
स्पाइडर मैन — सुबह : 10 .28
द डॉर्क नाइट — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
7 आवर्स टू गो — सुबह : 10 .30
सिटीलाइट्स — रात : 07 .30

colors CINEPLEX
ओके जानू — दोपहर : 12 .21
डेंजरस खिलाड़ी 2 — रात : 09 .53

### आज की सुपरहिट फिल्म



सोनी मैक्स पर शाम-06 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

रतनलाल- रमेश! तुम्हें देखता हूं तो मुझे सुरेश की याद आ जाती है।
रमेश- लेकिन मुझमें और सुरेश में शायद ही कोई बात कॉमन हो!
रतनलाल- क्यों नहीं!
पिछले दो साल से आप दोनों ने मुझसे पांच सौ रुपए कर्ज लिये थे। आज तक नहीं लौटाए।

दो नाली के कीड़े खाते समय आपस में बाते कर रहे थे।
एक कीड़ा- यह सामने वाला होटल कितना साफ है, हर चीज शीशे की तरह चमकती है।
दूसरा कीड़ा- मेहरबानी करो यार, कम-से-कम खाना खाते समय तो ऐसी घिनौनी बाते मत किया करो।

# आजादी के बाद सत्ता में रहे लोगों को अपनी ही संस्कृति पर शर्म आती थी : प्रधानमंत्री

## असम में नरेंद्र मोदी ने 11,600 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

गुवाहाटी, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को दावा किया कि आजादी के बाद सत्ता में रहे लोग पूजा स्थलों के महत्व को नहीं समझ सके और उन्होंने राजनीतिक वजहों से अपनी ही संस्कृति पर शर्मिंदा होने की प्रवृत्ति स्थापित की। गुवाहाटी में 11,600 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि कोई भी देश अपना इतिहास मिटाकर प्रगति नहीं कर सकता।

केंद्र सरकार द्वारा 498 करोड़ रुपये की लागत से बनाए जा रहे कामाख्या मंदिर गलियारा परियोजना पर उन्होंने कहा कि इसके तैयार हो जाने के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस 'शक्ति पीठ' में आएंगे और इससे देश के पूरे पूर्वोत्तर के देशी-विदेशी पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के साथ गुवाहाटी में रोडशो के दौरान लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए। ● एजेंसी

मोदी ने कहा-यह पूर्वोत्तर का प्रवेश द्वार बन जाएगा। हजारों वर्षों की चुनौतियों के बावजूद ये हमारी संस्कृति और हमने खुद को कैसे संरक्षित रखा है, इस बात के प्रतीक हैं। हमारी मजबूत संस्कृति का हिस्सा रहे इनमें से कई प्रतीक आजकल खंडहर बन गए हैं। उन्होंने कहा कि 'कामाख्या दिव्यलोक परियोजना' इस शक्ति पीठ की तीर्थयात्रा के अनुभव को बिल्कुल पलट देगी। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि आजादी के बाद लंबे समय तक सरकार चलाने वाले लोग ऐसे धर्म स्थलों का महत्व नहीं समझ सके और उनकी उपेक्षा की।

### मोदी की गारंटी बेरोजगारी की गारंटी है : प्रियंका गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने रिक्त सरकारी पदों को लेकर रविवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी ''बेरोजगारी की गारंटी'' है। कांग्रेस महासचिव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि देश में करीब 30 लाख सरकारी पद खाली हैं। उन्होंने आरोप लगाया-हमारे करोड़ों युवा नौकरियों का इंतजार कर रहे हैं लेकिन पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने इन पदों को भरने के लिए दिखावे के सिवा कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि 8 साल में 22 करोड़ युवाओं ने नौकरी के लिए आवेदन किया लेकिन नौकरी मिली मात्र सात लाख युवाओं को।

## आडवाणी में पीएम बनने की क्षमता थी, लेकिन दरकिनार कर दिया गया

मुंबई, एजेंसी

▸▸ शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने भाजपा पर साधा निशाना

पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से नवाजे जाने की घोषणा किए जाने के बाद शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता एवं सांसद संजय राउत ने रविवार को कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता में प्रधानमंत्री बनने की काबिलियत थी लेकिन अब उन्हें दरकिनार कर दिया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को घोषणा की थी कि आडवाणी को 'भारत रत्न' से नवाजा जाएगा और उन्होंने इसे अपने लिए ''एक अत्यंत भावुक क्षण'' बताया था। आडवाणी (96) यह सम्मान पाने वाले 50वें व्यक्ति हैं। राउत ने कहा कि भाजपा आज जो कुछ भी है, वह आडवाणी की 'रथ यात्रा' की वजह से है। उन्होंने कहा, उन्हें (आडवाणी को) देश का राष्ट्रपति नियुक्त किया जा सकता था लेकिन भाजपा ने ऐसा नहीं किया। उनमें प्रधानमंत्री बनने की क्षमता थी लेकिन उन्हें दरकिनार कर दिया गया। आडवाणी को उसी वर्ष भारत रत्न दिया जाएगा, जब राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। आडवाणी ने राम मंदिर के मुद्दे को उठाने के लिए 1990 में 'राम रथ यात्रा' की थी।



### भाजपा विधायक गायकवाड के खिलाफ मामला दर्ज

**ठाणे।** महाराष्ट्र से भाजपा के विधायक गणपत गायकवाड पर एक ग्रामीण की शिकायत पर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार रोकथाम) अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। यह जानकारी पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को दी। गायकवाड पर शिवसेना के एक नेता को ठाणे जिले के उल्हासनगर में एक पुलिस थाने के भीतर गोली मारकर घायल करने का आरोप है। गायकवाड ने शुक्रवार देर रात हिल लाइन पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक के कमरे के अंदर कल्याण के शिवसेना नेता महेश गायकवाड को छह गोलियां मारी थीं और उनके सहयोगी राहुल पाटिल को भी घायल कर दिया था। इस मामले में कल्याण पूर्व के तीन बार के विधायक गायकवाड पर हत्या के प्रयास और अन्य अपराधों का भी आरोप लगाया गया है।

### एक नजर

#### महाराष्ट्र में दोहरी सुरंग परियोजना को मंजूरी

**मुंबई।** राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड ने ठाणे-बोरीवली के बीच दोहरी सुरंग परियोजना को मंजूरी दे दी है। मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने रविवार को यह जानकारी दी। एमएमआरडीए द्वारा जारी एक बयान के अनुसार ठाणे शहर और बोरीवली के बीच प्रस्तावित दोहरी सुरंग, संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान (एसजीएनपी) से होते हुये गुजरेगी और यह पूर्वी तथा पश्चिमी एक्सप्रेस राजमार्गों आपस में जोड़ेगी। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में एमएमआरडीए आयुक्त डॉ. संजय मुखर्जी ने जानकारी दी।

#### हादसे में तीन युवकों की मौत, एक घायल

**जयपुर।** राजस्थान के सीकर जिले के लोसल थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक कार सड़क पर लगे खंभे से टकरा गई जिससे कार में सवार तीन युवकों की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि डीडवाना रोड पर सांगलिया से मोलासर की ओर जा रही एक कार अनियंत्रित होकर गणगौर होटल के पास सड़क पर लगे खंभे से टकरा गई, जिससे कार में सवार शीशराम ओला (20), धर्मेन्द्र जाट (19), लोकेश जाट (20) की मौत हो गई जबकि एक अन्य सुनील जाट (15) घायल हो गया।

## अयोध्या में राम मंदिर पर बयान को लेकर आईयूएमएल के अध्यक्ष विवादों के घेरे में

मलप्पुरम, एजेंसी

▸▸ सतारूढ़ दल एलडीएफ ने बयान को लेकर की आलोचना

इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) की केरल इकाई के अध्यक्ष पी. सैय्यद सादिक अली शिहाब थंगल राम मंदिर के बारे में अपने बयान को लेकर रविवार को विवादों में घिर गए।

थंगल ने हाल में कहा था कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का विरोध करने की कोई जरूरत नहीं है और नया मंदिर तथा प्रस्तावित मस्जिद, दोनों ही देश में धर्मनिरपेक्षता को मजबूत करेंगे। आईयूएमएल केरल में विपक्षी दल कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) का एक प्रमुख सहयोगी और मुस्लिम समुदाय के बीच अच्छा-खासा प्रभाव रखने वाला राजनीतिक दल है। थंगल ने यह बयान 24 जनवरी को यहां पास में मंजेरी में एक कार्यक्रम के दौरान दिया था, जिसका एक वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।

केरल में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के गठबंधन सहयोगी इंडियन नेशनल लीग (आईएनएल) ने आईयूएमएल नेता पर निशाना साधा है, वहीं कांग्रेस और आईयूएमएल ने थंगल का बचाव करते हुए कहा कि वह नफरत और समाज को बांटने के प्रयासों से संबंधित अभियान को रोकने की कोशिश कर रहे थे। मंजेरी में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, थंगल ने कहा था कि राम मंदिर एक वास्तविकता है और देश की बहुसंख्यक आबादी उसमें श्रद्धा रखती है।

थंगल ने वीडियो में कहा-हमें इसका विरोध करने की कोई जरूरत नहीं है। मंदिर, अदालत के आदेश के आधार पर बना और बाबरी मस्जिद का निर्माण होने वाला है। ये दोनों अब भारत का हिस्सा हैं। राम मंदिर और प्रस्तावित बाबरी मस्जिद हमारे देश की धर्मनिरपेक्षता को मजबूत बनाने के दो सबसे अच्छे उदाहरण हैं। उन्होंने कहा-हम जानते हैं कि इसे (बाबरी मस्जिद को) कारसेवकों ने नष्ट कर दिया था और हमने उस समय इसका विरोध किया था। उन्होंने कहा कि भारतीय मुसलमानों ने इस मामले में परिपक्वता दिखाई। आईएनएल के केरल राज्य सचिवालय के सदस्य एन. के. अब्दुल अजीज ने कहा कि राजनीतिक नेता इस तथ्य से अनभिज्ञ नहीं हैं कि गांधी का 'राम राज्य' आरएसएस के 'राम राज्य' से अलग है।

## पुलिस ने मुंबई में इस्लामी उपदेशक को हिरासत में लिया

मुंबई, एजेंसी

**भड़काऊ भाषण मामला**

भड़काऊ भाषण के एक मामले की जांच कर रही गुजरात पुलिस ने रविवार को इस सिलसिले में मुंबई से इस्लामी उपदेशक मुफ्ती सलमान अजहरी को हिरासत में ले लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि मुफ्ती सलमान फिलहाल घाटकोपर पुलिस थाने में है। अधिकारी ने कहा कि मुफ्ती के सैकड़ों समर्थक उनकी तत्काल रिहायी की मांग करते हुए पुलिस थाने के बाहर जमा हो गए, इससे इलाके में यातायात जाम हो गया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने थाने के बाहर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गुजरात के जूनागढ़ की पुलिस ने उपदेशक द्वारा कथित तौर पर दिया गया एक भड़काऊ भाषण सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद इस सिलसिले में दो लोगों को शनिवार को गिरफ्तार किया था। उन्होंने कहा कि यह भाषण 31 जनवरी की रात को दिया गया था।

### फगवाड़ा में अनैतिक व्यापार रैकेट का भंडाफोड़, 26 गिरफ्तार

**फगवाड़ा।** पंजाब के फगवाड़ा निगम शहर और इसके आसपास के ग्रामीण इलाकों में नशे की समस्या सहित अवैध गतिविधियों की समस्या पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कपूरथला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) वत्सला गुप्ता के नेतृत्व में एक अभियान चलाया गया जो शनिवार तड़के तक जारी रहा। श्री वात्सल्य गुप्ता ने रविवार को बताया कि 13 लड़कों और 13 लड़कियों (जिनमें नौ विदेशी नागरिक और चार भारतीय नागरिक शामिल हैं) को दो अलग-अलग मामलों में धारा 3,4,5,7,8 अनैतिक व्यापार अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने नौ पासपोर्ट, 29 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 45,000 रुपये बरामद किए गए।

## झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में 5 को चंपई सरकार का विश्वास मत प्रस्ताव

**रांची।** झारखंड विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र सोमवार 5 फरवरी से प्रारंभ हो रहा है। राज्यपाल के अभिभाषण के साथ ही विधानसभा सत्र की शुरुआत होगी। इसके साथ ही विशेष सत्र में सीएम चंपई सोरेन की ओर से विश्वास मत प्रस्ताव पेश किया जाएगा। विधानसभा के विशेष सत्र को लेकर जारी औपबंधित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का पूर्वाह्न 11 बजे अभिभाषण होगा। जिसके बाद सरकार की ओर से विश्वास मत पेश किया जाएगा। इस पर चर्चा के बाद वाद-विवाद और मतदान होगा। वहीं 6 फरवरी को राज्यपाल के अभिषभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव चर्चा होगी।

## कांग्रेस आदिवासियों के जल-जंगल-जमीन के लिए खड़ी है

धनबाद/बोकारो, एजेंसी

▸▸ राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान लोगों को किया संबोधित



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी आदिवासियों के 'जल-जंगल-जमीन' और युवाओं के रोजगार के लिए खड़ी है। राहुल अपनी 'भारत जोड़ो-न्याय यात्रा' के दौरान झारखंड के धनबाद जिले में एक रोडशो को संबोधित कर रहे थे। धनबाद के टुंडी प्रखंड में शनिवार को रात्रि विश्राम के बाद यात्रा रविवार को झारखंड में तीसरे दिन धनबाद शहर के गोविंदपुर से फिर से शुरू हुई।

राहुल ने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को निजी इकाइयों को बेचे जाने से बचाना और देश के नौकरीपेशा युवाओं और आदिवासियों के लिए न्याय सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा-कांग्रेस पार्टी आदिवासियों के जल-जंगल-जमीन के लिए खड़ी है और युवाओं की शिक्षा और रोजगार के लिए काम करती है। आर्थिक असंतुलन, नोटबंदी, जीएसटी और बेरोजगारी ने देश के युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है। कांग्रेस की झारखंड इकाई के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि गोविंदपुर से शुरू हुई यात्रा सरायढेला, आईआईटी-आईएसएम गेट, रणधीर वर्मा चौक, रेलवे स्टेशन के समीप श्रमिक चौक से गुजरी और बैंक मोड़ पहुंची जहां राहुल ने एक रैली को संबोधित किया। इसके बाद यात्रा बोकारो जिले की ओर बढ़ी। बोकारो जाने के रास्ते में राहुल ने धनबाद जिले के गोधर काली बस्ती में कोयला खनिकों से बातचीत की।

### राज्य शासन में केंद्र का हस्तक्षेप संघवाद के सिद्धांत को कमजोर करता है: खरगे



**त्रिशूर (केरल)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि राज्य शासन में उसका हस्तक्षेप और राज्यों की राजनीतिक स्वायत्तता को कमजोर करने का प्रयास संघवाद के सिद्धांतों को कमजोर करता है। खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार न केवल राज्य सरकारों को परेशान कर रही है, बल्कि देश की गरीब जनता और महिलाओं को कुचल भी रही है। खरगे केरल के त्रिशूर जिले में केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) द्वारा आयोजित एक जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि सत्तारूढ़ दल के नेताओं में पंडित जवाहरलाल नेहरू जैसी राजनीतिक कौशल की कमी है। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा- राज्य शासन और स्वायत्त निकायों में केंद्र का हस्तक्षेप संघवाद के सिद्धांतों को कमजोर करता है, जिसमें राज्यपालों का हस्तक्षेप और राज्यों की राजनीतिक स्वायत्तता को कम करने का प्रयास शामिल है।

# कारोबार/कृषि

### एक नजर

#### पैकिंग मशीन का पंजीकरण न होने पर एक लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** पान मसाला, गुटखा और इसी तरह के तंबाकू उत्पादों के विनिर्माताओं को एक अप्रैल से माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिकारियों के साथ अपनी पैकिंग मशीनरी को पंजीकृत कराने में विफल रहने पर एक लाख रुपये तक का जुर्माना देना होगा। इस कदम का उद्देश्य तंबाकू विनिर्माण क्षेत्र में राजस्व 'रिसाव' को रोकना है। वित्त विधेयक, 2024 ने केंद्रीय जीएसटी अधिनियम में संशोधन पेश किया है। इसमें प्रत्येक ऐसी मशीन के पंजीकृत नहीं होने पर एक लाख रुपये के जुर्माने का प्रावधान है। इसके अलावा कुछ मामलों में ऐसी मशीनों को जब्त भी किया जा सकता है। जीएसटी परिषद की सिफारिश के आधार पर कर अधिकारियों ने पिछले साल तंबाकू विनिर्माताओं द्वारा मशीनों के पंजीकरण के लिए एक विशेष प्रक्रिया अधिसूचित की थी।

#### बीओएम की जमा वृद्धि रही सबसे अच्छी

**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में जमा के मामले में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सबसे ऊंची वृद्धि दर्ज की है। बीओएम ने यह आंकड़ा ऐसे समय हासिल किया है कि जबकि ज्यादातर सरकारी बैंकों की जमा वृद्धि 10 प्रतिशत से कम रही है। आंकड़ों के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र के 12 बैंकों में से केवल बीओएम और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने दिसंबर, 2023 को समाप्त तीसरी तिमाही में जमा में दो अंक की वृद्धि हासिल की है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रकाशित तिमाही आंकड़ों के अनुसार, पुणे के ऋणदाता बीओएम ने तिमाही के दौरान जमा में 17.89 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

## देश में 6 साल के उच्चस्तर पर पहुंचा एफपीआई

### जनवरी में बॉन्ड बाजार में डाले 19,800 करोड़ रुपये, बॉन्ड बाजार के प्रति आकर्षण बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जनवरी में देश के ऋण या बॉन्ड बाजार में 19,800 करोड़ रुपये का निवेश किया है। यह बॉन्ड बाजार में एफपीआई के प्रवाह का 6 साल में सबसे ऊंचा मासिक स्तर है। भारत सरकार के बॉन्ड को जेपी मॉर्गन इंडेक्स में शामिल किए जाने के बाद एफपीआई का भारतीय बॉन्ड बाजार के प्रति आकर्षण बढ़ा है। वहीं दूसरी ओर एफपीआई ने अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने के बीच जनवरी में भारतीय शेयरों से 25,743 करोड़ रुपये की निकासी की है।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी में एफपीआई ने बॉन्ड बाजार में शुद्ध रूप से 19,836 करोड़ रुपये डाले हैं। यह जून, 2017 के बाद उनके निवेश का सबसे ऊंचा मासिक स्तर है। उस समय उन्होंने बॉन्ड बाजार में 25,685 करोड़ रुपये डाले थे। इससे पहले दिसंबर में एफपीआई ने बॉन्ड में 18,302 करोड़ रुपये, नवंबर में 14,860 करोड़ और अक्टूबर में 6,381 करोड़ रुपये डाले थे।



मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा-भारत के निश्चित आय बाजार में एफपीआई का शुद्ध प्रवाह जून में 2.39 अरब डॉलर रहा है। भारत सरकार के बॉन्ड को जेपी मॉर्गन इंडेक्स में शामिल किए जाने की वजह से यह निवेश आया है। जेपी मॉर्गन चेज एंड कंपनी ने पिछले साल सितंबर में घोषणा की थी कि वह जून, 2024 से भारत सरकार के बॉन्ड को अपने उभरते बाजार के बेंचमार्क में जोड़ेगी। इस ऐतिहासिक कदम से इसके बाद के डेढ़ से दो साल में भारत को 20 से 40 अरब डॉलर का निवेश आकर्षित करने में मदद करेगी।

#### 8 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.90 लाख करोड़ बढ़ा



स्थानीय शेयर बाजार में उछाल के बीच बीते सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से 8 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 2.90 लाख करोड़ रुपये चढ़ गया। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,384.96 अंक या 1.95 प्रतिशत के लाभ में रहा। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से आठ ...रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई। वहीं भारती एयरटेल और आईटीसी का मूल्यांकन घट गया। शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के संयुक्त बाजार मूल्यांकन में कुल 2,90,267.98 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई।

### दक्षिण कोरिया से चावल झींगा के लिए अधिक बाजार पहुंच चाहता है भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने दक्षिण कोरिया से इस्पात, चावल और झींगा जैसे कुछ उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए अधिक बाजार की मांग की है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दोनों देशों के बीच मौजूदा मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के अद्यतन के लिए बातचीत चल रही है। भारत ने वार्ता में इन मुद्दों को उठाया है। इसे आधिकारिक रूप से व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) कहा जाता है। यह समझौता जनवरी, 2010 में परिचालन में आया था। समझौते के अद्यतन पर वार्ता का 10वां दौर चल रहा है। अधिकारी ने कहा-हम इस्पात, चावल और झींगा जैसे उत्पादों के लिए अधिक बाजार पहुंच की मांग कर रहे हैं। बैठक में भारत ने दक्षिण कोरियाई कंपनियों द्वारा भारतीय इस्पात नहीं खरीदने का मुद्दे भी उठाया।

## नीतिगत दर में बदलाव नहीं करेगा भारतीय रिजर्व बैंक

मुंबई, एजेंसी

▸▸ 6 फरवरी से होने वाली एमपीसी की बैठक को लेकर विशेषज्ञों ने दी अपनी राय



अंतरिम बजट के ठीक बाद भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अल्पकालिक ऋण दर (रेपो दर) पर यथास्थिति जारी रखने की संभावना है। विशेषज्ञों का कहना है कि केंद्रीय बैंक इस सप्ताह अपनी आगामी द्विमासिक मौद्रिक नीति में नीतिगत दरों में कोई बदलाव शायद ही करे, क्योंकि खुदरा मुद्रास्फीति अब भी संतोषजनक दायरे के ऊपरी स्तर के करीब है।

रिजर्व बैंक ने लगभग एक साल से अल्पकालिक ऋण दर या रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा है। इसे आखिरी बार फरवरी 2023 में 6.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया गया था। खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई, 2023 में 7.44 प्रतिशत के उच्चस्तर पर थी और उसके बाद इसमें गिरावट आई है। हालांकि, यह अब भी अधिक ही है। खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर, 2023 में 5.69 प्रतिशत थी। सरकार ने रिजर्व बैंक को मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत के दायरे में रखने की जिम्मेदारी सौंपी है।

आरबीआई गवर्नर की अध्यक्षता वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिन की बैठक 6 फरवरी को शुरू होगी। गवर्नर शक्तिकांत दास आठ फरवरी को समिति के फैसले की घोषणा करेंगे। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने अनुमान जताया कि एमपीसी दर और रुख, दोनों में यथास्थिति बनाए रखेगी।

### अडाणी समूह गुजरात में बना रहा दुनिया का सबसे बड़ा तांबा संयंत्र

**नई दिल्ली।** अरबपति कारोबारी गौतम अडाणी की अगुवाई वाला समूह गुजरात के मुंद्रा में दुनिया का सबसे बड़ा एकल-स्थान तांबा विनिर्माण संयंत्र बना रहा है। सूत्रों ने कहा कि इस संयंत्र से आयात पर भारत की निर्भरता को कम करने और ऊर्जा बदलाव में मदद मिलेगी। मामले की जानकारी रखने वाले दो सूत्रों ने बताया कि 1.2 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश से तैयार हो रहा यह संयंत्र मार्च के अंत तक पहले चरण का परिचालन शुरू कर देगा। उन्होंने बताया कि संयंत्र मार्च, 2029 तक पूर्ण पैमाने पर 10 लाख टन क्षमता के साथ परिचालन शुरू करेगा।

## एनएफआईआर विधेयक तैयार, अगले सत्र में पेश किए जाने की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने दी जानकारी

आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने कहा है कि राष्ट्रीय वित्तीय सूचना रजिस्ट्री (एनएफआईआर) के गठन के लिए एक विधेयक का मसौदा लगभग तैयार है और इसे संसद के आगामी जुलाई सत्र में पेश किया जा सकता है। ऋण संबंधी सूचना के लिए सार्वजनिक बुनियादी ढांचा तैयार करने और कर्ज देने वाली एजेंसियों को सही सूचना उपलब्ध कराने के लिए एनएफआईआर का गठन किया जाना है। राष्ट्रीय वित्तीय सूचना रजिस्ट्री, वित्तीय और सहायक जानकारी के केंद्रीय भंडार के रूप में काम करती है। इससे अच्छी तरह से कर्ज देने, वित्तीय समावेशन और वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा।

सेठ ने एक साक्षात्कार में बताया-मसौदे पर हितधारकों के साथ विचार-विमर्श किया जा चुका है और यह लगभग तैयार है। हम इसे जल्द ही मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के पास भेजेंगे। लेकिन, मौजूदा सत्र में इसे पेश करना संभव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि विधेयक को जुलाई सत्र में पेश किया जा सकता है।

### पीएलआई योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के तरीकों पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और उद्योग के खिलाड़ियों ने उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सहयोग बढ़ाने और एक स्पष्ट कार्रवाई योजना बनाने के तरीकों पर चर्चा की है। आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा कि 14 क्षेत्रों के लिए पीएलआई योजना के तहत लाभार्थी कंपनियों सहित लगभग 1,200 प्रतिनिधियों और अधिकारियों ने इन योजनाओं के निर्बाध क्रियान्वयन के लिए रणनीति पर चर्चा करने और योजना बनाने के लिए 3 फरवरी को बैठक की।

## आयकर विभाग में 12,000 पद हैं खाली नियुक्ति के लिए उठा रहे कदम : नितिन

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ सीबीडीटी प्रमुख ने बताया कर्मचारियों की है कमी

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन नितिन गुप्ता ने कहा है कि आयकर विभाग में 10,000 से 12,000 तक कर्मचारियों की कमी है और खाली पड़े पदों पर नियुक्ति के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अंतरिम बजट में 25,000 रुपये तक की बकाया कर मांग को वापस लेने की घोषणा के तहत करदाताओं को एक लाख रुपये तक की राहत मिल सकती है। इससे उन करदाताओं को लाभ होगा होगा, जिन्हे निर्धारित अवधि में एक साल से अधिक के लिए कर मांग को लेकर नोटिस मिले हैं।




गुप्ता ने बातचीत में कहा-आयकर विभाग में 10,000 से 12,000 कर्मचारियों की कमी है। ये पद मुख्य रूप से ग्रुप 'सी' श्रेणी के हैं। इन पदों को भरने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। विभाग में कर्मचारियों की कुल संख्या 55,000 के करीब है।

अंतरिम बजट में 25,000 रुपये तक की कर मांग को वापस लेने के बारे में पूछे जाने पर नितिन गुप्ता ने कहा-इस पहल का मकसद करदाताओं को राहत देना है। इसके तहत हम प्रति करदाता एक लाख रुपये तक की सीमा रखने का प्रयास करेंगे। यानी करदाता को अगर एक साल से अधिक के लिए कर मांग को लेकर नोटिस मिला है, तो उसे एक लाख रुपये तक की राहत मिल सकती है।

## नामीबिया के राष्ट्रपति हेज गेनगॉब का कैंसर से निधन



**विंडहोक।** नामीबिया के राष्ट्रपति हेज गेनगॉब का 82 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, गेनगॉब ने रविवार को अस्पताल में आखिरी सांस ली। कुछ हफ्ते पहले ही उन्हें कैंसर से पीड़ित पाया गया था।

राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट में उनकी मौत का कारण नहीं बताया। हालांकि, यह बताया गया है कि उनका राजधानी विंडहोक के लेडी पोहाम्बा अस्पता में इलाज चल रहा था। 2014 में प्रधानमंत्री रहने के दौरान गेनगॉब ने सार्वजनिक तौर पर बताया था कि वे प्रोस्टेट कैंसर को हरा चुके हैं। इसके अगले ही साल वे नामीबिया के राष्ट्रपति बने थे।

# 20 साल का हुआ फेसबुक



**2** अरब यूजर्स आज भी रोजाना करते हैं प्रयोग

*आज जब सोशल मीडिया का नाम लेते हैं तो सामने कई नाम आते हैं, जिसमें इंस्टाग्राम, वॉट्सएप ज्यादा प्रचलित हैं। मगर एक समय ऐसा था जब फेसबुक का ही बोलबाला था। फेसबुक ने लोगों को सोशल मीडिया का एक नया रूप दिखाया जिसके बारे में 2004 से पहले किसी ने सोचा भी नहीं था। 4 फरवरी को फेसबुक को 20 साल पूरे हो गए। 4 फरवरी 2004 में पहली बार फेसबुक की शुरुआत हुई थी। मेटा के मालिक मार्क जुकरबर्ग ने इसकी शुरुआत की थी। ये वो दौर था जब लोगों के बीच माईस्पेस और ऑरकुट का चलन था। ऐसे समय में फेसबुक के लॉन्च ने इंटरनेट को पलट कर रख दिया था।*

### मेटा के लिए फायदेमंद

- फेसबुक के आज भी अरबों यूजर्स है, जिसमें से रोजाना 2 अरब यूजर्स इसका इस्तेमाल करते हैं। फेसबुक ने मेटा को मार्केट में एक बड़ा मुकाम हासिल करने में मदद की है।
- इस प्लेटफॉर्म के जरिए कंपनी के मालिक मार्क जुकरबर्ग ने सोशल मीडिया और टेक इंडस्ट्री में अपना अलग नाम बनाया।
- भले ही अब फेसबुक उतना लोकप्रिय नहीं रह गया हो, लेकिन अभी भी इसकी एक फैन फॉलोइंग है।

### 2004 से 2024 तक ऐसा रहा फेसबुक का सफर

*फेसबुक की शुरुआत 2004 में की गई थी, अब इसने पूरे 20 साल का सफर तय कर लिया है। इस सफर के दौरान कंपनी ने कई उतार चढ़ाव देखें। हालांकि फिर भी अपना दबदबा बनाए रखा।*

- फेसबुक को मार्केट में लॉन्च करते समय द फेसबुक नाम दिया गया था। ये इस कारण भी खास था क्योंकि इसमें आप फोटो शेयर कर सकते हैं और अपने दोस्तों को टैग भी कर सकते थे।
- इसकी लोकप्रियता लॉन्च के एक महीने में ही सामने आ गई थी, जब एक साल से कम समय में ही कंपनी ने 10 लाख लोगों को अपने परिवार का हिस्सा बना लिया था।
- केवल 9 साल के अंदर इसके यूजर्स की संख्या 1000 गुना बढ़ गई। 2012 तक फेसबुक के 1 अरब यूजर्स हो गए। आपको बता दें कि ये उन देशों में भी काफी लोकप्रिय रहा जो इंटरनेट और कनेक्टिविटी की दृष्टि से पीछे थे।
- ये सफर काफी खास था क्योंकि इसने इंटरनेट और सोशल मीडिया को नई पहचान दी है। इसके साथ ही ये पहला प्लेटफॉर्म था, जो लोगों को पर्सनलाइज्ड एक्सपीरियंस दे रहा था।
- ये आपकी जरूरी जानकारी, आपके खास दिन और आपके दोस्तों से जुड़ी सभी जानकारियों को आपके लिए याद रखने के साथ-साथ आपको इनके बारे में सूचित भी करता है।
- अब आपकी जरूरी जानकारी एक अहम मुद्दा हो गया क्योंकि ये निजता को प्रभावित भी करता है।

### कनेक्शन के लिए बेहतरीन जरिया

- फेसबुक के आने के बाद लोगों से जुड़ना और नए लोगों से बातचीत करना काफी आसान हो गया था। आप किसी को भी फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजकर उनसे बात कर सकते हैं।
- इसके अलावा फेसबुक ने आपको फोटो पोस्ट करने के साथ-साथ अपने दोस्तों को टैग करने का भी विकल्प दिया था, जो उस समय युवाओं के लिए एक अहम और जबरदस्त बदलाव था।
- ये ऐसा समय था, जब स्मार्टफोन का इतना चलन नहीं था और वॉट्सऐप जैसे एप्स भी नहीं होते थे। ऐसे में फेसबुक काफी पसंद किया जाता था।
- फेसबुक का इस्तेमाल अब ज्यादातर प्रचार-प्रसार के लिए होने लगा है। इतना ही नहीं लोग अपने स्मॉल बिजनेस और काम से जुड़ी जरूरतों के लिए भी इसका इस्तेमाल करते हैं।



**2012** में ही फेसबुक के हो गए थे 1 अरब यूजर्स

**4/2/2004** को पहली बार शुरु हुआ था फेसबुक

**9** साल के अंदर 1000 गुना बढ़ गई फेसबुक यूजर्स की संख्या

## एक नजर

### श्रीलंकाई नौसेना ने ट्रॉलर समेत 23 भारतीयों को किया गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका की नौसेना ने जाफना के डेल्फट द्वीप के पास श्रीलंका के जलक्षेत्र में शिकार कर रहे भारतीय मछुआरों के दो ट्रॉलरों के साथ 23 भारतीय नागरिकों को हिरासत में लिया है। श्रीलंका की नौसेना ने रविवार को बताया कि शनिवार रात श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध शिकार कर रहे भारतीय को खदेड़ने के लिए अभियान चलाया गया है। श्रीलंकाई नौसेना ने कहा गिरफ्तार मछुआरों और जब्त किए गए ट्रॉलरों को रविवार को कांकासंथुराई बंदरगाह लाया गया और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए उन्हें मैलाडी मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया जाएगा। बता दें, श्रीलंकाई नौसेना ने 2023 में 343 लोगों को गिरफ्तार किया है।

### हमास की मांग, इजराइल 3 हजार फिलिस्तनीयों को करे रिहा

**गाजा।** हमास ने गाजा में संघर्ष को समाप्त करने के लिए अपनी अप्रत्यक्ष वार्ता के दौरान इजराइल से 3 हजार फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करने की मांग की है। मीडिया के अनुसार, हमास चाहता है कि तीन चरण के संघर्ष विराम में चौथे चरण के रूप में फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई भी शामिल हो। कतर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल-अंसारी ने शुक्रवार को कहा कि इजराइल ने नवीनतम संघर्ष विराम प्रस्ताव पर सकारात्मक प्रारंभिक प्रतिक्रिया दी है। जनवरी के अंत में पेरिस में इजराइल, अमेरिका, मिस्र और कतर द्वारा संघर्ष विराम प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की गई थी। हमास ने कहा कि उसे एक मसौदा प्राप्त हुआ है और वह इसकी समीक्षा कर रहा है।

### गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के 3 गुर्गे गोरखपुर से गिरफ्तार: डीजीपी

**चंडीगढ़।** पंजाब के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमृतपाल सिंह उर्फ गुज्जर निवासी कलोली, कमलप्रीत सिंह निवासी देवीनगर अबरावां और प्रेम सिंह निवासी अमराला डेराबस्सी के रूप में हुई है। सभी आरोपियों की आपराधिक पृष्ठभूमि है और इनके खिलाफ पंजाब में कत्ल, जबरन वसूली, डकैती और हथियार एक्ट के अंतर्गत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। डीजीपी ने बताया आरोपियों को संयुक्त टीम ने गोरखपुर से गिरफ्तार किया गया।

### हरियाणा: गैंगस्टर राजू भाटी की फरीदाबाद के अस्पताल में मौत

**फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद जिले स्थित अस्पताल में इलाज के दौरान सजायाफ्ता गैंगस्टर राजू भाटी की रविवार सुबह मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि कई दिनों से अस्पताल में भाटी का उपचार किया जा रहा था और रविवार सुबह दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार मूलरूप से उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के हुसैनी शेरगढ़ गांव के निवासी भाटी (41) के खिलाफ पलवल, फरीदाबाद तथा उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा के अन्य जिलों में हत्या, लूट, डकैती और गैंगस्टर अधिनियम के तहत कुल 30 मामले दर्ज थे। बता दें, भाटी 2016 में पलवल पुलिस थाने में दर्ज अपहरण और शस्त्र अधिनियम के मामले में फरीदाबाद की नीमका जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था।

## अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा-भारत तय करे, हमें क्या करना है

# क्वाड में भारत ड्राइविंग सीट पर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि क्वाड में भारत ड्राइविंग सीट पर है और भारत को तय करना है कि क्वाड का क्या करना है। गार्सेटी ने जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के 17वें संस्करण में 'हार्ट ऑफ द मैटर: क्वाड और नया इंडो पैसिफिक विजन' सत्र के दौरान ये बातें कही।

गार्सेटी ने इशारों में समझाते हुए कहा कि भारत, क्वाड में ड्राइविंग सीट पर है और अमेरिका उसके बराबर वाली सीट पर है। मुझे लगता है कि जापान शुरुआत से ही रास्ता बता रहा है और ऑस्ट्रेलिया, क्वाड में ऐसा है, जो कार में सबसे ज्यादा उत्साहित होता है और सभी से खाने-पीने के बारे में पूछता रहता है और ये भी पूछता है कि हम कहां जा रहे हैं।'

क्वाड एक कूटनीतिक साझेदारी है, जिसमें भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका सहयोगी देश हैं। क्वाड का उद्देश्य सदस्य देशों में आर्थिक, कूटनीतिक और सैन्य सहयोग बढ़ाना है। क्वाड का उद्देश्य हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र को मुक्त रखना है।

गार्सेटी ने कहा 'ये बहुत अच्छा समय है और हम सभी अपनी अलग-अलग भूमिकाओं का आनंद ले रहे हैं। मैं चाहता हूं कि हम भी कई बार कार की पिछली सीट पर बैठकर आराम करें, लेकिन ये भारत को तय करना है कि हम क्वाड से क्या करना चाहते हैं।' गार्सेटी ने ये भी कहा कि 'क्वाड कोई ऐसा संगठन भी नहीं है, जहां सभी किसी एक बात पर सहमत हो जाएं, यह कोई बात करने का ठिकाना नहीं है।

हम हिंद महासागर के बारे में बात कर सकते हैं और इस दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। साथ ही अंतरिक्ष प्रोजेक्ट पर काम कर सकते हैं।



### संयुक्त राष्ट्र से कहीं ज्यादा सक्षम है क्वाड

गार्सेटी ने कहा कि क्वाड दुनिया के लिए मॉडल बन सकता है। यह बेहद मजबूत और स्थायी है। यह कई अंतरराष्ट्रीय संस्थानों जैसे संयुक्त राष्ट्र आदि से भी ज्यादा प्रभावी है क्योंकि इन संस्थाओं के पास इतनी क्षमता नहीं है, जितनी क्वाड के पास है। भारत अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों पर अमेरिकी राजदूत ने कहा 'द्विपक्षीय संबंध हमेशा आकर्षक होते हैं, लेकिन अगर बात सीधे तौर पर होती है तो ये कई बार नीरस हो जाते हैं।' गार्सेटी ने उदाहरण देते हुए कहा कि अगर हम तीन लोगों को बुलाते हैं तो यह मजेदार होगा और अगर ज्यादा लोग इससे जुड़ जाएंगे तो यह पार्टी हो जाएगी और तब आपको पता चलेगा कि आपके पास कुछ खास है।

### चीन का मानना है एशिया का नाटो है क्वाड संगठन

क्वाड यानी क्वाड्रीलैटरल सिक्योरिटी डायलॉग (चतुर्भुज सुरक्षा वार्ता)। इसका गठन 2007 में हुआ था। हालांकि, तब यह आगे नहीं बढ़ पाया। इसकी प्रमुख वजह क्वाड को लेकर चीन का कड़ा विरोध रही। चीन क्वाड को एशिया का नाटो कहता आया है। इसी वजह से शुरुआत में भारत ने इसे लेकर हिचकिचाहट भी दिखाई थी। चीनी विरोध की वजह से ही ऑस्ट्रेलिया भी 2010 में क्वाड से हट गया था, हालांकि, वह बाद में फिर इससे जुड़ गया। 2017 में भारत-अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान ने चीन को काउंटर करने के लिए इस गठबंधन को पुनर्जीवित किया।

## केरल में भारत माता की जय न बोलने वालों पर गुस्साईं मीनाक्षी लेखी



**तिरुवनंतपुरम।** केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी शनिवार को केरल में एक युवा सम्मेलन में दर्शकों पर अपनी नाराजगी जताई। दरअसल, सम्मेलन के दौरान उनके बार बार कहने पर भी दर्शकों ने भारत मात की जय नहीं कहा। इस दौरान उन्होंने एक महिला को कार्यक्रम स्थल छोड़ने का भी सुझाव दिया। बता दें कि इस कार्यक्रम का आयोजन कुछ दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं ने किया था।

कार्यक्रम के दौरान अपने भाषण का समापन करते हुए भाजपा नेता मीनाक्षी लेखी भारत माता की जय का नारा लगाया। उन्होंने दर्शकों से इसे दोहराने के लिए भी कहा, लेकिन सामने खड़ी भीड़ ने ऐसा नहीं किया। दर्शकों के इस व्यवहार से मीनाक्षी लेखी नाराज हो गईं। गुस्साईं भाजपा नेता ने कहा कि जिन्हें अपने देश पर गर्व नहीं, उन्हें इस कार्यक्रम में शामिल होने की कोई जरूरत नहीं है।

## हम जहां हैं, उसे देखकर अच्छा लग रहा...बाइडन ने जीता पार्टी चुनाव

वाशिंगटन, एजेंसी

▸▸ **बाइडन ने दक्षिण कैरोलाइना में जीता डेमोक्रेट पार्टी का चुनाव, ट्रंप पर की तीखी टिप्पणी**



अमेरिका के डेलावेयर में अपने चुनावी अभियान के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर तीखा हमला बोला। बाइडन ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के दावेदार किसी भी चीज के पक्ष में नहीं हैं और हर चीज का विरोध करते हैं।' बाइडन ने डोनाल्ड ट्रंप का सीधे नाम नहीं लिया, लेकिन उनका हमला उन्हीं पर था।

बाइडन ने कहा 'हम जहां हैं, उसे देखकर मुझे अच्छा लग रहा है। हम जिस व्यक्ति के खिलाफ लड़ रहे हैं, वह किसी चीज के पक्ष में नहीं हैं और हर चीज के खिलाफ है। ये बात मैं दिल से कह रहा हूं। यह एक बेहूदा प्रचार है, जिसमें मुझे शामिल होना पड़ रहा है। वह व्यक्ति बीती साल के मुकाबले और भी बुरा व्यवहार कर रहा है। बाइडन ने इस बात पर जोर दिया कि अमेरिका के लोग इस बात को समझते हैं कि आगामी चुनाव की क्या अहमियत है। बाइडन ने कहा पिछले चुनाव में प्रचार अभियान के दौरान मैंने इंडिपेंडेंस हॉल में एक भाषण दिया था, जिसमें लोकतंत्र पर बात की थी, लेकिन मीडिया ने उस वक्त इसे बहुत बढ़ा-चढ़ाकर कही गई बात माना था, लेकिन अमेरिका के लोगों ने समझ लिया था कि क्या चल रहा है।

बाइडन ने हालिया क्विनीपियाक पोल का जिक्र किया, जिसमें बाइडन को ट्रंप पर बढ़त दिखाई गई है। पेंसिल्वेनिया के सर्वे में भी बाइडन, ट्रंप से आगे हैं। साउथ कैरोलाइना में हुए डेमोक्रेट प्राइमरी इलेक्शन में जो बाइडन को जीत मिली है। इसके साथ ही वह पार्टी की तरफ से उम्मीदवारी में शीर्ष पर बने हुए हैं।

## एआई की मदद से कर्मियों को प्रशिक्षित करेगी सूरत पुलिस

सूरत, एजेंसी

▸▸ **साइबर क्राइम के खिलाफ सूरत पुलिस की पहल, पीड़ितों से चैटबॉट के माध्यम से होगा संवाद**



साइबर क्राइम पुलिस के लिए बड़ा सिरदर्द बन गया हैं। स्कैमर्स के नए-नए तरीकों से निपटना और लोगों को जागरूक करना पुलिस के लिए अभी भी चुनौती बना हुआ है। ऐसे में अब गुजरात की सूरत पुलिस ने साइबर अपराध को कम करने के लिए एआई तकनीक की मदद से अपने कर्मियों को प्रशिक्षित करने का कदम उठाया है।

इस पहल पर सूरत के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त शरद सिंघल ने बताया कि पीड़ितों के लिए एक चैटबॉट बनाया गया है, जिसके माध्यम से वह आसानी से संवाद कर पाएंगे। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने कहा, एक चैटबॉट बनाया गया है जो पीड़ितों से उनकी चुनी हुई भाषा में संवाद करेगा। पीड़ित अपने निकटतम पुलिस स्टेशन का पता लगाने के लिए फाइंड माई पुलिस स्टेशन सुविधा का उपयोग कर पाएंगे। उन्होंने आगे बताया, पब्लिक इंटरफेस एक हेल्पलाइन की तरह काम करेगा और समय की परवाह किए बिना ही पीड़ितों से संवाद करेगा। इससे प्रत्येक क्षेत्र में मामलों की संख्या का पता लगाने में मदद मिलेगा। इसी के साथ शहरों में साइबर अपराध मामलों की पहचान भी होगा।' अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने कहा कि साइबर अपराधों के गिरोहों को पकड़ने के लिए अधिकारियों को एआई का उपयोग करके प्रशिक्षित भी किया जाएगा।

## एयर इंडिया के पूर्व सीएमडी समेत 3 के खिलाफ चार्जशीट

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने एयर इंडिया के पूर्व सीएमडी, एसएपी इंडिया और आईबीएम के खिलाफ रविवार को आरोप पत्र दायर किया। चार्जशीट 2011 में एयर इंडिया के 225 करोड़ रुपये में सॉफ्टवेयर खरीदने के मामले में कथित अनियमितताओं के संबंध में दाखिल किया गया है। बताया गया कि सीबीआई ने केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की सिफारिश पर मामला दर्ज किया है। सीवीसी की जांच में पता चला था कि सॉफ्टवेयर की खरीद में अनियमितताएं हैं।

बताया गया कि लगभग छह साल की जांच के बाद सीबीआई ने एयर इंडिया के पूर्व सीएमडी अरविंद जाधव, आईबीएम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, एसएपी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और छह अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। ़र

### अठखेलियां करते सैलानी...



**मनाली :** हिमाचल प्रदेश में बढ़ती सर्दी और पहड़ों पर हो रही बर्फबारी से पर्यटक हिमाचल की ओर खींचे चले जा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश की हसीन वादियों का लुत्फ उठाने के लिए पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। दो दिन के भीतर लाहुल घाटी में ज्यादा संख्या में पर्यटकों ने दस्तक दी। वहीं रविवार को मनाली में सैलानियों ने बर्फ में खूब अठखेलिया की और बर्फ का आनंद उठाया।। ● एजेंसी

## रूस: जंग लड़ रहे सैनिकों की पत्नियों ने किया प्रदर्शन

**मॉस्को।** रूस की राजधानी मॉस्को में विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों को हिरासत में लिया गया है। हिरासत में लिए गए लोगों में कई विदेशी पत्रकार भी शामिल हैं। ये प्रदर्शन राष्ट्रपति पुतिन के चुनाव मुख्यालय के बाहर किया गया। यह प्रदर्शन यूक्रेन के मोर्चे पर लड़ रहे रूसी सैनिकों की पत्नियों और अन्य परिजनों ने आयोजित किया। इन महिलाओं की मांग थी कि उनके पतियों, बच्चों को घर वापस लाया जाए।

रूस-यूक्रेन युद्ध को शुरू हुए 500 दिन बीत चुके हैं। ऐसे में बड़ी संख्या में महिलाएं क्रेमलिन में इकट्ठा हुईं और फिर वहीं पर मौजूद राष्ट्रपति पुतिन के चुनाव मुख्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। हिरासत में लिए गए लोगों में कई विदेशी पत्रकार भी शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार करीब 27 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

## कश्मीर एकजुटता दिवस का विरोध करने वालों को दी हमले की धमकी

गिलगित बाल्टिस्तान, एजेंसी

▸▸ **वीडियो संदेश से दी गई हमले की धमकी, कहा- सुन लो मॉस्को वाले और राम वाले**

आज दुनिया भर के कई कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन कर पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के लोगों के अधिकारों के लिए आवाज उठाएंगे। बता दें कि इसी दिन कश्मीर एकजुटता दिवस भी है जिसके विरोध में प्रदर्शन किए जाएंगे। इन सबके बीच सोशल मीडिया एक्स पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें लोगों को उस दिन विरोध न करने की धमकी दी गई है।

वीडियो में एक व्यक्ति को यह दावा करते हुए देखा जा सकता है कि वह सैकड़ों लोगों के साथ पीओके के इलाके में घूमेगा और प्रदर्शनकारियों पर हमला करेगा और कोई भी उन्हें रोकने में सक्षम नहीं होगा। वीडियो के साथ पोस्ट किए गए विवरण में दावा किया गया है कि यह व्यक्ति पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी संगठन से संबंधित है। वीडियो में एक व्यक्ति कहता हुआ नजर आ रहा है कि '5 फरवरी के विरोध में, चाहे वह मॉस्को के लोग हों या कोई अन्य संगठन हो, मैं खुले तौर पर यह घोषणा करता हूं कि मैं अपने सैकड़ों लोगों के साथ शहर में प्रवेश करूंगा और अगर कोई मुझे रोक सकता है तो रोक कर दिखाए।' इस बीच, दुनिया भर के कई कार्यकर्ताओं ने कश्मीर एकजुटता दिवस मनाने का विरोध करने की घोषणा की है। इससे पहले, यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी (यूकेपीएनपी) जैसे राजनीतिक दलों ने संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (एएसी) के साथ एकजुटता दिखाते हुए तथाकथित 'कश्मीर एकजुटता दिवस' का विरोध करने के लिए लंदन में पाकिस्तान उच्चायोग पर प्रदर्शन आयोजित करने की घोषणा की थी।

**असुरक्षा** हिंदू समुदाय के लोगों के मन में भय का माहौल, मंदिर तोड़ मस्जिद बनाने की मिल रहीं धमकी

# अयोध्या में राम मंदिर के बाद दहशत में बांग्लादेशी हिंदू

ढाका, एजेंसी

अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से भारत से लेकर दुनिया के कई कोनों में बसे लोगों के मन में आनंद है, लेकिन पड़ोसी देश बांग्लादेश में रहने वाले हिंदुओं की स्थिति कुछ अलग है। बांग्लादेश में रहने वाले हिंदू समुदाय के लोगों के मन में भय का माहौल है।

मीडिया के अनुसार, पिछले दिनों चुनावों के दौरान बांग्लादेश के कई हिस्सों में हुई हिंसक घटनाओं से भय का माहौल बना हुआ है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद कई लोग अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए जाना चाहते हैं, लेकिन अपने घर-परिवार को छोड़कर भारत जाने की हिम्मत उनमें नहीं है। मीडिया के मुताबिक, हिंदुओं का कहना है कि हम भी दर्शन करने जाना चाहते हैं, लेकिन इसकी कोई गारंटी नहीं है कि जब एक सप्ताह में दर्शन करके वापस लौटेंगे, तो यहां के हालात सही मिलेंगे। उनका कहना है कि यहां हिंदुओं के घर जलाना और मंदिरों में तोड़फोड़ करना कोई नई बात नहीं है। रमण काली मंदिर बोर्ड के अध्यक्ष उत्पल साहा ने कहा कि, जब प्राण प्रतिष्ठा समारोह चल रहा था, तब मौलानाओं ने यहां शोभायात्रा निकालने से रोक दिया था। यहां लोगों में डर था कि कहीं उनके मंदिर या घर को जला न दिया जाए। साहा का कहना है कि बांग्लादेश में जमात पार्टी हिंदुओं से सबसे ज्यादा नाराज है। उसके लिए हिंदू मंदिरों को तोड़ना आम बात है। साहा कहते हैं कि भारत में इतना बड़ा मंदिर बना है, लेकिन एक बांग्लादेशी हिंदू होने के नाते और एक मंदिर का अध्यक्ष होने के कारण मेरे मन में डर है। यहां रहने वाले लोगों को 1993 में बाबरी विध्वंस के बाद हिंदुओं पर हुए हमले और हिंसा अभी भी याद है। उनका कहना है कि अभी ये हाल है, अगर विपक्षी कट्टरपंथी सरकार में आ गए तो क्या होगा ? स्थानीय निवासी रूहीदास पाल पिछले पंद्रह साल से ढाकेश्वरी और रमण काली मंदिर में काम कर रहे हैं। वे कहते हैं कि राम मंदिर के उद्घाटन के बाद से यहां माहौल सही नहीं है। वे कहते हैं कि मुझे पत्नी और बेटी की सुरक्षा की चिंता है। वे कहते हैं कि मैं मजदूर हूं, अभी हालात ऐसे हैं, कि हम रिश्तेदारों से मिलने के लिए कोलकाता भी नहीं जा सकते हैं।



### कट्टरपंथी की धमकियों के बावजूद सरकार मौन

ढाकेश्वरी मंदिर के महासचिव रामेन मंडल ने बताया कि बांग्लादेश में हिंदुओं की संख्या बहुत कम हैं, जो हमेशा असुरक्षा में रहते हैं। छात्र संगठन कार्यकर्ता मेघ मल्हार बासु ने कहा कि कई कट्टरपंथी धमकी दे रहे हैं कि हम सत्ता में आए तो मंदिरों को तोड़कर वहां मस्जिदें बनाएंगे, लेकिन इस पर सरकार मौन हैं। उन्होंने कहा कि सरकार यहां के हिंदुओं की नहीं सुनती है।

## इमरान के करीबी कुरैशी अयोग्य घोषित, नहीं लड़ सकेंगे चुनाव

इस्लामाबाद, एजेंसी



▸▸ **पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री कुरैशी पांच साल तक नहीं लड़ सकेंगे चुनाव**

पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले विपक्ष दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहा है। जेल में बंद इमरान की पार्टी के नेताओं पर भी नकेल कसी जा रही है। पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने इमरान खान के करीबी सहयोगी शाह महमूद कुरैशी को पांच साल के लिए चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया है।

आयोग के अनुसार, पूर्व विदेश मंत्री कुरैशी को राज्य की जानकारी लीक करने के मामले में 10-10 साल जेल की सजा सुनाई गई थी। जिसके चलते वो चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हैं। 67 वर्षीय कुरैशी की अयोग्यता 8 फरवरी के आम चुनाव से पांच दिन पहले हुई है, जिसमें खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी राज्य की सख्ती के बावजूद और अपने प्रसिद्ध चुनाव चिन्ह बल्ले के बिना चुनाव लड़ रही है। यह घोषणा आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत स्थापित एक विशेष अदालत द्वारा खान के साथ हाई-प्रोफाइल सिफर मामले में कुरैशी को 10 साल कैद की सजा सुनाए जाने के कुछ दिनों बाद आई है।

30 जनवरी 2024 के विशेष अदालत के फैसले का हवाला देते हुए, ईसीपी ने कहा कि संविधान और कानून के अनुसार कोई भी दोषी व्यक्ति चुनाव में भाग नहीं ले सकता है। परिणामस्वरूप, मखदूम शाह महमूद कुरैशी पाकिस्तान के संविधान के अनुच्छेद 63 (1) (एच) के साथ चुनाव अधिनियम 2017 की धारा 232 के साथ अयोग्य हो गए हैं।